दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :42
प्रतापगढ़ | शनिवार ,14 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## कुंभ में एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी- नरेन्द्र मोदी

### प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है।श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं।प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वत~ चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे।

उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।

अयोध्या, वारणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है। भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में एक महत्वपूर्ण पड़ाव श्रृंगवेरपुर भी है। केवट ने अपने प्रभु को सामने पाकर उनके पैर धोए थे। इसमें भगवान और भक्त की मित्रता का संदेश है। श्रृंगवेरपुर धाम का विकास किया जा रहा है। भगवान राम और निषादराज की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को संदेश देती रहेगी।इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुभ की तैयारी में जुटे कर्मचारियों खासकर सफाई कर्मियों के प्रति अग्रिम आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के पुण्य में आप भी भागीदार बनेंगे। जैसे भगवान कृष्ण ने जूठे पत्तल उठाकर यह संदेश दिया था। आप ही हैं जो सुबह सबसे पहले उठते हैं और देर रात तक कार्य करते रहते हैं। वर्ष 2019 में इसलिए मैने आपके (सफाई कर्मियों) पैर धोकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की थी।मोदी ने कहा कि यहां से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ जाती है। आमतौर पर इसकी चर्चा नहीं हो पाती। पूरे कुंभ के दौरान लोग आएंगे। नाविक साथियों, पूजा पाठ कराने वाले, व्यापारियों को आर्थिक रूप से समृद्धि मिलेगी। तमाम माध्यमों से अर्थव्यवस्था में गति आएगी। सामाजिक समरसता के साथ आर्थिक शक्ति भी मिलेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां पर त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने त्रिवेणी के दर्शन किए थे, आज उसी त्रिवेणी स्थल पर दुनिया के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी का आगमन हुआ है। मै प्रयागराज और प्रदेश की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। आज वह हजारों करोड़ की परियोजनाएं लेकर आए हैं। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए खुशी का दिन है।

प्रधानमंत्री मोदी आज अक्षय वट कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, ऋषि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही: प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव एवं पहली बार संसद पहुंची प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है।विपक्ष की ओर से संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिए सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर वर्तमान सरकार पूर्ण बहुमत से आती तो संविधान बदलने का प्रयास जारी रहता।प्रियंका ने अपने पहले भाषण में अपने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का देश के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों और खदानों के राष्ट्रीयकरण का जिक्र किया। साथ ही सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आज महंगाई, बेरोजगारी जैसे विषयों पर संसद में चर्चा नहीं होती है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है।प्रियंका ने उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देश में हर मौका एक व्यक्ति को दिया जा रहा है और 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। ऐसा कर सरकार संविधान में मिले आर्थिक सुरक्षा कवच को तोड़ रही है।प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक न्याय की बात करते हैं लेकिन पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन बन गई है। उन्होंने कहा, 'यहां दाग, वहां स्वच्छता।' संविधान को सर माथे पर लगाने की प्रधानमंत्री बात करते हैं लेकिन देश में संभल और मणिपुर न्याय की गुहार लगा रहा है और उनके माथे पर शिकन भी नहीं है। शायद उन्हें पता नहीं है कि यह संविधान है, संघ का विधान नहीं।उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। देश की एकता को तोड़ा जा रहा है। मीडिया भी सरकार का एजेंडा चला रही है। यह हमें अंग्रेजों के काल की याद दिलाता है। लेकिन हर भय दिखाने वाला स्वयं भय का शिकार हो जाता है। वर्तमान सरकार भी इसी भय का शिकार है। वो चर्चा से डरती है और आलोचना से भागती है।

## मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, देश के लिए मर मिट जाऊंगा- जगदीप धनखड़




### मैं भी मजदूर का बेटा हूं: खरगे

सभापति के वक्तव्य का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। उन्होंने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, ÷आप भाजपा के सांसदों को बोलने का मौका दे रहे हैं जबकि कांग्रेस को नहीं। हम यहां आपकी तारीफ सुनने नहीं आए हैं।कांग्रेस सांसद खरगे ने कहा कि सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी होती है। सभापति विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। जो सभापति मेरा सम्मान नहीं कर रहे, मैं उनका क्या सम्मान कर सकता हूं। आप मेरा अपमान कर रहे हैं।

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई।मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, ÷दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ़ है।उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, ÷मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है।किसान पुत्र होने और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने की बात करते हुए सभापति ने कहा, ÷यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमज़ोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं।राज्यसभा के सभापति ने बार-बार विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि वे दोपहर में उनके कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश होगी। सदन में जो कार्यवाही हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि सदन चलाना राष्ट्र, देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है।


## मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, छानबीन जारी

**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है। इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ÷भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी। उस समय आरबीआई के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था।

## लाल किला मेरा है


### बहादुर शाह जफर की पौत्र वधू ने ठोका दावा

### कोर्ट ने कहा- 150 साल बाद याद आई



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के परपोते की विधवा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते लाल किले पर कब्जा करने की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभू बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने एचसी एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2021 के फैसले के खिलाफ सुल्ताना बेगम की अपील को खारिज कर दिया, यह देखते हुए कि चुनौती ढाई साल से अधिक की देरी के बाद दायर की गई थी, जो माफ नहीं किया जा सका।बेगम ने कहा कि वह अपनी खराब स्वास्थ्य स्थिति और अपनी बेटी के निधन के कारण अपील दायर नहीं कर सकीं। हम उक्त स्पष्टीकरण को अपर्याप्त पाते हैं, यह देखते हुए कि देरी ढाई साल से अधिक की है। याचिका को भी कई दशकों तक अत्यधिक विलंबित होने के कारण खारिज कर दिया गया था। देरी की माफी के लिए आवेदन खारिज कर दिया गया है। नतीजतन, अपील भी खारिज की जाती है। यह सीमा से वर्जित है। 20 दिसंबर, 2021 को एकल न्यायाधीश ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अवैध रूप से लिए गए लाल किले पर कब्ज़ा करने की मांग करने वाली बेगम की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 150 से अधिक वर्षों के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने में अत्यधिक देरी का कोई औचित्य नहीं था।वकील विवेक मोरे के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने परिवार को उनकी संपत्ति से वंचित कर दिया था, जिसके बाद सम्राट को देश से निर्वासित कर दिया गया था और लाल किले का कब्जा जबरदस्ती छीन लिया गया था। इसमें दावा किया गया कि बेगम लाल किले की मालिक थीं क्योंकि उन्हें यह विरासत उनके पूर्वज बहादुर शाह जफर-द्वितीय से मिली थी, जिनकी 11 नवंबर 1862 को 82 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई थी और भारत सरकार संपत्ति पर अवैध कब्जा कर रही थी।

## कांग्रेस ने संविधान निर्माण को हाईजैक करने की कोशिश की: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।इस दौरान राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया, ÷आज कुछ विपक्षी नेता अपनी जेब में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं। दरअसल, उन्होंने बचपन से ही यह सीखा है। उन्होंने अपने परिवारों में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखा हुआ देखा है।÷ उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को जेब में नहीं बल्कि सिर-माथे से लगाकर रखती है।भारतीयों के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कालखंड के बाद बने कई लोकतंत्र और उनके संविधान लंबे समय तक नहीं टिके लेकिन भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी मूल भावना को खोए बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है।उन्होंने संविधान के संरक्षक और व्याख्याकार के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भी स्वीकार किया। आज संविधान की रक्षा की बात हो रही है। यह हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने इसका अपमान किया है।

## दिल्ली के 4 स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस की जांच शुरू

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी रुकने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को एक बार फिर 4 प्रमुख स्कूलों में बम होने की सूचना दी गई है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), सलवान स्कूल, मॉडर्न स्कूल और कैम्ब्रिज स्कूल में ईमेल के जरिए धमकी दी गई है।सूचना के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है। स्कूल परिसर की जांच जारी है।रिपोर्ट के मुताबिक, ईमेल में लिखा है, आपके स्कूल में कई विस्फोटक हैं।

## राज्यसभा में इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के हाल ही में दिए गए विवादित बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। सुप्रीम कोर्ट ने जहां तीन दिन पहले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के विवादित भाषण पर संज्ञान लिया है, वहीं आज राज्यसभा के 55 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है।समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल के नेतृत्व में सांसदों ने न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के बारे में उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर राज्यसभा महासचिव के समक्ष महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रस्ताव पर संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान विचार किए जाने की उम्मीद है।इसमें आरोप लगाया गया है कि न्यायमूर्ति यादव द्वारा दिया गया भाषण प्रथम दृष्टया नफरत फैलाने वाला भाषण है और सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देता है, जो देश के संविधान का उल्लंघन है। प्रस्ताव में आगे दावा किया गया है कि न्यायमूर्ति यादव ने अपनी टिप्पणियों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के खिलाफ पक्षपात और पूर्वाग्रह प्रदर्शित किया है, विशेष रूप से इन समुदायों को निशाना बनाया है।इसके अतिरिक्त यह दावा किया गया है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित राजनीतिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से विचार व्यक्त करके न्यायमूर्ति यादव ने न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन, 1997 का उल्लंघन किया है।महाभियोग प्रस्ताव के माध्यम से सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया है कि वे न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 के अनुसार घृणा फैलाने वाले भाषण, सांप्रदायिक विद्वेष और न्यायिक नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने और आरोप सिद्ध होने पर न्यायमूर्ति यादव को पद से हटाने के लिए उचित कार्यवाही शुरू करने के लिए भारत के राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजें।राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मीडिया से बातचीत में कहा, ÷हमने इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा महासचिव को नोटिस दिया है। उन्होंने 9 दिसंबर को उच्च न्यायालय परिसर में भड़काऊ भाषण दिया था। हमारा मानना है कि न्यायाधीश को उस पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

## सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बचें जज-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीशों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने या फैसलों पर राय व्यक्त करने से बचना चाहिए और कहा कि न्यायिक पेशा साधु जैसी जीवनशैली और अथक समर्पण की मांग करता है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा कि न्यायपालिका दिखावे का मंच नहीं है और कहा कि न्यायिक अधिकारियों को फेसबुक पर नहीं जाना चाहिए। उन्हें निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए क्योंकि कल, यदि निर्णय का हवाला दिया जाता है, तो न्यायाधीश पहले ही किसी न किसी तरह से व्यक्त कर चुके हैं।कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक खुला मंच है.



तुम्हें संन्यासी की तरह रहना होगा और घोड़े की तरह काम करना होगा। न्यायिक अधिकारियों को महत्वपूर्ण बलिदान देना चाहिए और फेसबुक से पूरी तरह बचना चाहिए। बर्खास्त न्यायाधीशों में से एक का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने अदालत की भावनाओं से सहमति जताते हुए कहा कि किसी भी न्यायिक अधिकारी या न्यायाधीश को अपने काम से संबंधित मामलों के लिए फेसबुक का उपयोग नहीं करना चाहिए।यह टिप्पणी तब की गई जब एमिकस क्यूरी, वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल ने पीठ को बर्खास्त न्यायाधीशों में से एक के खिलाफ शिकायतों के बारे में सूचित किया, जिसमें उनके द्वारा की गई एक फेसबुक पोस्ट भी शामिल थी। सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात सहित उसके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर विचार किए बिना प्रदर्शन के आधार पर एक महिला न्यायाधीश को बर्खास्त करने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की आलोचना करते हुए कहा कि काश पुरुषों को मासिक धर्म होता।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की चाल -संजय राउत



**मुंबई ।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' लोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की चाल है और पार्टी अपने ''स्वार्थी'' उद्देश्य के लिए इस विधेयक पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा अपने स्वार्थी उद्देश्य के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जोर दे रही है।उन्होंने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करने की चाल है। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र से संबंधित मुद्दे अलग-अलग होते हैं और लोगों को उसी के अनुसार मतदान करना होता है। राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, आपने अभी तक बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) के चुनाव नहीं कराए हैं। हार के डर से आपने नगर निकाय चुनाव नहीं कराए।

# वैदिक मंत्रों के बीच पीएम मोदी ने किया संगम अभिषेक

## त्रिवेणी संगम में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र अर्पित कर पीएम मोदी ने की महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए। इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पीएम के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निषादराज क्रूज पर सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने पीएम मोदी ने क्रूज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एक बार फिर उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने साधु संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की।

यहां से पीएम सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे। यहां उपस्थित तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने उनसे आचमन भी कराया। पीएम मोदी ने खड़े होकर त्रिवेणी का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। पीएम मोदी, सीएम योगी और राज्यपाल ने अक्षत, चंदन, रोली और पुष्पमाला के साथ ही त्रिवेणी में वस्त्र भी अर्पित किया। इसके बाद पीएम ने संगम आरती भी की। अंत में पीएम मोदी ने विशेष रूप से सजाए गए प्रांगण में फोटोशूट भी कराया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद ऋचाओं में की गई- नरेंद्र मोदी

**प्रयागराज।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में आज विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। पीएम ने कहा कि महाकुंभ एकता का महाकुंभ है जो दुनिया को संदेश देगा।

पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ से सामाजिक मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही लोगों का आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा।

गांवों, कस्बों, शहरों से लोग प्रयागराज की ओर निकल पड़ते हैं। सामूहिकता की ऐसी शक्ति, ऐसा समागम शायद ही कहीं ओर देखने को मिले। यहां आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी- विद्वान, सामान्य मानवी सब एक हो जाते हैं, सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, सम्प्रदायों का टकराव मिट जाता है। करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं।

किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वतः जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है। इसलिए मैं फिर एक बार कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। जिसमें हर तरह के भेदभाव का आहुति दी जाती है। यहां संगम में डुबकी लगाने वाला हर भारतीय एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

प्रधानमंत्री बोले, ये केवल तीन पवित्र नदियों का ही संगम नहीं है। प्रयाग के बारे में कहा गया है- %माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।% अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महाऋषि प्रयाग में आ जाते हैं। ये वो स्थान जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं में की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप ये प्रयाग है। प्रयाग वो है, जहां पग-पग पर पवित्र स्थान हैं, जहां पग-पग पर पुण्य क्षेत्र हैं।

## प्रधानमंत्री ने किया भारद्वाज आश्रम परिसर के नवनिर्मित गलियारे का लोकार्पण



**प्रयागराज।** आज पूर्वाह्न में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के अवसर पर बनाए गए भारद्वाज आश्रम परिसर के नवनिर्मित गलियारे का वर्चुअल लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी ने संगम तट से किया। इस अवसर पर भारद्वाज आश्रम परिसर को फूलों से नववधू की तरह सजाया गया था। स्थानीय पार्षद आनन्द घिल्डियाल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि ÷भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा÷ भारद्वाज आश्रम का ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। यहां प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता सहित महर्षि भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। मुख्यमंत्री योगी ने इसके महत्व को प्रतिपादित करते हुए इसका नव निर्माण कराया और आज आज हम लोगों के लिए विशेष गौरव का विषय है कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने इसका लोकार्पण किया है। परिसर को साफ सुथरा बनाए रखना हमारा पुनीत कर्त्तव्य है।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त नगर निगम जितेंद्र यादव, संयुक्त मजिस्ट्रेट भारती मीना, राधे कृष्ण गोस्वामी, चरणजीत सिंह समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी और भारद्वाज मंदिर के पुजारीगण अन्य सम्मानित लोगों के साथ उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों ने किया पीएम मोदी का स्वागत

**प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयागराज पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों ने बमरौली एयरपोर्ट एवं संगम नोज स्थित जनसभा स्थल पर स्वागत अभिनन्दन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रांत दिलीप पटेल, महेश चंद्र श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महामंत्री देवेश सिंह, प्रमोद मोदी, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, विनोद प्रजापति, राजेश पटेल तो वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं संगठन महामंत्री धर्मपाल का महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केसरवानी, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आनंद दुबे, राजेश गोंड, मनोज कुशवाहा, संजय सिंह आदि ने स्वागत अभिनन्दन किया।

# 40 प्रतिशत घटी गंगा कावेरी की पैदावार, किसानों में निराशा

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** धान का कटोरा कहे जाने वाला विगत एक दशक से कोरांव तहसील क्षेत्र के लापर इलाके में बेहतर पैदावार देने वाली धान गंगा कावेरी प्रजाति का उत्पादन इस बार 40 प्रतिशत से कम हो गया है। इस वजह से किसानों में निराश दिख रही है।



लापर क्षेत्र के चार दर्जन से अधिक गांवों में खरीफ के मौसम में 90 प्रतिशत से ज्यादा खेतों में बोई जाने वाली गंगा कावेरी धान की फसल की पैदावार में इस बार प्रति बीघा पांच से सात कुंतल कमी आ गई है । कावेरी प्रजाति की खेती की शुरुआत से ही इसकी पैदावार प्रति बीघा 16 से 20 कुंटल होती जाती रही है । यही कारण रहा कि कोरांव तहसील के लापर क्षेत्र में चार दर्जन से अधिक गांव के अलावा लेड़ियारी , कैथवल , बहरैचा , गोबरा , पथरपुर , चैलारी , किहुनी खुर्द, किहुनी कला , गड़री व लापर क्षेत्र के किसानों द्वारा भी इसकी खेती बहुतायत मात्रा में उन खेतों में की गई है । जहां पानी की उपलब्धता रही है । यही हाल तब है जबकि किसानों द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस बार भी उतनी ही महंगे लागत पर खाद , बीज सहित अन्य तैयारी के साथ खेती की थी । गोबरा गांव के आशुतोष कुमार द्विवेदी , बहरैचा विजय कुमार भुतिया , कैथवल विनोद कुमार दुबे , सुशील सिंह , शंकर दयाल तिवारी , राजेन्द्र प्रसाद केशरी, शांति प्रसाद सिंह, शिव मोहन द्विवेदी लेड़ियारी सुनील कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार केशरी, बबलू शुक्ला, रवि सिंह, राम अभिलाष पूर्व कानूनगो, संजय केशरी, विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष बेमौसम बरसात व कीट पतंगों के हमले के कारण पैदावार में प्रति बीघा पांच कुंतल तक कमी आई है । इससे किसानों में महंगी लागत व कम उत्पादन के कारण निराशा देखी जा रही है।सहायक विकास अधिकारी कृषि सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव , कृषि विभाग के विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि कीट पतंगों के व मौसम की अनुकूलता न होने कारण ऐसा हुआ है ।

## बीजेपी के नये मंडल अध्यक्ष का चुनाव कल

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़(प्रयागराज)।** बीजेपी होलागढ़ के मंडल अध्यक्ष का चुनाव 15 दिसंबर को हो सकता है। इसके लिए पार्टी ने दिशा निर्देश दे दिया है। चयन हेतु तीन विशिष्ट लोगों का एक पैनल भी बनाया है। बताया गया कि मंडल अध्यक्ष बाहरी और दागी नहीं बनेगा। उम्र 25 से 45 वर्ष निर्धारित है। पूर्व मे पदाधिकारी रहना चाहिए। दूसरे दल से आये लोगों को चयन से बाहर रखना होगा। सूत्रो कीआनें तो होलागढ़ में कुल पांच लोग दावेदारी करने के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इसमें प्रमुख रूप से राधा कांत शुक्ल, गुरुओम मिश्र, शिव शकर मिश्र, धीरज कुमार मिश्र और डाक्टर बृजेश कुमार सिंह है। हालाँकि बीजेपी मंडल अध्यक्ष का चुनाव आम सहमति से होने का आसार है।

# बेतरतीब खड़े वाहनों से लेड़ियारी बाजार में लग रहा जाम



लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)** कस्बे में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से राहगीरों को जाम की समस्या से जुझना पड़ रहा है । वहीं व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है । कस्बे के लोगों ने संबधित विभाग के अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है ।

लेड़ियारी बाजार गल्ला मंडी के रूप में मशहूर हैं । कस्बे के बाजार सैकड़ों सब्जी व अन्य गांव से भी दुकानदार आते हैं । इसके अलावा मेडिकल स्टोर, किराना के साथ कई प्रतिष्ठान है । लेकिन 15 फीट की रोड़ पर 8 से 10 फीट बेतरतीब वाहन खड़ी करने वाले जगह घेर लेते है । जिसके चलते बाजारों में पिछले कई सालों से जाम के झाम से जूझ रहा है । लोग दुकानों के अंदर चले जाते हैं । और इत्मीनान से सामान खरीदने में व्यस्त रहते है । जबकि बाहर एंबुलेंस समेत कई गाड़ियां हार्न देते हुए फंसी होती हैं । जिनको पास कराने के लिए कोई इंतजाम नहीं होता है । मामले में कई बार अन्य प्रतिष्ठानों ने व्यापारियों ने एसडीएम समेत आला अधिकारियों से जाम से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई थी । लेकिन इसके बावजूद आज भी लेड़ियारी बाजार से परेशान है । सबसे ज्यादा मुसीबत गंभीर रूप से घायल उन मरीजों की होती हैं । जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत उठानी पड़ती है ।

# अभिभावक संघ की चुनाव संपन्न: अध्यक्ष रानी देवी, उपाध्यक्ष श्याम लाल चुनें गए



लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** संविलयन विद्यालय तेंदुआ खुर्द शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान इन्द्र कुमार सिंह ने की ।

उन्होंने कहा कि शासनादेश अनुसार जिनके इस विद्यालय में छात्र - छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्ही अभिभावकों चैयनित होंगे । जिस पर टीम गठित कर ग्राम प्रधान व नोडल अधिकारी तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापिका के समक्ष चुनाव आयोजित किया गया।

ग्राम प्रधान ने कहा कि जिन अभिभावक के बच्चें साठ प्रतिशत से कम विद्यालय में उपस्थित हैं पहुंचने अभिभावकों को कोई पद नहीं रहेगा। सूचना के क्रम में उपस्थित होकर विधि पूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया । हस्ताक्षर कराया जा रहा था । जिसमें अभिभावकों का हस्ताक्षर एवं एवं नवनिर्वाचित समिति के गठित अध्यक्ष एवं सदस्यों का हस्ताक्षर पूर्ण हुआ। हल्का लेखपाल व प्रधानाध्यापिका का हस्ताक्षर होने जा रहा था ।तभी कुछ दबंगों ने विद्यालय परिसर में आकर दबंगई करते हुए नोडल अधिकारी बृजभान और ग्राम प्रधान तथा महिलाओं से अभद्रता शुरू कर दी। हस्ताक्षर के दौरान सरकारी अभिलेखों को फ़ाड़ दिए गए। समिति के नोडल अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी गई। नोडल ग्राम विकास अधिकारी ने बताया गया कि हस्ताक्षर पूर्ण करके करवाई एबीएसए के यहां रिपोर्ट देना है। जिससे रजिस्टर जमा करना है। प्रधानाध्यापिका संगीता देवी को भी दबंगों द्वारा मोबाइल फोन पर धमकी दिया गया कि अगर हस्ताक्षर करोगी तो विद्यालय में नहीं आने देंगे। इस दौरान विद्यालय के सदस्य ननकाई देवी, ज्योंति वर्मा, हल्का लेखपाल बृजभान, अनामिका देवी, रेखा देवी, शीला देवी, रामरति देवी, फोटो देवी, अरविंद नाथ मिश्र, लक्ष्मी कांत मिश्र, धीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# गुरू ही ब्रह्मा, विष्णु और शंकर हैं- शंकराचार्य वासुदेवानंद

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** ''गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु, गुरुर्देव महेश्वरः। गुरुःसाक्षात् परमब्रह्म, तस्मै श्रीगुरुवे नमः।। अर्थात गुरू ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर (शंकर भगवान) हैं, और गुरू ही साक्षात परम् ब्रह्म हैं। गुरू के बिना ज्ञान नहीं होता।

माता-पिता भी व्यक्ति के प्रथम गुरू होते हैं जो संस्कार एवं जीवनशैली का ज्ञान कराते हैं। बाद में शिक्षक (गुरू) ही उसका विस्तार करते हैं। मैं भी इसी सूत्र के आधार पर श्रीमद्ज्योतिष्पीठ के पूर्व शंकराचार्यों की स्मृति, संस्मरण और सम्मान में यह नव दिवसीय आराधना महोत्सव का कार्यक्रम करता हूँ। श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरुशंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने आज भगवान आदिशंकराचार्य मंदिर, श्रीब्रह्मनिवास-अलोपीबाग प्रयागराज में आज आयोजित नौ दिवसीय आराधना महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा में उक्त बातें बताया। मध्य प्रदेश से पधारे पूज्य



व्यास आचार्य पं0 ओमनारायण तिवारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रीमद्भागवत कथानुरागी भक्तों को सरल भाषा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से मानवीय कृत्य गुरू महत्व एवं महाभारतकालीन युद्धनीतियों की विविध प्रकार से विवेचना किया।

श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पश्चात आरती की गई। इसके पश्चात भगवान मैदानेश्वर बाबा का भव्य रूद्राभिषेक पूजा श्रीशंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी द्वारा किया गया जिसमें 31 वेदपाठी विप्रों ने पूजा-आरती सम्पन्न कराया।श्रीमद्ज्योतिष्पीठ प्रवक्ता ओंकारनाथ त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 दिसम्बर तक प्रतिदिन की भाँति चलता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दण्डी संन्यासी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज, दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, दण्डी संन्यासी ब्रह्मपुरी जी, ज्योतिष्पीठ संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पं0 शिवार्चन उपाध्याय, आचार्य पं0 अभिषेक मिश्रा, आचार्य पं0 विपिनदेवानंदजी, आचार्य पं0 मनीष मिश्रा, सीताराम शर्मा, अनुराग, दीप कुमार पाण्डेय आदि विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

# 5जी टावर लगाने के नाम पर शुरू हुआ ठगी का खेल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** बीएसएनएल के 4जी और 5जी टावर लगवाने के नाम पर ठग लोगों को कॉल कर झांसे में लेने का प्रयास कर रहे है। मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर जालसाज 31 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क मांग लोगों से करते है। बीएसएनएल प्रयागराज महाप्रबंधक कार्यालय में हर माह करीब 15 से 20 शिकायतें पहुंच रही है।

बीएसएनएल अफसरों के मुताबिक अभी कोई नए टावरों को स्थापित नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जो टावर लगने प्रस्तावित थे उसी पर काम किया जा रहा है।

वहीं, अभी जिले में जितने टावर मौजूद है उन्हीं को अपग्रेड किया जा रहा है। वहीं, बीएसएनएल की ओर से 237 टावरों से 4 जी सेवा शुरू भी कर दी गई है।

इधर टावर लगाने के नाम पर ठग अल्लापुर निवासी अंकित मयूर को बीएसएनएल की तरफ से टावर लगाने के लिए कॉल की। कॉल

**➪प्रतिमाह दो दर्जन से अधिक शिकायतें पहुंच रही बीएसएनएल कार्यालय**

करने वाले ने बताया कि आप अपने छत पर बीएसएनएल का टावर लगवाकर हर माह 30 से 40 हजार रुपये की आय प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आप को पंजीकरण के तौर पर 31 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क अदा करना होगा। इसपर अंकित मयूर ने ठगों की बात समझते देर न लगी और नंबर का ब्लॉक कर दिया।

प्रयागराज बीएसएनएल महाप्रबंधक कार्यालय के जन संपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताय कि बीएसएनएल की ओर से टावर लगाने को लेकर कोई भी कॉल नहीं की जा रही है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं अभी जितने टावर मौजूद है उन्हीं को अपग्रेड किया जा रहा है।

# चांटी में दबंगों ने उखाड़ फेंका खड़ंजा



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विकास खंड होलागढ़ की ग्राम पंचायत सराय मदन सिंह उर्फ चाटी में ग्राम प्रधान द्वारा बिछाये गये खड़ंजे को गांव के कतिपय दबंगों ने उखाड़ फेंका। जानकारी मिलने पर प्रधान ज्ञान देवी ने थानाध्यक्ष होलागढ़ से पूर्व प्रधान सूरज पाल पटेल, जय प्रकाश पटेल, लालजी पटेल, सूरज हरिजन, पवन हरिजन, सोनू और साहिल के खिलाफ लिखित शिकायत की है। प्रधान प्रतिनिधि हर्ष मणि शुक्ल ने बताया की धूसुरपुर भीटा में लगभग 36 मीटर खड़ंजा दलित बस्ती में आने जाने के लिए बिछाया गया था।

# स्वावलंबन की राह दिखा रही खोंचा की समराजी देवी

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** खोंचा गांव की समराजी देवी महिलाओं को किसानी से जोड़कर उनकी बनाने का काम कर रही है । कृषक उत्पादन संगठन से जोड़कर उन्हें खेती करने के लिए जागरुक कर रही है। अब तक कई महिलाओं को वह इसके लिए प्रेरित कर चुकी हैं। जिसका महिलाएं लाभ उठा रही है।

लगभग पांच साल से समराजी देवी खोंचा , किंहुनी , धोबहट, चैलारी , लालतारा, खीरी , कैथवल , देईबाध, बहरैचा, लेड़ियारी गांवों की महिला किसानों को प्रेरित करने का काम शुरू किया। धीरे - धीरे महिलाएं उनसे जुड़ने लगी। अब तक




उनके साथ में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की लगभग तीन सौ महिला किसान जुड़ चुकी है। महिलाएं किसानों को खेती की नई तकनीकी उन्नतशील बीजों की प्रजाति की गांव में जाकर जानकारी दे रही है। साथ वह खुद भी खेती किसानी कर रही है। सरसों, तिल, मूग, उरदी, अलसी और पेटुआं फसलों के अलावा सब्जियों की खेती फूल , बागवानी के बारे में जोर दिया जा रहा है। खोंचा की समराजी देवी, फूल कुमारी, निशा देवी , अनीता देवी, सुधा देवी, सोनी देवी का कहना है कि उन्हें खेती में पहले की तुलना में अब ज्यादा लाभ मिलने लगा है।

# न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल की एकल चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सुविख्यात कलाकार न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल की एकल चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया भवंस मेहता विद्या आश्रम भरवारी कौशांबी द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शिशिरोत्सव में करेंगे।

इस एकल कला प्रदर्शनी के संयोजक नारायण आर्ट अकादमी के निदेशक रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि अकादमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल वाश शैली के मूर्धन्य कलाकार हैं तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मशहूर



कलाकार कलाऋषि क्षितिन्द्र नाथ मजूमदार के परम शिष्य रहे हैं। जिनकी वाश शैली की 12 कलाकृतियां एवं और पांच तैल पेटिंग जो भारतीय आध्यात्मिकता को अपने अंदर समेटे बहुत ही भावपूर्ण अनुपम कलाकृतियां है भवंस मेहता कॉलेज के हाल में दर्शकों के रसास्वादन लिए 7 दिन प्रदर्शित रहेंगी। इस भव्य शिशिरोत्सव कार्यक्रम के संयोजक संदीप सक्सेना अतिथियों का स्वागत करेंगे व धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉ प्रशांत अग्रवाल करेंगे।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरा मंझनपुर, जिला अस्पताल, बस डिपो मंझनपुर एवं रैन बसेरा करारी का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

▶▶ सभी सार्वजनिक स्थलों पर ठण्ड से बचाव के लिए अलाव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखी जाय-डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने ठण्ड के दृष्टिगत कल रात्रि रैन बसेरा मंझनपुर, जिला अस्पताल, बस डिपो मंझनपुर एवं रैन बसेरा करारी का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। रैन बसेरा मंझनपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नें साफ-सफाई, फर्नीचर एवं विस्तर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। वहॉ पर आगन्तुकों के लिए कमरे, बेड, बिस्तर एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध थी। आगन्तुकों की देख-रेख के लिए स्टॉफ भी मौजूद था। रैन बसेरे में कुल 70 व्यक्ति मौजूद थे, जिनका नाम एवं मोबाइल नम्बर रजिस्टर में दर्ज था। बस डिपो मंझनपुर के निरीक्षण के दौरान रात्रि में वहॉ पर कोई भी यात्री मौजूद नहीं था। अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित पायी गई। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सक व अन्य स्टॉफ उपस्थिति रजिस्टर, डिलेवरी रजिस्टर को देखा। उन्हांने दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों से बात-चीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ जिम्मेदारीपूर्वक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हुए मरीजों का उचित उपचार करें, जिससे किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

रैन बसेरा करारी के निरीक्षण के दौरान वहॉ पर कमरे, विस्तर, कम्बल, बेड एवं साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित पायी गई। अलाव जलता हुआ पाया गया। वहॉ पर कुल 04 आगन्तुक थे, जिनका नाम एवं मोबाइल नम्बर रजिस्टर में दर्ज था। जिलाधिकारी ने ठण्ड को देखते हुए चौराहों एवं सभी सार्वजनिक स्थलों पर ठण्ड से बचाव के लिए अलाव जलाने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में गरीब, असहाय एवं मजबूर लोगों को रूकने के लिए गद्दे,

कम्बल एवं स्वच्छ पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखी जाय, जिससे वहा पर आने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर अलाव के लिए लकड़ी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।

## न्यायालय के आदेश के बाद नही हटा ग्राम सभा की भूमि से कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के गरई गांव में ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए न्यायालय के आदेश के बाद भी कार्यवाही नही हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को पत्र भेजकर तहसील प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि सिराथू तहसील के गरई गांव में राजस्व अभिलेख में ग्राम सभा के ऊसर के नाम पर दर्ज भूमि पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर रखा है । साल भर पहले कब्जा हटाने के लिए धीरेंद्र पुत्र सुरेश यादव ने सिविल कोर्ट में वाद दाखिल किया था जिस पर सुनवाई करते हुए छह माह पहले न्यायालय ने भूमि खाली करने का आदेश दिया था। लेकिन अब तक कब्जा नहीं हटाया गया। मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम अजेंद्र सिंह को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# श्री मान सिंह इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

**अषाढा, कौशाम्बी।** श्रीमान सिंह इंटर कॉलेज अलीपुर जीता कड़ा कौशांबी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशांबी के तत्वावधान में स्काउट धगाइड प्रथम सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल बहादुर मिश्र रहें। मुख्यअतिथि कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया साथ ही साथ खुले वातावरण बिना बर्तन के स्काउट और गाइड द्वारा बनाए गए भोजन चखा स्काउट और गाइड का साहस और लगन देखकर मुख्य अतिथि ने बहुत सराहना किया साथ ही साथ मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है साथ ही साथ बताया



कि किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और किसी भी प्रकार के आपदाओं में स्काउट गाइड सेवा और सहयोग के भावना से हमेशा तैयार रहते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा की स्काउट गाइड संगठन में आप सभी बच्चों का अन्य छात्रों से विशिष्ट स्थान है इस संगठन में समाज सेवा एवं जीवन उपयोगी ज्ञानवर्धक सामग्री प्राप्त होती हैऔर कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते हैं इस कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह, सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट , झंडा गीत,

प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। अंत में ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह शारीरिक शिक्षक मास्टर स्काउट मास्टर नेहा मिश्रा गाइड कैप्टन आदि शिक्षक गण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने किया।

## जिलाधिकारी ने स्वयं बैनामा विलेखों का स्थलीय निरीक्षण कर किया सत्यापन



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज जनपद के विभिन्न उपनिबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत होने वाले विक्रय विलेखों में सबसे बडे मूल्य के विक्रय विलेख में से तीन विक्रय विलेखों का सत्यापन सहायक महानिरीक्षक निबन्धन के साथ किया गया। जिसमें से विलेख संख्या-5992/2024 पंजीकृत 10 अक्टूबर, 2024 विक्रीत गाटा संख्या-927 व 928 में से विक्रीत रक्बा 93 वर्गमीटर व्यवसायिक भवन स्थित सम्पत्ति मौजा-कोरों (नगरीय), परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी में वर्णित सम्पत्ति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। व्यवसायिक भवन का मूल्यांकन सही न पाये जाने के कारण सर्किल दर सूची के अनुसार विभागीय अधिकारियों से गणना कराने पर विलेख में स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन शुल्क के रूप में रू0-86250 का प्रथम दृष्ट्या राजस्व कमी पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्टाम्प अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों के अधीन स्टाम्पवाद दर्ज कर कमी स्टाम्प शुल्क वसूली के लिए कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए सहायक आयुक्त स्टाम्प को दियें।

# मंझनपुर में आयोजित हो रहें दुबई थीम कार्निवल बना आकर्षण का केन्द्र

▶▶ दूर दराज से लोग आकर उठा रहें बुर्ज खलीफा, एफिल टावर व लंदनब्रिज का लुत्फ





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर चौराहे के ओसा मार्ग में पहली बार आयोजित हो रहें दुबई थीम कार्निवल जो 10 दिसम्बर से शुरू होकर अगले 40 दिनों तक चलेगा। कार्निवल दोपहर 3 बजे से लेकर रात को 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह दुबई थीम कार्निवल लोगो के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जहां मंझनपुर समेत जनपद के दूर दराज से लोग आकर कार्निवल में बुर्ज खलीफा, एफिल टावर, लंदनब्रिज विदेशी झूले लुत्फ उठा रहें है। मेले के आयोजक कपिल कुमार ने बताया कि दुबई थीम कार्निवल में लोगो को झूले के साथ साथ लजीज व्यंजन भी उपलब्ध कराए जा रहें है। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध दुबई का बुर्ज खलीफा मॉडल लोगों के लिए सेल्फी पाइंट के नाम से मशूहर हो चुका है। लोग खासतौर पर बुर्ज खलीफा के साथ फोटो खिंचवाने के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं। यहां खरीददारी के लिए सैकड़ों उत्पाद, बच्चों के झूले, फूड काउंटरों सहित मनोरंजन के कई विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह जनपद में पहला कार्यक्रम है लोग आए और इसका लुत्फ उठाए।

### ▶▶ वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 183 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## दबंगई की हदें पार, भट्ठा मुंशी ने पीड़ित परिवार को बंधक बनाकर बेरहमी से की पिटाई



**कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के कायमपुर पोस्ट मोहिउद्दीनपुर में एक गरीब व भूमिहीन परिवार के साथ अमानवीय घटना सामने आई है। पीड़ित महिला संगीता पत्नी रमेश चंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि उनका परिवार मजदूरी करके गुजारा करता है। बहु संगीता ने बताया कि उनका पति रमेश चंद्र भट्ठा में ईंट पथाई का काम करता है। नवंबर महीने से भट्ठे पर काम शुरू करना था, लेकिन उनके 8 वर्षीय बेटे की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए दिल्ली ले जाना पड़ा। इस दौरान घर पर उनके ससुर राम आसरे मौजूद थे। 15 नवंबर को भट्ठा मुंशी उनके घर पहुंचे। ससुर राम आसरे, बेटे और बहू के बारे में पूछताछ करते हुए गाली-गलौज की और जबरन बाइक पर बिठाकर भट्ठे ले गए। वहां उन्हें चार दिनों तक एक अंधेरे कमरे में बंद रखा गया और अत्यधिक प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके ससुर को जान से मारने की धमकी दी गई और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। भट्ठा मुंशी ने लात-घूंसों से पिटाई की और धारदार हथियार से हमला किया। इस हमले में राम आसरे के पैरों में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें सराय अकील के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# बीआरसी नेवादा मे दिव्यांग बच्चों हेतु उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

▶▶ जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिव्यांगजनों को वितरित किया उपकरण





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** बीआरसी नेवादा मे दिव्यांग बच्चों हेतु उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मराज मौर्य जिला अध्यक्ष भाजपा कौशाम्बी, विशिष्ट अतिथि कल्पना सोनकर जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वितरण कैंप में अस्थि दिव्यांग बच्चों हेतु 20 ट्राई साइकिल, सेरेब्रल पाल्सी बच्चों हेतु 23 व्हील चेयर, एवं 02 सी पी चेयर, 03 रोलेटर, नेत्रहीन बच्चों के लिए 06 ब्रेलकिट, श्रवण बाधित बच्चों हेतु 32श्रवण यंत्र, मानसिक मंदित बच्चों के लिए 02 एम आर किट,07 बैसाखी और 13 कैलीपर वितरित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा ब्रजेश सिंह, प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा धर्मनाथ, व ब्लॉक अध्यक्ष नेवादा विनोद सिंह तथा एलिम्को टीम कानपुर के विशेषज्ञों के साथ-साथ समस्त स्पेशल एजुकेटर एवं फिजियोथैरेपिस्ट,

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह गुरु, कमलेश कुशवाहा, मण्डल महामंत्री रामबाबू व बीआरसी के तमाम कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर दुकानकारों से की वार्ता



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर अन्तर्गत भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य मार्गो, चौराहों में पैदल गस्त की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी।

## सभासदों ने अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ खोला मोर्चा, डीएम से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के सभासदों ने ईओ और अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को डीएम से विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत चरवा के सभासद राहुल कुमार, मोनू कुमार, सोनेलाल, कल्लन सिंह, नवीन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार और बृजलाल के मुताबिक अधिशाषी अधिकारी ने अध्यक्ष की अनुमति से 29 नवंबर को बैठक बुलाई थी। आरोप है कि पहली बोर्ड बैठक में दिये गए प्रस्तावों के विकास कार्य प्रगति रिपोर्ट मांगने पर ईओ सभासदों से अभद्रता करते हुए देने इनकार कर दिया। इससे नाराज सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। उन्होंने नगर में बगैर फागिंग कराए ही धनराशि निकाल लिया है। अंत्येष्ठी स्थल, गोशाला निर्माण, नाला निर्माण, एमआरएफसेंटर, तालाब सौंद्रीयकरण घटिया सामग्री प्रयोग कर बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। घटिया स्ट्रीट लाइट समेत गुणवत्ताविहीन कार्य के लिए अपने चहेते ठेकेदार को टेंडर देकर मोटा कमीशन लिया गया है। फर्जी प्रस्ताव में हस्ताक्षर करवाने के लिए सभासदों के घर पर जाकर परेशान किया जा रहा है। विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। सभासदों ने विकास कार्यो की जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की है।

## महिला को मोबाइल पर मिली अपहरण की धमकी, केस दर्ज

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के सनई गांव की एक महिला को अज्ञात नंबर से अपहरण करने की धमकी मिल रही है। इतना ही नहीं आरोपी महिला से अश्लील बातें भी कर रहा है। महिला ने यह बातें अपनी पति को बताई। पति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।सनई गांव के मो0 हसन पुत्र सूबेदार ने बताया कि चार दिन पूर्व 10 दिसंबर की सुबह उसकी पत्नी के मोबाइल पर अनजान नंबर से अज्ञात युवक का फोन आया। फोन करने वाला युवक अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी महिला को घर से उठाने की धमकी दिया। यह बात जब महिला ने अपने पति से बताई तो उन्हें भी आरोपी ने गाली गलौच किया। दूसरे दिन 12 दिसंबर को भी आरोपी ने फोन कर अश्लील बातें शुरू की। विरोध पर घर से उठा ले जाने और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद डरे सहमे पीड़ित दंपति पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत के बाद शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बीडीओ ने आंगनबाड़ी को वितरण किया ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों के साथ-साथ धात्री और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विकास खंड सिराथू के ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रोथ मानिटरिग डिवाइसेज का वितरण किया गया।

विकास खंड सिराथू के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ला ने ब्लॉक क्षेत्र के लगभग दो सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्तीयो को चाइल्ड ग्रोथ मानीटरिग डिवाइस सिस्टम का वितरण किया । इस दौरान खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ला ने बताया कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों में 0-1.5 वर्ष तक के बच्चों की लंबाई सहित स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रों पर ही होगा। इसके अनुसार ही शिशु को पोषाहार की मात्रा घटाई-बढ़ाई जाएगी। शिशुओं की लंबाई मापने के लिए पालने में लेटते ही बच्चे की लंबाई और वजन का पता चलेगा। ग्रोथ मानिटरिग सिस्टम में स्टेडियोमीटर, इंफेंटोमीटर, इंफेंट वेईंग स्केल और मदर कम चाइल्ट वेइंग स्केल से आंगनबाड़ी लैस होंगी। इस दौरान एडीओ पंचायत विश्व बंधु , छेददी देवी सहित आंगनबाड़ी व ब्लॉक कर्मी मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस टीम द्वारा महगांव व मूरतगंज बाजार मे भ्रमण कर, थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चौपाल लगाकर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा काशीराम कॉलोनी सिविल लाइन क्षेत्र मे भ्रमण कर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के हल्का न01 मे जाकर , थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे व बाजार मे भ्रमणशील रहकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय कमासिन, थाना



सरायअकिल पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम अफजलपुरबारी मे, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम आरी सुमेरपुर मे भ्रमणशील रहते हुए चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे-1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स में ली परेड़ की सलामी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गयी तथा शस्त्राभ्यास कराया गया। गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का टोलीवार निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड में गार्द की सलामी ली गयी एवं गार्द का निरीक्षण किया गया तथा परिवहन शाखा, शस्त्रागार, पुलिस कैंटीन, जिम, आटा चक्की, बैरिकों, डायल 112, डीसीआर, यातायात कार्यालय, मेंस, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय तथा पुलिस लाइन्स परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

संक्षिप्त खबरें

## बीट आरक्षियों के सतर्कता से 02 गैंगस्टर गिरफ्तार

**रानीगंज,लीलापुर,प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर के मुख्य आरक्षी प्रेमपाल सिंह व थाना रानीगंज के मुख्य आरक्षी गंगा सागर ने गैंगस्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गैंगेस्टर परवेज पर लूट, हत्या का प्रयास, विस्फोटक पदार्थ अधि0, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर, चोरी जैसे- 16 अभियोग जनपद सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, बाराबंकी में दर्ज हैं ।गैंगेस्टर फरमान पर अपहरण, दुष्कर्म, गैंगेस्टर, आर्म्स एक्ट, लूट, रंगदारी जैसे- 06 अभियोग दर्ज थाना रानीगंज व कोतवाली नगर प्रतापगढ़ में दर्ज हैं ।जनपद में अपराध नियंत्रणध् संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है।इसी क्रम में थाना लीलापुर के बहादुर मुख्य आरक्षी प्रेमपाल व थाना रानीगंज के मुख्य आरक्षी गंगासागर के सहयोग से दिनांक 12- 12- 2024 को थाना रानीगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 408ध्24 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में 02 वांछित अभियुक्तों 1- फरमान पुत्र मैनुद्दीन नि0ग्राम भैसोना था रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, 2- परवेज अहमद पुत्र मोहम्मद उस्मान नि0ग्राम शकूहाबाद थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत बभनमई तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## धर में धुस कर पीटने वाला वांछित गिरफ्तार

**अन्तू,प्रतापगढ़।** मारपीट व गाली गलौजध्धमकी देने के अभियोग में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी में थाना अन्तू पुलिस की बड़ी कार्यवाही।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के कुशल मार्गदर्शन से दिनांक 13.12.2024 को थाना अन्तू केउ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह उ0नि0 प्रदीप कुमार, का0 विक्रम कुमार द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 638 ध् 24 धारा 115 (2),352,333,109,351 ( 3 ) बीएनएस में वांछित 01 नफर अभियुक्त 1- सालिक राम गुप्ता पुत्र गनेशदीन गुप्ता निवासी सेतापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि जिस कुल्हाड़ी से अपने भाई को मारा था वह बाँस के कोट में छिपाया हूँ । इस परअभियुक्त के निशानदेही पर घर के पास बांस के कोट सेघटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी बरामद किया गया ।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम




**दिलीपपुर-प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कर्माजीतपुर निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय उर्फ आलू (42) पुत्र स्व.भैरो प्रसाद पाण्डेय देर शाम गॉव के समीप ही सडक के किनारे पैदल जा रहा था। तभी दूसरी तरफसे तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे ओम प्रकाश उर्फ आलू जमीन पर गिर पड़ा और उसके सिर में गम्भीर चोटें आ गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और फौरन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर गए।ईलाज के दौरान रात्रि लगभग नौ बजे आलू पाण्डेय की साँसे थम गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।ओम प्रकाश उर्फ आलू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बीच वाले भाई शीतला प्रसाद की करीब दो वर्ष पूर्व हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। आलू घर पर ही रहकर खेती-बारी का काम देखता था।उसके एक तेरह वर्ष की बेटी है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी रामसुचित पुत्र भगवानदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था। इसी बीच परिवार के सुखराम, श्रीकान्त व विकास वहां आ धमके। आरोपीगण पीड़ित को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दिया। जान बचाने को पीड़ित घर में भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर भी उसे तथा महिलाओं व परिवार के अन्य लोगों को मारापीटा। आरोपियो ने घरेलू सामानो मे तोडफोड करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। गंभीर चोट लगने से उसके परिवार के ओमप्रकाश बेहोश हो गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में लालगंज क्षेत्र में चौदह हजार से अधिक नौनिहालों को पिलायी गयी खुराक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत लालगंज क्षेत्र में चौदह हजार तीन सौ उन्यासी नौनिहालो को जिंदगी की खुराक दी गयी। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता की अगुवाई में पिछले सोमवार से डोर टू डोर संचालित हुए पांच दिवसीय अभियान में पचास टीमो के द्वारा घर घर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक से संतृप्त किया गया। वहीं अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने पोलियो की घातकता को लेकर ग्रामीणों को जागरूक भी किया। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि दिव्यांगता से बचने के लिए प्रत्येक नौनिहाल को पोलियो की खुराक संजीवनी है। उन्होने लोगों के द्वारा इस अभियान मे मिले सहयोग को लेकर आभार भी जताया। बीपीएम बृजेश पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को डोर टू डोर अभियान के समापन पर टीम मे शामिल स्वास्थ्यकर्मियों के सफल प्रयास को सराहा गया। इस मौके पर डा. इलियास, डा. सुधाकर, डा. अशोक, देवकुमार दुबे, अरविन्द शुक्ल, मान सिंह आदि रहे।

## अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना करने का केस दर्ज किया है। रायबरेली जिले के बैरीहार थाना जगतपुर गांव निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व. मोहनलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस नवंबर की शाम पांच बजे उसका भाई अजय कुमार अपनी बाइक से गांव की ही सीमा देवी पत्नी स्वर्गीय चंदन को साथ लेकर रिश्तेदारी जा रहा था। लालगंज कोतवाली के रायपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अजय व सीमा गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों का अस्पताल मे इलाज चल रहा है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**बिहार,प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन से थाना बाघराय के उ0नि0(न्ज)गौरव प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा अन्तर्गत धारा 137(2), 64(1), 351(3) बीएनएसव 3ध्4 पाक्सो एक्ट01 नफर अभियुक्त साहिल उर्फ मुस्लिम पुत्र मो0 जहीर उर्फ गुड्डू निवासी बारो जुलाहटी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ को मण्डल भासो के पास सेगिरफ्तार किया गया ।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे उपनेता प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में एक बजे रानीगंज कैथौला स्थित सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे। इसके पहले राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी अगई खास में पूर्व उपकुलपति स्व. प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष के निधन पर संवेदना प्रकट करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उप निर्वाचन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें-सीडीओ



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन के मतदान को दिनांक 17 दिसंबर 2024 को जनपद में पवित्रता, शांतिपूर्ण, सुचिता पूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के कुशल निर्देशन में विकास भवन सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का अंतिम प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें सुपर मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ डॉ मो अनीस एवं एआरपी धर्मेंद्र कुमार ओझा और नसीमुद्दीन द्वारा निर्वाचन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया के बारे मे बारीकी से तथा उनके कार्य और दायित्व के बारे मे विस्तार पूर्वक पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तथा मत पेटिका को खोलने एवं सीलिंग की प्रक्रिया में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 दिव्या मिश्रा ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, संदिग्धता, संलिप्तता की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी इसके लिए अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगें। निर्वाचन के लिए 520 कार्मिक, 3 जोन एवं 6 सेक्टर निर्धारित है , 110 मतदेय स्थल पर निर्वाचन होना है। इस प्रशिक्षण को आप पूरे मनोयोग से प्राप्त करें, निर्वाचन संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया जान ले एवं अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर से जरूर प्राप्त कर ले और उनसे उनका मोबाइल नंबर प्राप्त कर ले। इस उप निर्वाचन को पारदर्शिता, ईमानदारी, निष्ठा एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। निर्वाचन आयोग के बताए गए दिशा निर्देशों का पालन पूरी तरह से करना है। मोबाइल फोन मतदेय स्थल पर पूर्णतया प्रतिबंधित है। सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र कुमार ओझा ने निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण सावधानियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहां की आप अपने जोन एवं सेक्टर के बारे में जानकारी रखेंगे हर दो-दो घंटे पर पोलिंग परसेंटेज उपलब्ध कराएंगे एवं बूथ पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपना संपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर रणवीर सिंह, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमदभागवत कथा श्रवण से मिला करती है संतापों से मुक्ति-डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के मुस्तफाबाद पूरे मेड़ई में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। वृदांवन से पधारे कथाव्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। उन्होनें बचपन से ही अपनी लीलाओं के जरिए धर्म स्थापना का मजबूत संदेश भी दिया। कथाव्यास ने कहा कि बिना कर्म के कुछ भी संभव नही है। जो भागवत कथा श्रवण करता है उसे समस्त संतापों से मुक्ति मिल जाया करती है। कथाव्यास ने रूक्मणी विवाह प्रसंग पर बताया कि रूक्मणी ने मन ही मन श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था। यह बात जब उसके भाई रूक्मी को ज्ञात हुई तो वह रूक्मणी का विवाह शिशुपाल से करने का निश्चय कर लिया। कथा प्रसंग में आचार्य डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने बताया कि रूक्मणी का भेजा पत्र पाकर श्रीकृष्ण ने रूक्मणी का हरण कर लिया और द्वारिका लाकर उनके साथ विवाह किया। कथाव्यास ने बताया कि रूक्मणी विवाह के जरिए भगवान ने यह संदेश दिया कि महिलाओं को अपना अधिकार पाने का पूरा हक है। मुख्य यजमान कलावती एवं त्रिभुवन शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। वही कथा के दौरान बीच बीच में राधे श्रीकृष्ण संकीर्तन में श्रद्धालु भावविभोर हुए दिखे। इस मौके पर सुधाकर शुक्ल, राजू शुक्ल, भूपेन्द्र शुक्ला, मुन्ना सिंह, विपिन आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

### ▶▶ शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेउट कार्यालय में जनय सुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत स्थापित उद्यम का उद्घाटन




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सूर्या स्वीट्स एण्ड डेरी की दुकान मोहनगंज का उद्घाटन जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। दुकान के प्रोपराइटर सूर्यकान्त पाण्डेय जो प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अन्तर्गत उद्यान विभाग से धनराशि रूपये 21 लाख की लागत से यूको बैंक प्रतापगढ़ के सहयोग से उद्यम लगाया है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जो खाद्य पदार्थो का प्रसंस्करण करने पर इकाई लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम धनराशि रूपये 10.00 लाख का अनुदान दिया जाता है। उद्यमी के सहयोग के लिए विभाग द्वारा डी0आर0पी0 की नियुक्ति किया गया है जो उद्यमी का पेपर तैयार करने में मदद् करते है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया कि सूर्यकान्त पाण्डेय को योजना के तहत धनराशि रूपये 735000 का अनुदान मिलेगा।

## भाजपा उम्मीदवार को मिला डाक्टरों का समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की एक बैठक कटरा स्थित वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में हुई, जिसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रेमलता सिंह का समर्थन करने का आवाहन चिकित्सकों से किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉक्टर एके कुलश्रेष्ठ ने की और संचालन सचिव डॉक्टर अम्बर केसरवानी ने किया। बैठक में डॉक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य, डाक्टर अतुल श्रीवास्तव, डॉक्टर आलोक सक्सेना, डॉक्टर एस के त्रिपाठी, डॉक्टर दीपिका केसरवानी, डाक्टर आर के मिश्रा, डाक्टर घनश्याम अग्रवाल, डाक्टर इम्तियाज, डाक्टर मिनहाज, डाक्टर आशुतोष पांडे समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

# कांग्रेसी 18 को विधानसभा का करेंगे घेराव-मकसूद खान

### ▶▶ बिजली के निजीकरण, गिरते स्वास्थ्य सेवाओं एवं महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध का करेंगे विरोध




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष मकसूद खान ने आज जिले में पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 18 दिसंबर को पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी। बता दें कि यूपी विधानसभा 16 दिसंबर से शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान हम बिजली व्यवस्था के निजीकरण करने, लगातार गिरते स्वास्थ्य सेवाओं और महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व अतिथियों का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी तथा संचालन निवर्तमान नगर अध्यक्ष इरफान अली ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान व विशिष्ट अतिथि निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और निवर्तमान प्रदेश सचिव राकेश मौर्या जी मौजूद रहे।निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी व प्रदेश सचिव राकेश मौर्य ने संयुक्त रूप ने कहा कि सरकार हर सेक्टर में लगातार फेल साबित हो रही है। पब्लिक सेक्टर की चीजे जिसमें बिजली, हेल्थ हैं, जो सरकार के लाभ के कारण नहीं बन सकते, लेकिन पिछले कई वर्षो से सरकार की प्राथमिकता बदल गई है। वह जनता की सेवा की जगह पूंजपतियों की कमाई पर ध्यान देते है। इसलिए सरकार लगातार निजीकरण की तरफ बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भंग कमेटियों का शीघ्र ही गठन किया जाएगा।अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि विधानसभा में योगी सरकार ने कहा था कि किसानों के बिजली बिल को माफ किया जाएगा, लेकिन सरकार ने किए गए अपने ही वादे को पूरा नहीं किया है।

किसानों के गन्ना बिल का भुगतान भी एक बड़ी वजह है। सरकार अखबारों में किसानों के भुगतान को लेकर बड़े-बड़े वादा करती है, लेकिन वह पैसा सिर्फ गन्ना मिलों के मालिकों को ही दे रही है। पिछले 8 साल में भाजपा सरकार के राज में 14 से अधिक पेपर लीक हुआ है. सरकार से अगर युवा नौकरी मांगने जाते हैं तो उन्हें पुलिस की लाठी मिलती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान की रक्षा का व्रत लेना होगा, इसके लिए सभी साथी तैयार रहें।इस अवसर पर डा0 वी0के0सिंह,प्रेम शंकर द्विवेदी, वेदांत तिवारी, इन्द्रानंद तिवारी, राम शिरोमणि वर्मा,माताफेर पाल,महेंद्र शुक्ल, सरोज कश्यप, नफीस खान, सुभम मिश्र,संतोष सिंह, प्रशांत सिंह प्रिंशु, सुनीता पटेल, डॉ.अजय सिंह, सुरेश कुमार सरोज, राजेन्द्र वर्मा, प्रवीण द्विवेदी, चरण सिंह यादव, मोनू मिश्रा, सुभाष तिवारी, बैजनाथ यादव, मो.असलम,रामकुमार पटेल,सोनी तिवारी, मीरा देवी, सुधीर तिवारी,भवानी शंकर दुबे,आशीष शुक्ला, अभिनव शुक्ला, रेशू पांडेय, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक सिंह, सुरेश मिश्रा, चंद्रनाथ शुक्ला,राजेंद्र यादव, मुन्ना यादव,अरविंद तिवारी, मो इस्तियाक, मो बेलाल,अब्दुल रहमान,रामधन यादव,नंदकुमार पटेल, रवि कुमार सिंह,बृजेश पांडेय,अश्वनी उपाध्याय, गिरधारी सिंह,प्रभा शंकर शुक्ल,अभिमन्यु यादव,मो दिलशाद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सब इंस्पेक्टर ने बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु किया जागरुक



लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर प्रतापगढ़।** छात्राओं बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु उन्हें महिला सब इंस्पेक्टर ने जागरुक किया। साथ ही उनके अधिकारों एवं शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। आज तेरह दिसंबर को थाना लीलापुर की एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाये गए मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सबइंस्पेक्टर ज्योति ने ठठै इंटर कॉलेज कोडरा माधोपुर थाना लीलापुर में छात्र-छात्राओं से सुरक्षा संबंधी बात की, एवं छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दीं। इसके अलावा मनचले तत्वों को चेतावनी दी तथा कभी भी आवश्यकता पड़ने पर थाने की एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, छात्राओं के लिए जारी किए गए नंबरों पर कॉल करने को प्रेरित किया गया। महिला सबइंस्पेक्टर ज्योति ने छात्राओं को वीमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत चर्चा की। छात्राओं को कोई समस्या न हो इसके लिए उन्हें जागरूक किया। महिला सब इंस्पेक्टर ज्योति द्वारा छात्राओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया गया और कहा गया कि आपको कभी भी रास्ते में दिक्कत हो, या आपको फोन पर कोई परेशान करता है या आपको गलत मैसेज भेजता है तब आप बिना किसी डर के पुलिस की सहायता ले सकती हैं । आप की समस्याओं को दूर किया जाएगा । ट्रोल फ्री नम्बरो 102,108,112,1930,1090 की जानकारी दी। साइबर क्राइम अपराध के प्रति सावधान किया गया। मोबाइल का इस्तेमाल सावधानी से करें, अपने माता पिता से सभी बाते बतायें । विद्यालय में कोई समस्या हो तो महिला शिक्षकों से निसंकोच बताये। सतर्क रहें, जागरूक बने तभी सुरक्षित रहेंगे । साथ ही सभी को गुड टच बैड टच का ज्ञान दिया गया।

## पुलिस ने 4 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेशगंज के उ0नि0 अंशु सिंह मय हमराह का0 सुनील कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 375ध्2015, मु0अ0सं0 99ध्99 धारा 279,337,338,304 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त गोकुल पाल पुत्र ननकू पाल निवासी ग्राम लोदीपुर थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।थाना महेशगंज के उ0नि0 ध्रुव सिंह मय हमराह का0 वीरपाल सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 334ध्2015, मु0अ0सं0 06ध्2002 धारा 325,323,54 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त राजेश कुमार यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी ग्राम पींग थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया ।थाना मानिकपुर के उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 1813ध्2022 धारा323,504,506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी मुन्ना का पुरवा, चौका पारपुर थाना मानिकपुर, प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया ।थाना कुण्डा के उ0नि0 निर्मल कुमार मय हमराह का0 उमाशंकर भारती, का0 अखिलेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 185ध्2014 धारा 323ध्504ध्506 भादवि व 3(1)10 एससीध्एसटी एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त सागर सिंह पुत्र बच्चा सिंह निवासी ग्राम साहिबापुर डेरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

संक्षिप्त खबरें

## अलीपुर जीता में चलाया गया वृहद साफ सफाई अभियान



**सैनी, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के अलीपुर जीता में वृहद साफ सफाई अभियान चलाया गया। शुरू कर दिया है। एडीओ पंचायत कड़ा अवधेश कुमार तिवारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र मौर्य ने गांव में साफ सफाई हेतु सफाई कर्मियों की टोली ने वृहद साफ सफाई अभियान चलाते हुए गांव की गलियों, चौराहे व नालियों की साफ सफाई किया। इस दौरान एडीओ पंचायत अवधेश कुमार तिवारी ने कहा कि अगर हमारा गांव साफ-सुथरा होगा तो प्रशंसा भी लोग अधिक करेंगे। हमें अपने गांव को ऐसा स्वच्छ बनाना है, उन्होंने कहा कि अगर हम प्रत्येक दिन दस मिनट ही अगर ध्यान दे तो हमारा गांव साफ सुथरा बन सकता है। हम अपने घर को साफ सुथरा रखते है उसी प्रकार हमें अपने गांव को साफ सुथरा बनाना होगा। अपने घर का कूड़ा गांव की गलियों में डालने की बजाए कूड़ादान में डालना चाहिए। इस अवसर पर सचिव सुरेश कुमार मौर्य , ग्राम प्रधान रहबर खान सहित सफाई कर्मियों की टीम मौजूद रहीं।

## सिराथू विधायक ने कड़ा सीएचसी का किया निरीक्षण



**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इस्माइलपुर कड़ा के हालात जानने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने अस्पताल में साफ सफाई , ओपीडी सहित निशुल्क दवा, निशुल्क जांच के विषय में जानकारी ली तथा ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जांच की। इसके अलावा विधायक ने मरीजों से बातचीत करते हुए मौजूद स्टाफको समय पर ड्यूटी करने सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक को अस्पताल में सब कुछ ठीकठाक मिला। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि कमलेश पटेल, डॉ0 असलम, सीएचसी अधीक्षक डॉ सऊद, बीपीएम प्रदीप सिंह सहित अस्पताल स्टॉफ मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर कूड़ा कचरा दिखा तो खैर नहीं- ईओ रश्मि सिंह




**अजुहा, कौशाम्बी।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ को देखते हुए कौशांबी में भी राष्ट्रीय राजमार्ग के साफ सफाई को लेकर शासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं। कि प्रयागराज कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इसी कड़ी में प्रयागराज कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बसे आदर्श नगर पंचायत अजुहा की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने 10 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत सफाई नायकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों पटरियों के किनारे बने शौचालयों को साफ सुथरा रखने के साथ-साथ कूड़ा करकट हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरफ से साफ रखने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत शुक्रवार को नगर पंचायत अजुहा में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे पटरियों पर वृहद साफ सफाई अभियान चलाया गया।

## साहब प्रेमिका के चक्कर में पति करता है मारपीट

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने पति पर दूसरी महिला से नाजायज संबंध होने का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि साहब पति प्रेमिका के चक्कर में आकर आएदिन मारपीट करता है , पीड़िता के पिता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के सयारा मीठेपुर का मजरा रामपाल का पुरवा के रहने वाले रामप्रसाद पुत्र स्व धर्मपाल ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री की शादी पांच माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी , राम प्रसाद का आरोप है कि उसकी पुत्री दो माह ससुराल में रही तो पता चला कि उसके पति का किसी दूसरी महिला से नाजायज संबंध है जिसको लेकर उसकी पुत्री के साथ आएदिन मारपीट करता है, पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## अरहर के खेत में लगी आग से फसल जलकर खाक



**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे में अरहर के खेत में आग लगने से तीन बीघे के करीब फसल जलकर खाक हो गई , पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं पांच निवासी गजराज सिंह लोधी पुत्र रामहित लोधी ने अजुहा चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि अजुहा कस्बे के वार्ड नं 11 में तीन बीघे के करीब जमीन भाड़े में लिया था , जिसमे अरहर की फसल बोई थी , गजराज सिंह का आरोप है कि बीती रात कुछ अराजकतत्वों ने उसकी फसल में आग लगा दिया जिससे उसकी फसल जलकर नष्ट हो गई , पीड़ित के मुताबिक लगभग 70 हजार का नुकसान हुआ है , पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की हैं।

## सेलरहा पूरब व तुलसीपुर में आयोजित चौपाल में सुनी गई समस्याएं




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के सेलरहा पूरब व तुलसीपुर गांव की चौपाल में लोगों ने मोहल्ला में जल भराव, प्रधानमंत्री आवास,पेंशन, साफ सफाई की समस्या बताई जिस पर अधिकारियों ने निराकरण कराने का अश्वासन दिया है। इस दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही राष्ट्रीय आजीविका मिशन, आवास, सम्मान निधि योजना की जानकारी दी गई। शुक्रवार को विकासखंड सिराथू के सेलरहा पूरब गांव में नोडल अधिकारी रहे एमई रामचंद्र यादव से गांव की सुशीला देवी, किरन, शान्ती देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए सूची में नाम आने के बाद भी अब तक खाते में पैसा नहीं आया है। ऐसे में जर्जर हो चुके कच्चे घर में परिवार के साथ जीवन यापन करना पड़ रहा है। राघव प्रसाद , मोहित ने बताया मोहल्ले में जल निकासी के लिए बनी नाली ध्वस्त हो चुकी है ऐसे में जल भराव की समस्या बनी रहती है ।जिससे फैली गंदगी से बीमारियों के फैलने का डर रहता है। वही आने जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान पुष्पराज सिंह पंचायत अधिकारी उदय प्रताप पटेल,लेखपाल जीतेंद्र सिंह आंगनवाड़ी सुपरवाइजर गैसरानी देवी व कर्मचारी मौजूद रहे।तुलसीपुर में एडीओ पंचायत विश्वबंधु की मौजूदगी में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शुभम पांडे ने बताया मोहल्ले में लगा सरकारी हैंडपंप साल भर से खराब है ऐसे में पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने के लिए रास्ते को तोड़ा गया है लेकिन अब तक निर्माण न होने पर आने-जाने में दिक्कतें होती हैं। रामलाल ने बताया किसान सम्मान निधि को लेकर कई बार आवेदन किया गया लेकिन अब तक खाते में पैसा नहीं आया है। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार पांडे, सचिव प्रदीप सरोज आदि रहे।

### ▶▶ कड़ा के त्रिलोकपुर व सौरई बुजुर्ग में लगा चौपाल

सैनी, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के त्रिलोकपुर में पंचायत सचिव शरद श्रीवास्तव व प्रधान प्रतिनिधि भरत लाल भट्ट ने चौपाल में आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेने को कहा साथ ही चौपाल में आए समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इसी कड़ी में सौरई बुजुर्ग गांव में पंचायत सचिव विकास शर्मा ने लोगो की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान सचिव विकास शर्मा , ग्राम प्रधान , मुख्य सेविका ज्ञानमती सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## चरवा स्कूल की दिवंगत शिक्षिका को टीएससीटी देगी मदद



### ▶▶ दिवंगत के परिवार के घर पहुंचकर टीम में व्यक्त की संवेदना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के शांतिपुरम निवासी शिक्षिका रचना सिंह के परिवार को टीचर्स सेल्फ केयर टीम इस माह आर्थिक सहयोग करेगी। टीम ने शुक्रवार को उनके घर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए संवेदना व्यक्त की और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शिक्षिका कौशांबी के चायल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय चरवा में कार्यरत थी । गाजियाबाद में अपने भाई के यहां जाते समय उनकी मृत्यु 22 मई को ट्रेन दुर्घटना में हो गई थी। प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों की असामयिक मृत्यु हो जाने पर टीचर्स सेल्फकेयर टीम के प्रदेश भर से जुड़े 3 लाख 50 हजार से अधिक शिक्षक मात्र 20- 20 रुपए के सहयोग से 50 से 55 लाख रुपए की आर्थिक सहायता करते हैं। जिला संयोजक प्रज्ञानंद ने बताया कि स्वर्गीय रचना सिंह टीएससीटी की वैधानिक सदस्य थी और उन्हें अब संस्था के प्रदेश भर के सदस्यों द्वारा उनके नॉमिनी के खाते में आगामी 15 दिसंबर से सहयोग प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला संयोजक के साथ सह संयोजक अशोक मौर्य, प्रेम किशोर शुक्ल, बालचंद्र, चायल ब्लॉक इकाई से अनूप मोहन, शिल्पी गौतम, नीरज सिंह, विकास सिंह आदि उपस्थित रहें।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा खड्ड में पलटा, चालक समेत तीन घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के अमीनपुर संवरो गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर ईरिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। रिक्शे पर चालक उसकी पत्नी व बेटा सवार थे। हादसे के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

कोखराज कोतवाली के कसिया ककोढ़ा गांव का जयकरन पुत्र इन्द्रपाल (40) ई-रिक्शा चलाता है। शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे वह ई रिक्शा लेकर अपनी पत्नी



कमला देवी व बेटा गोपी के साथ ससुराल बट बंधुरी जा रहा था। जैसे ही वह करारी के अमीनपुर संवरो गांव के करीब सैनिक कॉन्वेंट स्कूल के पास पहुंचा। अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। इससे तीनों रिक्शे में दब गए।

शोरगुल सुनकर आसपास के राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## जाम की समस्या से जूझ रहा है म्योहर बाजार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर बाजार मे जाम से राहगीर जूझ रहें है। गौरतलब हो कि करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गाँव मे सप्ताह मे बुधवार एवं रविवार को सड़क की पटरियों पर ही सब्जी तथा घरेलू से संबंधित बाजार लगती है तथा वहीं इस ओर यदि कोई तिपहिया वाहन चालक अपनी मनमानी के चलते वाहन को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर दिया तो जाम का लगना अनिवार्य हो जाता है तथा इसी बीच कोई बड़ा वाहन डंफर व बस वाहन बाजार मे आ धमका तो राहगीरों को जाम से निकलना दुसवार होने लगता है तथा भंयकर जाम में फंसे वाहन कछुऐ की भांति लगभग चार सौ मीटर रेंगते रहते हैं तथा इस जाम से



निजात दिलाने वाले न तो चौकी की पुलिस का पता नहीं रहता है और न तो 112 से संबंधित पुलिस तथा इससे बाजार मे पंद्रह बीस मिनट में जाम की अक्सर नौबत बनी रहती है तथा इसी तरह का नजारा सरांय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बेनीराम कटरा चौराहे पुलिस चौकी के नजदीक सड़क की दोनों पटारियो पर सब्जी बिक्रय करने वालों की दुकाने जहाँ एक ओर सज जाती है तो दूसरी ओर नाबालिग क्षेत्रीय तथा अन्य तिपहिया वाहन चालक आडा तिरछा वाहन को खड़ा करते देते है।

## लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराया जाय- जिलाधिकारी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर, स्टैटिक, जोनल मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकां के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें।

उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दियें।

जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2024 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को जनपद के 05 परीक्षा केन्द्रों यथा-नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, श्री हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी, एस0ए0बी0 इंटर कॉलेज सैनी-सिराथू, कृषक इंटर कॉलेज हिनौता एवं करारी इंटर कॉलेज में आयोजित की जा रहीं है। परीक्षा में कुल 1920 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली-प्रातः 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेंगी।

परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 05 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 01 जोनल मजिस्ट्रेट, 05-केन्द्र व्यवस्थापक एवं 10 सह केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किये गये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार, प्रबुद्ध सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चायल में नोडल शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चायल में आयोजित पांच दिवसीय समग्र के शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षक प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया । प्रशिक्षण के आखिरी दिन शुक्रवार को विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री , प्रोत्साहन सुविधा , अभिभावक परामर्श संकल्पना , दिव्यांग बच्चों की पहचान दिव्यांगजन के लिए अधिनियम एवं नीति आदि बातों के बारे में मास्टर ट्रेनर कृष्णकांत तिवारी, इंदुबाला व शालिनी ने बताया इसमें नोडल शिक्षकों द्वारा चार्ट पेपर के माध्यम से अपनी सीखी हुई बातों के बारे में प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर सभी नोडल शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी हिना सिद्दीकी ने पांच दिनों के प्रशिक्षण को लेकर बताया कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों का उपयोग दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के संबंध में करेंगे । इससे यह बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह अपनी सहभागिता कर सकेंगे।

## फसल सिंचाई करने गए किसान की मौत, ठंड लगने की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चायल वार्ड नंबर एक सरैया में बृहस्पतिवार रात गेंहू की फसल की सिंचाई करने गए किसान की ठंड लगने से तबियत बिगड़ गई। शुक्रवार सुबह परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आई पुलिस पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सरैया वार्ड निवासी मगनलाल (43) पुत्र बंशीलाल किसानी कर परिवार का गुजारा करते थे। उनकी पत्नी ऊषा देवी के मुताबिक शनिवार रात पति नलकूप से गेंहू की फसल की सिंचाई करने खेत गए हुए थे। शुक्रवार सुबह घर न लौटने पर उन्होंने खेत जाकर देखा तो पति खेत मे गिरकर बेहोश पड़े थे। पत्नी ने आनन फानन परिजनों को तबियत बिगड़ने की जानकारी दी। खेत पहुंचे परिजन मगन का इलाज करवाने के लिए अस्पताल ले जा रहे रहे थे, लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद आई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया है।

## आप अपनी क्षमताओं का करें सर्वोत्तम उपयोग- संजय कुमार गुप्ता

### ▶▶ केपीएस भरवारी में हुआ 100 डेज गोल्डेन फेज का भव्य शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** केपीएस भरवारी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 100 डेज गोल्डन फेस प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के तीनों प्रमुख स्कूल केपीएस भरवारी, एनडी कॉन्वेंट स्कूल, और केपीएस भीटी के कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने भाग लिया। यह अनूठी पहल छात्रों की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने किया। अपने प्रेरणादायक संदेश में उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है और स्कूल का यह प्रयास आपके साथ हमेशा रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि आप अपनी क्षमताओं का सर्वोत्तम उपयोग



कर सकें।उन्होंने छात्रों से पूरे समर्पण के साथ पढ़ाई करने की अपील की और आश्वासन दिया कि स्कूल प्रबंधन और शिक्षक हर संभव मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, अगले 100 दिनों तक छात्रों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिक्षक नियमित रूप से वीडियो कॉल के जरिए छात्रों से संपर्क करेंगे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे पढ़ाई में लगे हुए हैं। छात्रों को पिछले 10 वर्षों के बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र हल करवाए जाएंगे, ताकि वे परीक्षा पैटर्न और महत्वपूर्ण प्रश्नों को समझ सकें। छात्रों की जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार शिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत टाइम टेबल तैयार किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा छात्रों के घर जाकर उनके पढ़ाई के माहौल का निरीक्षण और मार्गदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने कहा, यह कार्यक्रम छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में हमारा एक समर्पित प्रयास है। शिक्षक न केवल बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगे, बल्कि उनका हर कदम पर मार्गदर्शन भी करेंगे। डिप्टी डायरेक्टर डॉ मयंक मिश्रा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ÷आपकी मेहनत और दृढ़ निश्चय ही आपकी सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम को लेकर छात्रों और अभिभावकों में काफी उत्साह है।

छात्रों ने इसे अपनी पढ़ाई को संगठित और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ी पहल बताया। वहीं, अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की इस अनूठी योजना की सराहना की और विश्वास जताया कि यह उनके बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कौशाम्बी प्रेसिडेंसी स्कूल की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश करती है। 100 डेज गोल्डन फेस प्रोग्राम छात्रों को अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा देगा और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। यह कार्यक्रम छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है और संस्थान की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस दौरान भीटी प्रिंसिपल रमेश श्रीवास्तव, सचिन त्रिपाठी, शशांक श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, शैलेन्द्र सिंह, हिमांशु वर्मा, वीर प्रताप सिंह, अशरफ अली, रंजीत , प्रज्ञा शर्मा, मधुबन पटेल, राहुल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

## सम्पादकीय

# अवैध प्रवेश की कोशिश में बढ़ोतरी

कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे।गुजरे हफ्ते राज्यसभा में इस प्रश्न का विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जवाब नहीं दिया कि क्या भारत से गैर-कानूनी ढंग से बाहर जाकर आश्रय मांगने वाले लोगों की संख्या में 800 फीसदी बढ़ोतरी हुई है।सिंह ने कहा कि सरकार के पास इस बारे में कोई आंकड़ा नहीं है, क्योंकि ये लोग जिन देशों में जाते हैं, वहां की सरकारें उन्हें साझा नहीं करतीं।मगर उन्होंने यह जरूर कहा कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वे देश की प्रतिष्ठा गिरा रहे हैं।बहरहाल, अब एक आंकड़ा जरूर सामने आया है, जिसे भारत सरकार के नजरिए से देश के लिए अपमानजक कहा जाएगा। ये सूचना अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने दी है।उसके मुताबिक कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी।कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे। उसके पहले वाले वर्ष में 30,010 भारतीयों ने ऐसी कोशिश की थी, जबकि उपरोक्त अवधि में यह संख्या 43,764 हो गई।और यह सिर्फ कनाडा के रास्ते हुए प्रयासों का आंकड़ा है और वह भी सिर्फ उनसे संबंधित है, जिन्हें ऐसी कोशिश करते हुए पकड़ा गया। अमेरिका में ऐसी घुसपैठ की सबसे ज्यादा कोशिशें मेक्सिको की तरफ से होती है।अब चूंकि अवैध आव्रजकों को देश से निकालना और अवैध आव्रजन रोकना निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तो यह मुद्दा चर्चा में आया है।वैसे भारत से बड़े पैमाने पर अवैध ढंग से जाकर विदेश में बसने की कोशिश कर रहे हैं, यह आम जानकारी है। यह भी उल्लेखनीय है कि ऐसी कोशिशों अक्सर साधन संपन्न वर्ग के लोग शामिल होते हैं।क्यों? मान-अपमान की सोच से बाहर निकल सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। आखिर क्यों विदेश में बसाने के लिए 80 लाख रुपये तक एजेंटों को देने के लिए लोग तैयार हो रहे हैं?देश में मौजूद अवसरों के प्रति लोगों का विश्वास इतना क्यों डोल गया है, सोचने का मुद्दा यह है।

# वन नेशन वन इलेक्शन -रिपोर्ट आने के बाद मोदी का सपना मूर्त रूप लेने को तैयार

**अशोक भाटिया**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो बिल पेश करने को मंजूरी दे दी। इसमें एक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल एक साथ करने के लिए और दूसरा दिल्ली और अन्य केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के लिए समान संशोधन करने के लिए था। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को आखिरकार केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। सूत्रों के अनुसार विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है ।ज्ञात हो कि वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी । यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है- पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।रिपोर्ट के मुताबिक, %एक देश, एक चुनाव% पर कमेटी ने 62 पार्टियों से संपर्क साधा था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 पार्टियो ने एकसाथ चुनाव कराने का समर्थन किया, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया और 15 पार्टियों ने इसका जवाब नहीं दिया। कांग्रेस,॰क्क बसपा और ष्क्क्ह-रूने एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन किया।हाईकोर्ट के 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि ॥ष्ट के 3 मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के प्रबल समर्थक माने जाते हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर देशभर में बहस चल रही है। यह चर्चा लोकतांत्रिक तरीके से की जानी चाहिए। %एक भारत, श्रेष्ठ भारत% के अपने सपने को साकार करने के लिए हमें ऐसे अनेक नए विचार जोड़ने होंगे।गौरतलब है कि 1951 से 1967 के बीच लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1951-52 में आम चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।1959 में सीपीआई नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था और राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। 1960 में केरल में विशेष राज्य चुनाव हुआ था, जिसके चलते 1962 में राज्य सरकार भंग नहीं हुई थी, जब आम चुनाव हुए थे। 1964 में केरल में दोबारा राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। फिर 1965 में चुनाव हुए थे लेकिन राष्ट्रपति शासन जारी रहा और 1967 तक चला, जिसके चलते केरल विधानसभा का चुनाव एक बार फिर आम चुनाव के साथ हुआ।1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने की वजह से पहली बार एक साथ चुनाव होने का चक्र बाधित हुआ था। वहीं, चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी, जिसकी वजह से 1971 में नए चुनाव हुए। बता दें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को सामान्य कार्यकाल से पहले भी भंग किया जा सकता है।2019 के लोकसभा चुनाव के बाद अब तक कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। अप्रैल-मई 2019 से शुरू होकर अब तक कई राज्यों के चुनाव हुए। वर्तमान में हर साल करीब 5-7 राज्यों के विधानसभा चुनाव होते हैं। बार-बार चुनाव होने की वजह से सार्वजनिक जीवन बाधित होता है। 2015 में कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने कहा था कि बार-बार चुनाव होने से सामान्य सार्वजनिक जीवन में व्यवधान होता है और जरूरी सेवाओं के कामकाज पर असर पड़ता है। राजनीतिक रैलियां करने से सड़क यातायात बाधित होता है और ध्वनि प्रदूषण भी होता है।मौजूदी चुनावी चक्र में शामिल प्रमुख प्रतिकूल प्रभाव चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों और शासन पर असर डालते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सरकार और अन्य हितधारकों को बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ता है। काफी लंबे समय तक सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है।आलोचकों की राय में एक साथ चुनाव कराने का विचार राजनीति से प्रेरित है। एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं का व्यवहार इस रूप में प्रभावित हो सकता है कि वे राज्य के चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करने लगेंगे। इससे संभावना है कि बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में जीत हासिल करें। इससे क्षेत्रीय पार्टियों के हाशिए पर चले जाने की आशंका है जो अक्सर स्थानीय हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं।कुछ आलोचकों का मानना है कि प्रत्येक 5 साल में एक से ज्यादा बार मतदाताओं का सामना करने से नेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सतर्क रहते हैं। कुछ राजनीतिक दलों और 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने एक बार में कराए जाने वाले चुनाव का समर्थन किया था। एआईएडीएमके ने गहन विचार-विमर्श के साथ वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया था। असम गण परिषद का कहना था कि इससे छोटी पार्टियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। आईयूएमएल के मुताबिक ऐसा करने से समय की बचत होगी। डीएमडीके ने लोकसभा और विधानसभाओं के निश्चित कार्यकाल वाले विचार का समर्थन किया। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने इस विचार का समर्थन किया लेकिन कहा कि त्रिशंकु विधानसभा होने पर स्पष्टता की जरूरत है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया है । ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं।गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 83 संसद के दोनों सदनों के कार्यकाल का प्रावधान करता है।

अनुच्छेद 83(2) लोकसभा के लिए इसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है, जब तक कि इसे पहले भंग न किया जाए। अनुच्छेद 172 (1) राज्य विधानसभा के लिए उसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है।क्या लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है? इसका जवाब है कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी भी कीमत पर सदन का कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता है लेकिन इसे इसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग किया जा सकता है।एक साथ चुनाव पर चुनाव आयोग ने पहली बार 1983 में सुझाव दिया था।

## सरोकार

# मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर सपा की हार के बाद अब आजम की नाराजगी



**अजय कुमार,लखनऊ**

जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था।

सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया,लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया,लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था,उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है।

मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं,लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है।क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को



कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुस्लिमों को भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

आजम ने यह भी कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोशी तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में आजम चाहते थे कि रामपुर से खुद अखिलेश यादव चुनाव लड़ें। आजम वहां किसी मुस्लिम नेता को पैर जमाने देना बिल्कुल भी नहीं चाहते थे लेकिन सपा ने वहां से मोहिब्बुल्लाह को टिकट दिया और वे जीत भी गए। सपा सूत्र बताते हैं कि रामपुर के लोकसभा टिकट ने आजम की सपा नेतृत्व से दूरियां बढ़ाई। आजम को यह भी महसूस हो रहा है कि उनके मामले को सड़क से संसद तक उतनी प्रमुखता से नहीं उठाया गया, जितनी संभल के प्रकरण को तरजीह दी गई। बहराल, यूपी में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद ही आजम खान पर सियासी ग्रहण छाया हुआ है. आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान जेल में नहीं बल्कि सजा होने के चलते अपनी-अपनी सदस्यता भी गंवा चुके हैं. इसके अलावा उपचुनाव में रामपुर और स्वार टांडा सीट भी आजम परिवार के पकड़ से बाहर निकल चुकी है।

आजम खान के समर्थकों को भी लगता है कि सपा और अखिलेश यादव ने उनकी लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा। इसके अलावा आजम खान की मर्जी के बगैर रामपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव ने प्रत्याशी उतारा था, जितने जीत के बाद से आजम खान पर ही निशाना साधा था। जबकि जेल में बंद आजम खान से लोकसभा चुनाव के बाद से सपा का कोई बड़ा नेता मिलने नहीं गया। कुंदरकी में उपचुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने जरूर रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात की थी, लेकिन जिस तरह आजम ने संभल के बहाने रामपुर और मुस्लिम सियासत को लेकर सवाल खड़े किए हैं, उसके चलते माना जा रहा है कि यूपी की सियासत में कोई नई खिचड़ी पक रही है।

सबसे खास यह है कि अखिलेश यादव अपने इस मुस्लिम नेता को वैसे नहीं 'पचा' पा रहे हैं जैसे उनको नेताजी मुलायम सिंह यादव हैंडिल कर लिया करते थे। यह सच है कि कई बार आजम और मुलायम के रिश्ते की खटास देखने को मिल जाती थी,लेकिन दोनों एक दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंच से कुछ नहीं कहते थे।मगर सपा के मौजूद नेतृत्व और आजम के बीच कई बार नाराजगी की खबर सामने आई है।

आजम कहा भी करते हैं कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव रिश्तों को निभाना काफी अच्छी तरह जानते थे। यही कारण था कि चाहे बेनी प्रसाद वर्मा हों या आजम खान, टकराव के बाद जब वे पार्टी से अलग हुए तो उन्होंने मुलायम के खिलाफ खूब कड़वी बात की। हालांकि, मुलायम ने कभी भी इन नेताओं के खिलाफ कोई बड़ा बयान नहीं दिया। आजम खान समर्थकों की ओर से अब अल्पसंख्यक हितों के मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी पर सवाल गहराने लगे हैं।

यूपी चुनाव 2022 के दौरान जब सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अखिलेश नहीं चाहते, आजम खान जेल से बाहर आएं। इस पर आजम समर्थकों ने सहमति जाहिर की थी। यूपी में 2017 में सत्ता परिवर्तन के साथ आजम के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई थी। लेकिन, अखिलेश यादव ने कभी भी उनके खिलाफ हुई कार्रवाई का खुलकर विरोध नहीं किया।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय सपा का कोर वोटबैंक माना जाता है, लेकिन उस पर नजर कांग्रेस से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक की है। मुस्लिम मतों के सहारे ही चंद्रशेखर आजाद नगीना सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं, जिसके बाद से उनकी नजर दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की है। इसी मद्देनजर चंद्रशेखर आजम खान से लेकर मौलाना अरशद मदनी और मुस्लिम उलेमाओं व नेताओं के साथ अपनी सियासी केमिस्ट्री बनाने में जुटे हैं। ऐसे में आजम खान का संभल के बहाने मुस्लिम सियासत का मुद्दा उठाया है, उससे सपा की सियासी बेचैनी बढ़नी लाजमी है। आजम ने यदि अखिलेश से दूरी बना ली तो सपा के मुस्लिम वोट बैंक पर भी इसका असर पड़ सकता है।क्योंकि आज भी आजम की आवाज मुसलमानों के बीच गंभीरता से सुनी-समझी जाती है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### जुगनू

हर वक्त जुगनू हो अंधकार पे मंडराता क्यों है,
तू विश्वास का तारा बनने में घबराता क्यों है।
जुगनू ही तो बनता है अंधेरी रात का दीपक,
नहीं हो तुम दीपक तो प्रकाश फैलाता क्यों है।
भयंकर तूफान में छिप जाते चाँद और तारे,
ऐसे में निडर जुगनू की तरह मुस्कुराता क्यों है।
अंधकार के राज में छा जाता कठिन आतंक,
जुगनू हो दिल में उम्मीद की लौ जलाता क्यों है।
विनाशक शक्तियाँ ले आती हैं प्रलय की रात,
तब जुगनू की तरह निर्माण गीत गाता क्यों है।
धरती आसमान सर्वत्र है अंधकार का बसेरा,
तो जुगनू बन अंधकार का भार उठाता क्यों है।
तू मन के अंधकार में विश्वास का जुगनू %मनु%,
नहीं तुम जुगनू फिर मन में टिमटिमाता क्यों है।



**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

### मौन, मुस्कान और सैनिक

सैनिक का रहन सहन सीधा सादा,
देश से प्यार भी अति सीधा सादा,
हँसते हँसते लड़ना हँसते हँसते शहीद
होना, विजयी होना भी सीधा सादा।
किसी व्यक्ति के जीवन में इससे
कठिन और फिर क्या होता है,
जीवन इतना जटिलता भरा है कि
सीधा सादा होना मुश्किल होता है।
सबका शरीर पृथ्वी, जल, अग्नि,
आकाश, वायु पाँच तत्वों से बनता है,
फिर भी कोई बिलकुल सीधा सादा
होता है और कोई बहुत जटिल होता है।
कोई दिखने में बहुत ख़ूबसूरत होता
है पर हृदय से बहुत विषम होता है,
तो कोई बाहर से दिखने में और हृदय
दोनो से ही अत्यंत ख़ूबसूरत होता है।
मौन और मुस्कान एक सैनिक के ये
अति अद्भुत और सरल गुण होते हैं,
ये दोनो गुण जिसने भी पाए होते हैं
ये उसे सदा सफलता दिलवाते हैं।
किसी समस्या से बचना है तो मौन
धारण कर लेना ही श्रेष्ठ होता है,
अगर समस्या का समाधान करना हो
तो मुस्कुराकर आगे बढ़ना होता है।
अच्छी भूमिका हो, लक्ष्य ऊँचा हो,
सादा जीवन और उच्च विचार हों,
आदित्य याद आते वे सदा दिल से,
दिमाग़ से, दिल से निकले शब्दों से।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य**
**लखनऊ**

### सर्दी का मौसम

धुंध छाई, लुप्त सूरज,शीत का वातावरण,
आदमी का ठंड का बदला हुआ है आचरण।
बर्फ में भी खेल है, बच्चों में दिखतीं मस्तियाँ,
मौसमों ने कर लिया है पर्यटन का आहरण।।
बर्फ का अधिराज्य है, चाँदी का ज्यों भंडार हो,
शीत ने मानो किया उन्मुक्तता अन-आवरण।।
रेल धीमी, मंद जीवन,सुस्त हर इक जीव है,
है ढके इंसान को ऊनी लबादा आवरण।
धुंध ने कब्जा किया, सड़कों पे,नापे रास्ते,
ज़िन्दगी कम्बल में लिपटी लड़खड़ाया है चरण।
पास जिनके है रईसी, उनको ना कोई फिकर,
जो पड़े फुटपाथ पर, उनका तो होना है मरण ।
जो ठिठुरते रात सारी राह देखें भोर की,
बैठ सूरज धूप में गर्मी का वे करते वरण।
धुंध ने मजदूरी खाली, खा लिया है चैन को,
ये कहाँ से आ गया जाड़ा, करे जीवन-क्षरण।
ज़िन्दगी में धुंध है, बाहर भी छाई धुंध है,
ठंड बन रावण करे सुख की सिया का अब हरण।



**प्रो.(डॉ.) शरद नारायण खरे**
**मंडला (मप्र)**

इन्सान हर बार आजमाता है कि ईश्वर है कि नहीं।
काश कि इन्सान एक बार स्वयं आजमा लेता कि वो इन्सान है या नहीं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी।आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा , आपका सम्मान भी बढ़ेगा।आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। |
| वृष | आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा,मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा।आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा।आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है। |
| कर्क | आज का दिन सुखमय रहेगा।आप में साहस बढ़ेगा और साहसपूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा।जिन्दगी में कोई नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा।धैर्य से काम करना होगा , जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा। |
| सिंह | आज आपका दिन खुशियाँ लायेगा।आप घर पर लोगो के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा।संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे,जिससे आपको कुछ राहत मिले।आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। संयम रख के काम करने से सुख मिलेगा। |
| कन्या | आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा।आप एक नयी दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी।अन्न-धन में बढ़ोत्तरी होगी।आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नयी दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।पारिवारिक सुख शांति बढ़ेगी। |
| तुला | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है।नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्युकी घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। |
| वश्चिक | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है।आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा।आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी।आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। |
| धनु | आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यवसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियोंतथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। |
| मकर | आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा।आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने से सुख मिलेगा और सानिध्य बढ़ेगा। |
| कुम्भ | आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा । दांपत्य संबंध सुखद और खुशहाली पूर्ण रहेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है।कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी कोई प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यो में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। |

# आंकड़ों के खेल में हारी मेंस, जीती मजदूर यूनियन

▶▶ दस साल बाद वोट प्रतिशत में आई गिरावट, मंथन कर रहीं यूनियनें
▶▶ तमाम संगठनों को साथ लेकर चुनाव में उतरी थी मेंस यूनियन





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मेंस यूनियन भले ही सत्ता में आ गई है लेकिन अगर मिले वोटों के आंकड़ों की बात की जाए तो लखनऊ मंडल में उसे बुरी तरह से शिकस्त मिली है। उसे पिछली बार से कम वोट मिला है। जबकि मजदूर यूनियन का वोट प्रतिशत इस बार बढ़ा है। शायद यही वजह रही कि यह यूनियन सत्ता से बाहर नहीं हो पाई। उसे मान्यता मिल गई। 2013 में मान्यता के लिए हुए चुनाव के आंकड़ों पर नज़र डाली जाय तो पता चलता है कि मेंस यूनियन को 62 प्रतिशत वोट मिला था। लेकिन दस साल बाद 2024 में उसका वोट प्रतिशत 62 से घटकर 47 प्रतिशत पर आ गिरा। इसको लेकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को यूनियनों में समीक्षा बैठक चल रही है। जिसमें हार और जीत पर चर्चा हो रही है।इस बार का चुनाव नए तरीके से लड़ा जाना चाहिए था जो नहीं ये हुआ। नेता पुरानी लीक पर डटे रहे। कोई विशेष चुनावी मुद्दा नहीं दिखा। जबकि समय की मांग बदलाव वाली थी। जो हुआ नहीं। समीक्षा बैठक में यह मुद्दा भी उठा।

### ▶▶ वोट के आंकड़े मजदूर यूनियन के साथ

वर्ष 2013 में मान्यता के लिए चुनाव लड़ा गया था। उस समय भी मेंस और मजदूर यूनियन ने चुनाव लड़ा। जिसमें मेंस यूनियन को लखनऊ मंडल में 62 प्रतिशत वोट मिले थे। मजदूर को इससे लगभग आधे 32 प्रतिशत वोट मिला था। 2024 में मेंस यूनियन उस आंकड़े को छू नहीं पाई। ऊपर जाने को कौन कहे वह सीधे नीचे 46.11 प्रतिशत पर आ गई। जबकि मजदूर यूनियन की बात करें तो वह इसके पहले चुनाव में 32.2 प्रतिशत वोट ही पा सकी थी। लेकिन उस बार उसने बढ़ोत्तरी की और 38.6 प्रतिशत वोट पाकर फिर से मान्यता की सूची में अपना नाम लिखवा लिया। हालांकि यह भी उस आंकड़े को नहीं छू पाई जिसका सपना देखा था। लेकिन मेंस यूनियन के नेताओं ने यह कभी नहीं सोचा होगा कि आंकड़े उनके पक्ष में नहीं होंगे ।

### ▶▶ जीत की शिद्दत ने किया यह हाल

मेंस के दोनों हाथों में लड्डु था। एक तरफ कर्मचारियों की फौज और दूसरी तरफ कई संगठनों का साथ मिला था जीत शानदार होती बाकी सबकी जमानत जब्त हो सकती थी। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। बल्कि उनकी एकतरफा जीत की शिद्दत कुछ ज्यादा ही बढ़ गई। जिसका नतीजा सामने है। राजनीति के जानकारों का कहना है इस चक्कर में नेता भीड़ को वोट में तब्दील नहीं कर पाए और चूक गए। उनको एक तरफा जीत का ज्वर चढ़ पाता मजदूर यूनियन ने शांत तरीके से उसे भुना लिया।

### ▶▶ मुख्य केंद्र बिंदु में रहता है प्रतापगढ़

चुनाव कोई भी उसके केंद्र बिंदु में प्रतापगढ़ जरूर रहता है। रेलवे में लखनऊ मंडल के चुनावों में भी जिले की अहम भूमिका रहती हैं। इसकी वजह दोनो यूनियन के दिग्गज नेताओं का जिले से नाता होना है। मेंस यूनियन के मंडल मंत्री आरके पांडे और मजदूर के पूर्व मंडल मंत्री इस चुनाव के संयोजक आर बी सिन्हा दोनो यहीं के है। इसलिए चुनाव दोनो के लिए प्रतिष्ठा भी बन जाता है।

### ▶▶ बैठक कर वोटरों का आभार जताया

मजदूर यूनियन ने शाखा दफ्तर में बैठक कर वोटरों के प्रति आभार जताया। सभी का मुंह मीठा कराया। इसके बाद यूनियन के नेता घूम घूमकर रेल कर्मियों से मिले और आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान, मंत्री धर्मेंद्र दुबे,आरबी सिन्हा, अखिलेश और प्रदीप शर्मा समेत कई कर्मचारी मौजूद थे

उधर, मेंस यूनियन के दफ्तर में बैठक कर वोट प्रतिशत कम आने की समीक्षा की गई। बैठक में शाखा अध्यक्ष मोहम्मद शफीक, मंत्री अनिल शुक्ला, मनीष पांडे, बबीता पांडेय समेत कई कर्मचारी मौजूद थे। नेताओं ने वोटरों के प्रति आभार जताया।

## वार्ताकारों हेतु अभ्यर्थी 20 दिसम्बर तक अभिलेख जमा करें

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0स0 एवं नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कक्षायें मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित है। उन्होने बताया है कि यूपीएससी/यूपीपीएससी में अर्थव्यवस्था हेतु एवं नीट में जुलॉजी, बॉटनी, फिजिक्स और केमिस्ट्री हेतु विषय विशेषज्ञों/वार्ताकारों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रत्यावेदन अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी में दिनांक 20 दिसम्बर 2024 तक जमा कर सकते है। विषय विशेषज्ञों/वार्ताकारों को प्रति व्याख्यान दर रूपये 2 हजार कार्मिक विभाग के शासनादेश के अनुरूप तथा समय समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत मानदेय का भुगतान किया जायेगा। उन्होने बताया है कि यूपीएससी/यूपीपीएससी के लिये विश्वविद्यालय के शिक्षक, राजकीय डिग्री कालेजों के शिक्षक एवं आई0ए0एस0 (मुख्य) परीक्षा अथवा पीसीएस (साक्षात्कार) अथवा दो बार पीसीएस (मुख्य) परीक्षा में शामिल हुये अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

# मदाफरपुर बाजार के तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ कल



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कोहडौर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर चौकी अंतर्गत मदाफरपुर बाजार का मेला प्रत्येक बर्ष की भांति इस बार भी कार्तिक पूर्णिमा (रविवार) से लगेगा। मदाफरपुर बाजार में लगने वाला तीन दिवसीय बाबा बच्चा साव मेले की तैयारी जोरो पर है।मेले में अब तक झूला, ब्रेक डांस, जादू नाव झूला, मौत का कुँवा,डोली झूला, बच्चों का चकरी, जंपिंग मेले के खाली पड़े मैदान पर लगाया जा चुका है। रायबरेली जनपद से झूला लगाने पहुंचे श्याम जसवंत ने बताया कि 16 वर्षो से झूला लगाने पहुंचते है। 05 दिसम्बर को सामान लेकर पहुंच चुके है। 1960 से लगते चला आ रहे मेले मे सैकड़ो की संख्या मे दुकाने लगनी शुरु हो गयी है। मेले की देखरेख ग्राम प्रधान बिपिन जायसवाल उर्फ सोनू और उनके पिता अरविन्द जायसवाल पप्पू सेठ करते है। ग्राम प्रधान बिपिन जायसवाल सोनू ने बताया कि 15 दिसंबर रविवार से होकर 17 दिसंबर मंगलवार को मेला खत्म होगा। 30 बीघे के क्षेत्रफ्ल मे लगने वाले मेला की तैयारी मे लाइट की व्यवस्था की जा चुकी है।मेले में आधा दर्जन जनपदों के दुकानदार आते हैं। सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ जिले के दर्शक मेला देखने के लिए भारी संख्या में आते हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस का पूरा सहयोग रहता है।मेले में सादे ड्रेस में पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बाघराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बारों निवासी साहिल उर्फ मुस्लिम पुत्र मो0 जहीर उर्फ गुड्डु को मंडल भासौं के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बताते चलें कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त पर थाना बाघराय में दुष्कर्म समेत भारतीय न्याय संहिता की अनेक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।जिसमें यह आरोपी वांछित चल रहा था।

# कार्यकर्ता के घर शोक संवेदना जताने पहुंचे राजा भइया



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने कुंडा कस्बा निवासी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वरिष्ठ पदाधिकारी गजराज ग्रुप के डायरेक्टर रंग बहादुर सिंह के यहां शुक्रवार को पहुंच कर शोक संवेदना जताया। इस दौरान शोकाकुल कुल परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना राजा भइया ने जताया।बता दें कि बीते मंगलवार को रंग बहादुर सिंह के माता जी की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी।

इस दौरान प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव,पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान, मंटू सिंह, आशीष प्रताप सिंह, विनोद यादव प्रधान उतरार व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज,

नीरज सिंह, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, सुमित प्रताप सिंह प्रधान संरक्षक राजा पुर,विनीत पांडेय रामनगर, जगदीश तिवारी, लल्लू प्रजापति, बब्बन सिंह कुंडा, आजाद सिंह परसीपुर,रूपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व गालीगलौज में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वंशी गांव निवासी रफीक पुत्र दोस्त मोहम्मद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर ग्यारह दिसंबर की शाम करीब पांच बजे गांव के शुभम कोरी पुत्र हीरालाल कोरी ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके भतीजे करम अली पुत्र मो. इद्रीश को लाठी डण्डा से जमकर मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद शुभम कोरी समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# इंस्पायर अवार्ड हेतु 23 बाल वैज्ञानिक चयनित मिलेगा दो लाख 30 हजार का पुरस्कार

### ▶▶ राष्ट्रीय फलक पर चमके राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के चार बाल वैज्ञानिक

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक 2023-24 में जनपद प्रतापगढ़ के 23 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है।इंस्पायर अवार्ड के जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार निलय ने बताया कि प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को पुरस्कार स्वरूप 10,000 रूपये की धनराशि प्रदान की जाती है इसप्रकार जनपद के विद्यार्थियों को 2 लाख 30 हजार रूपये प्राप्त हुए हैं।चयनित 23 विद्यार्थियों में से सर्वाधिक 04 विद्यार्थियों का चयन राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ से हुआ है।प्रतियोगिता में एक विद्यालय से कक्षा 6 से 10 तक के अधिकतम 5 विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जा सकता है।जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक व इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार निलय को उनके विद्यालय से सारा सिंह,खुशी सिंह,कोमल विश्वकर्मा एवं अश्वनी कुमार तिवारी के इंस्पायर अवार्ड में चयनित होने एवं विद्यालय के माध्यमिक कक्षाओं (कक्षा 9 एवं 10) में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक चयन देने वाले विद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गर्व का विषय है कि 23 बाल वैज्ञानिकों को इंस्पायर अवार्ड हेतु चयनित किया गया है। इसमें पं0दीनदयाल रा0इ0का0 महेवा मलकिया,राजकीय हाई स्कूल शीतलपट्टी,पी0बी0इ0कालेज,जीजी आईसी पट्टी,साकेत गर्ल्स कॉलेज,अबुलकलाम इं0कॉलेज,ग्राम विकास इं0कॉलेज देल्हूपुर,स्व0भगवती प्रसाद इंटर कालेज तिलौरी,पृथ्वीपाल इंटर कालेज,इंटर कॉलेज वीरापुर,जगदीश इ0कालेज कुंडा,आर0आर0के0इं0कालेज,उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर व पांडेय का पुरवा से 01 एवं बजरंग इंटर कालेज व उच्च प्राथमिक विद्यालय मरूआन से 02 विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड हेतु हुआ है।

# जनता की समस्याओं को सुनने के बाद भंडारे में पहुंचे राजा भइया

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने शुक्रवार को राज भवन बेंती में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश भर से आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उसके बाद श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत तिवारी पुर बडगव के लालजी मिश्र के यहां आयोजित भंडारा में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी,प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज



प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल पूर्व कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख बिहार पति रामचंद्र सरोज, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, ब्लॉक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज, संदीप त्रिपाठी, प्रधान संजय सिंह बछरौली, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव, बब्बन सिंह कुंडा, विवेक प्रताप सिंह कुंडा, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद, मंटू सिंह, आजाद सिंह परसीपुर, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, अन्नू सिंह माघी, प्रधान राजू यादव , सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज क्षेत्र के पीग गांव की रहने वाली कुसुम देवी पत्नी प्रदीप कुमार मिश्रा का आरोप है कि 10 अक्टूबर को उसका बेटा जिगर उर्फ़ विकास मिश्रा जमीनी विवाद मे समझौते के संबंध मे अपनी ससुराल मसवन गया था। समझौते के दौरान हरि शंकर पुत्र ओंकार, गोलू मिश्रा पुत्र हरि शंकर, राहुल मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा, राजेश मिश्रा पुत्र कालीचरण निवासीगण मसवन आदि गाली गलौज और मारपीट करने लगे।मारपीट मे विकास उर्फ़ जिगर एवं उसके सास ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे।इलाज के बाद विकास की माँ कुसुम की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

# एमडीपीजी में दो नकलची पकड़े गए

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में एमडीपीजी परीक्षा केंद्र पर शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ चल रहे आंतरिक सचल दल ने दो परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा और प्राचार्य के निर्देश पर रिस्टीकेट कर दिया।

एमडीपीजी कॉलेज में प्रथम पाली में बी एड प्रथम सेमेस्टर एवं बीएएलएलबी की परीक्षाएं चल रही थीं इसी दौरान प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र के निरीक्षण में कक्ष संख्या 16 में बीएड प्रथम सेमेस्टर की एक छात्रा एवं कक्ष संख्या 19 में बीएएलएलबी का एक छात्र सीरीज के फाड़े पन्नों से नकल करते पकड़ा गया। महाविद्यालय के जन सूचना



अधिकारी डॉ सी एन न पांडे ने बताया कि एमडीपी परीक्षा केंद्र पर आज कुल 70 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बी एड में 674 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 626 ने परीक्षा दी और 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि बीएएलएलबी में 228 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 220 ने परीक्षा दी और 8 अनुपस्थित रहे।

बीए फर्स्ट सेमेस्टर दर्शनशास्त्र में 35 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 25 ने परीक्षा दी और 10 अनुपस्थित रहे। तृतीय पाली में 330 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 226 ने परीक्षा दी और चार अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ राधाकृष्ण दुबे, प्रो पीके शर्मा, प्रो पी के सिंह, डॉ सी एन पांडेय, डॉ अभिषेक सिंह ने परीक्षार्थियों की तलाशी ली।

## इग्नू में दो परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर आज चार जनपदों के 11 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह एवं काउंसलर डॉ सी एन पांडेय के साथ परीक्षा का निरीक्षण किया।

# आधुनिक एवं भाग-दौड भरे जीवन में स्वास्थ्य की नियमित देखभाल पहला कर्तव्य -सांसद पीआरओ

● भारत सरकार देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सदैव तत्पर - डॉ राहुल त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर पूजा है , आत्मा में ही परमात्मा का निवास होता है।आज के आधुनिक एवं भाग-दौड भरे जीवन के दौर में स्वास्थ्य का बिशेष ध्यान रखना एवं समय-समय पर आवश्यक चेकअप कराते रहना हर एक व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है। उक्त बातें इरकान इंटरनेशनल लिमिटेड, दिल्ली के सहयोग से जय घुसमेश्वर लोक सेवा संस्थान, प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद में आयोजित होने वाले निश्शुल्क बिशाल स्वास्थ्य शिविरों के शुभारंभ अवसर पर शंकर दीनदयाल बालिका इंटर कॉलेज तारापुर के



सभागार में सांसद डॉ एस0पी0 सिंह पटेल के निजी सचिव जितेंद्र सिंह एडवोकेट ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि नियमित चेकअप, खान-पान में सावधानी एवं संयमित जीवन शैली अपनाकर ही अब हम पूर्णरूपेण स्वस्थ रह सकते हैं। शिविर में बतौर उद्घाटन अतिथि पधारे कनक हास्पिटल प्रयागराज के एमडी डॉ राहुल त्रिपाठी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पूरे देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रयास किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी बेहतर सेवाएं प्रदान कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जय घुश्मेश्वर लोक सेवा संस्थान ने हमारे जनपद में जो स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की है उसके लिए हमारे और हमारी चिकित्सा टीम की ओर से पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।अति बिशिष्ट अतिथि के तौर पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना प्रत्येक व्यक्ति का पहला कर्तव्य है क्योंकि अगर हमारी शरीर ही हमारा साथ नहीं देगी तो हम जीवन में कुछ भी नहीं कर पाएगें। इसलिए सबसे पहले हमें अपने को स्वस्थ रखना होगा। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने को बेहद जनोपयोगी एवं समाज के लिए बेहतर सेवा ठहराया।बिशिष्ट अतिथि के तौर आल इंडिया रूलर्स बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी ÷महेश÷एडवोकेट ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर सेवा प्रदान की जा सकती है। इससे समाज का हर एक व्यक्ति आवश्यकतानुसार समुचित लाभ प्राप्त कर सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिराटधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष वी एस पाठक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से सुदूरवर्ती जनपदों में प्राथमिकता के आधार पर बृहद स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सभी जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ -साथ उचित परामर्श, निश्शुल्क दवा बितरण व जांच के साथ बेहतर उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग अथवा संस्थाएं समाजसेवा की भावना रखते हैं, उन्हें देश की सरकार सदैव प्रोत्साहन देने का काम करती है। प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ भारत समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र मिश्र ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित बिशाल जनसमूह से परिचय कराया। कार्यक्रम के आयोजक तथा जय घुसमेश्वर लोक सेवा संस्थान के प्रबंधक कुल भूषण शुक्ल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, समेत बिद्यालय परिवार व उपस्थित जनमानस का हार्दिक आभार जताते हुए सहयोग की अपेक्षा पर बल दिया।इस मौके पर डॉ दिपांकर कुमार विश्वास, डॉ रिचा यादव, डॉ अजय मिश्र, फार्मासिस्ट अभय बर्मा, ज्योत्सना शुक्ला, अमित पाल, अनीस कोरी, प्रिया, ऐश्वर्य शुक्ल,कुल दीपक शुक्ल,सोनम यादव, विद्यालय प्रबंधक रामशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्थायें अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन करायें-जिला समाज कल्याण अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि पूर्वदशम्/दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थानों द्वारा ईकेवाईसी किये जाने के उपरान्त कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा समस्त शिक्षण संस्थानों का बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन किया जा रहा हे, परन्तु अभी तक पूर्वदशम् के 320, दशमोत्तर (11-12) के 175 तथा दशमोत्तर (11-12 को छोड़कर) के 49 शिक्षण संस्थाओं द्वारा अभी तक अपना बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन नही कराया है, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। उन्होने समस्त शिक्षण संस्थानों से कहा है कि अपनी संस्था के आई0एन0ओ0 (इन्स्टी्यूशन नोडल आफिसर)/एच0ओ0आई0 (हेड ऑफ इन्स्टीट्यूशन) की ईकेवाईसी अपने छात्रवृत्ति पोर्टल पर पूर्ण करते हुये कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन कराना सुनिश्चित करें, बिना बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन कराये छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र अग्रसारित नही हो पायेगें, अन्यथा की स्थिति में जिन शिक्षण संस्थानों द्वारा बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन नहीं कराया जायेगा एवं अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र विद्यालय स्तर पर लम्बित रहते है तो उसके लिये सम्बन्धित शिक्षण संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगें एवं उन शिक्षण संस्थानों को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा नोटिस निर्गत किया जायेगा और शिक्षण संस्थानों का नाम मास्टर डाटा से हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# दीवाली का बोनस अभी तक न मिलने से नाराजगी

**कुंडा प्रतापगढ़।**तहसील में सेवारत संग्रह अमीन कर्मचारियों को सीएम के दीवाली पर दिए गए बोनस और एरियर के तोहफे की धनराशि अभी तक नहीं मिली।आरोप है कि मुट्ठी गरम नहीं होने से संबंधित अधिकारी बोनस और एरियर की धनराशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। मामले को लेकर राम बहादुर यादव, अजब नारायण, संतोष, अवधेश सिंह, दिनेश यादव, अवधेश नारायण तिवारी, अलख निरंजन तिवारी, चंद्रिका प्रसाद आदि कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए डीएम से दीवाली का बोनस, एरियर का भुगतान कराने की मांग की है।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित

**लोक मित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़।** प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान एवं स्थानीय निकाय के सदस्यों की एकदिवसीय उन्मुखीकरण की बैठक ब्लॉक सभागार लक्ष्मणपुर में सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रधानों के साथ हुई। बैठक की अगुवाई वरिष्ठ भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख पति डाक्टर राकेश सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके की गई। बच्चों ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमुख पति डाक्टर राकेश सिंह ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों ग्राम प्रधान बीडीसी,या प्रमुख हो उन सभी को अपने क्षेत्र के विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ मिलकर उस विद्यालय का विकास करना चाहिए। यह समाज के प्रतिनिधि की एक अहम एवं नैतिक



जिम्मेदारी होती है। उन्होंने आगे चर्चा करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय देवली में एक से तीन तक सभी कक्षा के बच्चे निपुण की श्रेणी में आए हैं। इसके लिए वहां के प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा जो हमारे सबके लिए एक बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों को 21000 रुपए प्रोत्साहन राशि देने और उस विद्यालय के कायाकल्प के द्वारा विकास की भी बात कही। वही खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक प्रधानों के साथ मिलकर अपने-अपने विद्यालय में साफ सफाई शौचालय की समुचित व्यवस्था पठन पाठन का अच्छा माहौल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वास्तव में विद्यालय ग्राम सभा की ही संपत्ति है। वे गरीब घर के बच्चे भी उसी ग्राम सभा के हैं जो वहां पठान-पतन करने आते हैं। इसलिए प्रधानों को अपनी ग्राम सभा की उस धरोहर और उन बच्चों के विकास के विषय में सोचना चाहिए। बैठक का संचालन पूर्व शिक्षक संघ अध्यक्ष लक्ष्मणपुर मतसेंद्र नाथ मिश्रा ने किया। बैठक में एडीओ पंचायत लक्ष्मणपुर सुभाष सिंह,पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ देवी प्रसाद मिश्र, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष निर्भय सिंह,महामंत्री सुधीर मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा, प्रधान रीतेश सिंह उर्फ वीरू, दिनेश, विमलेश, गिरीश दत्त ओझा, जयसिंह बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह,अंजनी मिश्रा ,अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, संजीव सिंह ,अमित प्रताप सिंह ,आलोक सिंह ,शिखा, दीप्ति शुक्ला, नसीमा बानो, नीलम ,अपेक्षा ,महेश्वर शुक्ला, इमरान,सुधीर मिश्रा ,सुशील कुमार पांडे ,आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाने की एंटी रोमियो टीम एसओ मुकेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को महेशगंज थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय झींगुर पहुंची। जहां पर टीम ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही गुड टच बैड टच के बारे में जागरूक किया। इस दौरान टीम की प्रभारी वंदना वर्मा ने पंपलेट का वितरण भी किया।

# दिव्यांग बच्चों ने किया एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

**लोक मित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आज 13 दिसंबर को जनपद के दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट सांगीपुर के बाबा घुईसरनाथ नाथ धाम मंदिर एवं विकासखंड बाबागंज में स्थित मनगढ़ धाम मंदिर का भ्रमण कराया गया द्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य जी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। बस पर बच्चों को नाश्ता वितरित किया गया। प्रथम बस में सदर,लक्ष्मणपुर, लालगंज, रामपुर संग्रामगढ़, कुंडा , कालाकांकर के कुल 55 बच्चों ने प्रतिभाग किया द्य जबकि द्वितीय बस में नगर क्षेत्र,बाबागंज,बिहार, मांधाता,कुंडा के कुल 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया द्य घुईसरनाथ धाम की महिमा से बच्चों को अवगत कराया गया द्य एक कल्पना एक एहसास के साथ बच्चों ने मंदिर का भ्रमण किया द्य मंदिर के



बगल स्थित सई नदी गोमती नदी में मिलती है द्य दोनों नदिया गंगा जी में जा कर मिलती है द्य मंदिर प्रांगण से निकलकर बच्चे मनगढ़ भक्तिधाम मंदिर जगतगुरू कृपालु महराज द्वारा स्थापित मंदिर पहुंचकर , विभिन्न कृष्ण लीलाओं की झांकियां, व लुभावनी प्राकृतिक छटा मनभावनी प्रतिमाओं को देखकर आनंदित हुए द्य तदोपरांत श्याम स्वाद रेस्टोरेंट में बच्चों ने भोजन किया द्य राधे कृष्ण, राधे कृष्ण बोलकर बच्चे आनंदित हुए द्य बच्चों को कराया गया एक्सपोजर विजिट जिला समन्वयक समेकित शिक्षा व विशेष शिक्षकों की देख रेख में सफल रहा।

# सांगीपुर में आवारा पशुओं एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे किसान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सांगीपुर, प्रतापगढ़** – क्षेत्रीय किसान इन दिनों एक गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, जहां आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने और बैंकों से लिए गए कर्ज के कारण उनकी स्थिति और भी कठिन हो गई है। खासकर उन किसानों के लिए यह समय बेहद तनावपूर्ण है जिनके पास खुद की खेती-बाड़ी के अलावा जीवनयापन के अन्य साधन नहीं हैं। ऐसे में, किसानों को न केवल अपनी फसल की चिंता है, बल्कि घरेलू बिजली बिलों और केसीसी कर्ज की भी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं।किसानों के लिए राहत की कोई उम्मीद न होते हुए, सरकार द्वारा घरेलू बिजली के बिल पर ब्याज माफी की योजना को एक राहत उपाय के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि यह सिर्फ एक छोटे हिस्से का समाधान है। इस संकट की स्थिति में किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता और प्रभावी राहत योजनाओं की आवश्यकता है। ऐसे में कुछ बुद्धिजीवी ग्रामीण किसानों ने कहा कि समाधान के लिए कुछ प्रमुख सुझाव- भी हैं जैसे कि कृषि सहायता और राहत योजनाएं- सरकार को ऐसे कार्यक्रमों को लागू करना चाहिए जिनसे सीधे किसानों को आर्थिक मदद मिल सके। कृषि ऋण माफी- किसानों के लिए कृषि कर्ज माफी योजना और कर्ज पुनर्गठन की सुविधा दी जानी चाहिए। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं खाद्य संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। आवारा पशुओं से फसलों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इसके तहत पशु आश्रय और शेड निर्माण की आवश्यकता है। किसान, सहकारी समितियों और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से एकजुट होकर अपनी समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। कई संस्थाएं फसलों की सुरक्षा, कर्ज माफी और मुआवजे दिलवाने में मदद कर सकती हैं। इस तरह किसानों की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है और इसे शीघ्र हल किया जाना चाहिए। सरकार को जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने होंगे ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी परेशानियों का समाधान हो सके।

# सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोताओं की नम हुईं आंखें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा अंतर्गत गांव बसिरहा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन कथाव्यास पंडित जगदीश भूषण महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। सुदामाजी जितेंद्रिय एवं भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। सुशीला कहती थीं कि एक माह में दो एकादशी होती है परंतु हमारे लिए तो पूरे महीने एकादशी ही है। सुदामा की पत्नी सुशीला, सुदामा से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद करें।सुदामा, पत्नी के कहने पर द्वारिका पहुंचते हैं और द्वारपाल से अपना नाम सुदामा बताते हुए कहते हैं कि श्रीकृष्ण मेरे मित्र हैं।मैं उनसे मिलना चाहता हूं।तब द्वारपाल जाकर भगवान श्री कृष्ण से कहता है कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है। वह आपको अपना मित्र बता रहा है। जैसे ही भगवान श्री कृष्ण सुदामा का नाम सुनते हैं सुदामा सुदामा कहते हुए नंगे पैर दौड़ कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। सुदामा की दीन दशा को देखकर भगवान श्री कृष्ण की आंखों से आंसुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंहासन पर बैठा कर अपने आंसुओं से उनके चरण धो डाले। यह मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोताओं की आंखों से आंसू आ गए। सुदामाजी भाव विभोर हो गए। इस दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई जिसको देखकर श्रोता आनंदित हो गए। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं। कथा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। भगवान भाव के भूखे हैं जो भाव से भगवान को चाहेगा उसे वह जरूर मिलेंगे। श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता से लोगों को सीख लेनी चाहिए। इसके बाद भजन कीर्तन हुआ और अंत में भागवत भगवान की आरती हुई। तत्पश्चात सभी श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा के आचार्य अतुल पाण्डेय, विशाल मिश्र, मृगेश शुक्ला रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से शिव शंकर दुबे, जितेंद्र दुबे, अभिषेक दुबे, रामदुलार दुबे, कृष्ण नारायण दुबे, पंडित केशव प्रसाद उपाध्याय, वैद्य अनिल कुमार मिश्रा, शंभू तिवारी, आनंद मिश्र, शेखर आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# आपसी रंजिश में मां बेटियों संग चार को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कोतवाली के अधिया गांव निवासी नन्हेंलाल पाल का गांव के ही कुछ लोगों से आपसी रंजिश चल रहा है। उसी रंजिश को लेकर हुए विवाद में विपक्षी हमलावर हो गए।

मारपीट में नन्हेंलाल की 45 वर्षीय पत्नी चमेला देवी, 20 वर्षीय बेटी पूजा पाल, 18 वर्षीय बेटी नीलम पाल गंभीर रूप से घायल हो गई। दूसरी घटना में बड़ूपुर खेमीपुर गांव निवासी सुरेश नारायण के 43 वर्षीय बेटे मनीष कुमार शुक्ला को गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी रंजिश में पीटकर घायल कर दिया।

# अलग-अलग हादसों में महिला समेत दर्जन भर घायल, दो रेफर

**लोक मित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** क्षेत्र में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए हादसों में महिलाओं समेत दर्जन पर लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को रेफर किया गया है।

प्रयागराज जनपद के फाफामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गद्दोपुर निवासी मोहम्मद कैफ 20 वर्ष पुत्र मोहम्मद तहसीन तथा प्रतापगढ़ जनपद के सदर नगर कोतवाली क्षेत्र के चंद पुर निवासी मोहम्मद शब्बीर 40 वर्ष पुत्र साबिर दोनों बाइक से निर्माणाधीन प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से जाते समय कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मझिलगांव के पास सामने से आगे जा रहा ई-रिक्शा अचानक मोड़ दिया। इससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शाह जमालपुर निवासी श्यामसुंदर गौतम 52 वर्ष पुत्र भगवती प्रसाद गौतम तथा पिंगरी जय जय राम का पुरवा गांव निवासिनी सारिका सरोज 20 वर्ष पुत्री अमरनाथ सरोज बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। कुंडा नगर व कोतवाली क्षेत्र क पांडे का पुरवा निवासिनी छाया श्रीवास्तव 46 वर्ष पत्नी सिद्धार्थ श्रीवास्तव सड़क हादसा में घायल हो गई। रायपुर गांव निवासी भूपेंद्र यादव 40 वर्ष पुत्र राजकुमार यादव बाइक से जाते सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। मानिकपुर थाना व नगर क्षेत्र निवासी सुशील कुमार पटेल 28 वर्ष पुत्र अमृत लाल पटेल बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। केशवपुर निवासी अमर जीत पटेल 23 वर्ष पुत्र राम नेवाज बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर में घायल हो गए। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मौली बिल्ला गांव निवासी मोनू खान 23 वर्ष पुत्र मोहम्मद खालिद कुंडा से घर जाते समय रास्ते में बाइक से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। महेशगंज थाना क्षेत्र के राय असकरनपुर निवासी अरूण सिंह 23 वर्ष पुत्र लाल प्रताप सिंह सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती कराया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# विवाद में घर में तोड़फोड़, दी नामजद तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** एक दिन पहले पड़ोसन से हुए विवाद में बरामदे में रखा सामान तोड़फोड़ दिया। बरामदे में पानी भर दिया, सूखने के लिए फैलाए गए कपड़े फाड़ दिए। मामले में पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कह रही है। कुंडा नगर पंचायत के सुभाष नगर मोहल्ला में किराए के मकान में रहने वाले इन्द्रमणि मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 11 दिसम्बर को उसकी पत्नी और पड़ोसन से मामूली कहासुनी हुई थी। उसी मामले को लेकर जब 12 दिसम्बर को वह तहसील स्थित अपनी दुकान पर था और उसकी पत्नी विद्यालय में अध्यापन कार्य करने गई थी। आरोप है कि तभी पड़ोसियों ने उसकी गैलरी और बरामदे में रखे सामान जिसमें दो फोटो स्टेट मशीन, वाशिंग मशीन, कूलर समेत अनेक सामान तोड फोड़ दिया। कमरे, गैलरी, बरामदे में पानी भर दिया। सूखने के लिए डाले गए कपड़ो कैंची से काटकर और फाड़कर तहस नहस कर दिया। पीड़ित ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी है। दरोगा दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

# खेत मे पानी लगाने को लेकर दो पक्षों मे मारपीट

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के भीखापुरकानीडीह मौहरिया गांव मे खेत मे पानी लगाने को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड गए। इसमें एक पक्ष से दशरथ 80 वर्ष पुत्र रामनाथ व दूसरे पक्ष से राहुल 20 वर्ष पुत्र रमाशंकर को चोटे आई है। दोनो घायलो का इलाज सीएचसी बाघराय मे हो रहा है। दशरथ को गंभीर चोट होने के कारण डाक्टरो ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# पैदल जा रहे बालक को बाइक सवार ने मारी टक्कर , गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के मंडलभासौ बाजार मे बीते नौ दिसंबर को कार्तिक 7 वर्ष पुत्र अजय गुप्ता बाजार से पैदल घर वापस जा रहा था। उसी समय मोटरसाइकिल सवार चालक जोरदार टक्कर मारकर भाग निकला। इसके बाद गंभीर रूप घायल कार्तिक का इलाज जिला चिकित्सालय मे चल रहा है।

# यूपी बोर्ड ने अनिल कुमार निलय के शिक्षण कौशल को सराहा




**प्रतापगढ़।** राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय के पढ़ाने के निराले अंदाज व नवाचार की प्रशंसा करते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद् (यू0पी0 बोर्ड) ने अपने ऑफिशयल हैंडल से एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर उनके कक्षा शिक्षण का वीडियो साझा किया है।इस वीडियो मे निलय द्वारा स्वरचित गीत से माध्यम से विद्यार्थियों को पी0एच0 स्केल समझाया जा रहा है।जिसमे विद्यार्थियों को अम्ल,क्षार व उदासीन की पहचान एवं अम्लीयता-क्षारकता के पीएच अनुसार बढ़ने और घटने की प्रवृत्ति को भी बहुत रोचक एवं सारगर्भित रूप से समझाया गया है।यह गीत निलय के बाल गीत संग्रह साइंस के सुर मे संकलित है।इस संकलन मे विज्ञान के 35 बाल गीतों को संग्रहित किया गया है।अनिल कुमार निलय की बाल साहित्य की चार पुस्तकें लॉकडाउन पॉजिटिव,स्टूडेंटनामा,साइंस-वाइंस एवं साइंस के सुर प्रकाशित हो चुकी हैं।

# सांसद ने रेल मंत्री से की ओवरब्रिज निर्माण की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर कुंडा तहसील के बाबूगंज रेलवे क्रॉसिंग और कुंडा कस्बे के करेंटी रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की है। सांसद ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि इन दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर जाम लगा रहता है। इस कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही सांसद ने गढ़ी मानिकपुर में बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण को शुरू करने की मांग की है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं अरविंद कुमार गौतम पुत्र सुरेश चंद्र नचरौला, रामगंज ,पट्टी , प्रतापगढ़ का स्थाई निवासी हूँ ।कुछ अभिलेखों में त्रुटिवस मेरा नाम राम सिंह हो गया है जो की ग़लत है ।मेरा वास्तविक नाम अरविंद कुमार गौतम है , अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय ।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री स्नेहल सोनी उर्फ गुड्डन मेरे कहने सुनने में नहीं है ।उसके गलत व्यवहार से मेरे सामाजिक प्रतिष्ठा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।ऐसी दशा में मैने अपने पुत्री स्नेहल सोनी उर्फ गुड्डन को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है उसके द्वारा किए गए किसी भी वैध अवैध कार्य व्यवहार आचरण लेन देन के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगी ।

संतोश कुमार सोनी
पुत्र गामा प्रसाद सोनी व सविता सोनी
पत्नी संतोंश कुमार सोनी निवासी मेन रोड पट्टी , थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 431/1002/100
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन जगन्नाथ बनाम बनपत्ती आदि
बनाम
5/1. झगडू सुत नामालुम निवासीगण ग्राम उमरा पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 5/2. राधेश्याम 5/3. श्याम बहादुर 5/4. राज बहादुर सुतगण झगडू निवासी ग्राम सकरसी पो0 भरखरे पर0 लम्भुआ जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 19.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय पट्टी प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत नं0 टी20200002570405399 (वा0दा0)
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सन्त कुमार आदि बनाम गांव सभा आदि
बनाम
1. गांव सभा द्वारा प्रधान ग्राम लौलीपोख्ता पर0तह0 पट्टी प्रतापगढ़ 2. रामपाल 3. सदाशिव 4. राम दुलार सुतगण सालिकराम नि0 पूरे क्षमा पर0तह0 पट्टी प्रतापगढ़ 5. अमरावती पत्नी उदयपाल 6. सन्तोष कुमार 7. सन्तकुमार पुत्रगण उदयपाल निवासीगण ग्राम लौली पोख्ताखाम पट्टी प्रतापगढ़
अं0 धारा 24 आर0सी0 एक्ट0
तारीख पेशी 18.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील लालगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत नं0 टी202002570203997
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिव बालक बनाम सुरेन्द्र आदि
बनाम
1. सुरेन्द्र सुत शिवदत्त 2. सुमन देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र 3. मकसूदन 4. राजू सुतगण उमाकान्त 5. उर्मिला पत्नी उमाकान्त समस्त नि0ग्राम लकुरी पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
अं0 धारा 116 उ0प्र0रा0सं0
तारीख पेशी 18.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**के0के0 विधि महाविद्यालय, मान्धाता, प्रतापगढ़**
सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
**आवश्यकता है**
स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत यू0जी0सी0 एवं बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया के मानकानुसार वांछित, योग्यता एवं वेतनक्रम में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।
एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय)
**प्राचार्य**– 01 पद योग्यता–एल0एल0एम0 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं पी0एच0डी0/नेट (10 वर्ष का अनुभव)
**प्रवक्ता**– 06 पद योग्यता–एल0एल0एम0 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं पी0एच0डी0/नेट
**पुस्तकालयाध्यक्ष**– 01 पद योग्यता बी0लिब0
**लिपिक**– 01 पद 10+2 (कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक)
नोट : इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 4 नवीनतम फोटो, अंक पत्र, प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं ई–मेल सहित विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर रजिस्टर्ड डाक तथा कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। साक्षात्कार की तिथि दूरभाष या रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचित की जायेगी। सम्पर्क सूत्र : 9450187707, 7080495959
प्रबन्धक

**कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, प्रतापगढ़**

पत्रांक : 637/न0पं0मा0/2024 दिनांक 11.12.2024

**सूचना**

एतद्द्वारा नगर पंचायत मानिकपुर के सभी ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मानिकपुर को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु ई0 निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन, डाउनलोड व डालने की तिथि | 11.12.2024 से 31.12.2024 तक | 04.00 बजे प्रातः से सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | निविदा खुलने की तिथि | 01.01.2025 | 12.00 बजे अपरान्ह |

नोट : सम्बन्धित जानकारी कार्यालय व http://etender.up.nic.in पर प्राप्त कर सकते है। नियम व शर्ते पोर्टल पर अपलोड है। व शर्तो/अन्य कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर
प्रतापगढ़

अध्यक्ष
नगर पंचायत मानिकपुर
प्रतापगढ़

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# डीएम ने दिए मंदाकिनी नदी में गिरने वाले नालों को रोकने के दिए निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षा रोपण समिति की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने समिति के कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने पौध रोपण के सम्बन्ध में कहा कि रोपित पौधों की विभाग वार जिओ ट्रैकिंग कराते हुए सत्यापन रिपोर्ट 15 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हो जानी चाहिए। साथ ही रोपित पौधों की निराई-गुड़ाई, सिंचाई एवं सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित कराए। पर्यावरण के सम्बन्ध में कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबन्धित रहनी चाहिए। साथ ही भंडारा आदि में प्लास्टिक की जगह पत्तों से बने दोना-पत्तल का प्रयोग करने के लिए सभी को प्रेरित करें। अधिशासी अधिकारी कर्वी को इसके प्रति प्रचार-प्रसार कर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। साथ ही मठों-मंदिरों में भी जाकर जागरुक करें। इसके अलावा पॉलिथीन प्रयोग होने पर अभियान चलाकर छापामारी करते हुए सम्बन्धित को पकड़े एवं जुर्माना लगाकर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने मंदाकिनी नदी में गिरने वाले गंदे पानी की टैपिंग के लिए बनने वाले डीपीआर की जानकारी ली। जिस पर अधिशासी अधिकारी कर्वी ने कहा कि डीपीआर बन गया है तथा जल्द ही अनुमति के लिए भेजा जाएगा। अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने कहा कि जब सभी नालों को टैप कर लिया जाएगा तो गंदा पानी मंदाकिनी में नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि तब तक पानी को रोकने के लिए एसटीपी नहीं बनाता तब तक कोई वैकल्पिक बायोरेमेडीएशन की व्यवस्था कराएं। जिससे कि गंदा पानी मंदाकिनी में न जाने पाएं। जिला गंगा समिति सदस्य आशीष रघुवंशी ने कहा कि अरछा-बरेठी के पास मंदाकिनी नदी में चेक डैम बना है, जिस पर अगर फाटक लगा दिए जाए तो मंदाकिनी में जमने वाली सिल्ट बारिश में साफ हो जाएगी। जिस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान को निर्देशित किया कि निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निजी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की मॉनिटरिंग भी करें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, अपर प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शिवरामपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शनि कुमार चतुर्वेदी व उनके हमराह आरक्षी नरेन्द्र कुमार ने आरोपी विक्रम यादव निवासी ग्राम लौडिया बुजुर्ग कोतवाली कर्वी को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ व उपनिरीक्षक गजबये आलम व उनके हमराही आरक्षी विपिन कुमार ने आरोपी धर्मेन्द्र सिंह निवासी अगरहुंडा थाना रैपुरा को 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# पूरब पताई महोत्सव के तहत किया गया दंगल का आयोजन



**मऊ, चित्रकूट-** पूरब पताई महोत्सव अंतर्गत दो दिवसीय दंगल का भव्य शुभारंभ किया गया। दंगल का शुभारंभ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया गया।उन्होंने कहा कि वर्षो से चली आ रही परंपरा को जीवित रखते हुए कुश्ती के प्राचीन स्वरूप को संरक्षित रखने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। दंगल लोगों को मेहनत करने का संदेश भी देता है। मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं विनीत द्विवेदी का स्वागत रामलीला कमेटी के मेला दंगल कमेटी के संरक्षक भाजपा नेता हरकेश बहादुर सिंह एवं रामलीला कमेटी के प्रबंधक कुंवर बृजेश सिंह एडवोकेट ने किया। दंगल में हुई रोमांचक कुश्तियों ने दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान कुश्ती में मनोज कौशांबी और तीरथ सिंह के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में मनोज विजय हुए। क्रमशः अनिल महुआ गांव एवं बाबा के बीच हुई कुश्ती में अनिल महुआ गांव विजई हुए। विनोद टिटिहिरा और सत्यपाल कन्नौज के बीच हुई कुश्ती में विनोद विजई हुए। लक्ष्मण फतेहपुर और मुब्बन चायल में मुब्बन विजई, संजय हरियाणा और बीके राजस्थान के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में संजय हरियाणा विजय हुए। राजेश पिपरौंद और जितेंद्र चायल में राजेश पिपरौंद विजय हुए। इस दौरान साहिल सिंह, संतोष, मूरत, अनुज, धर्मराज, दिलीप, पुनीत, राजू, बाबा बांदा आदि पहलवानों ने प्रतिभाग किया। दंगल में क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित होकर रोमांचक कुश्तियों का आनंद लिया। इस दौरान मलखान सिंह, नरेश बहादुर सिंह, अमन सिंह एडवोकेट, सौरभ सिंह एडवोकेट, रवि सिंह एडवोकेट सहित ढेर सारी जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# पीसीएस परीक्षा के तहत डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तैयारी को लेकर त्यागी इंटर कॉलिज ऐंचवारा व कृषक इंटर कॉलेज भौरी का निरीक्षण किया। इस परीक्षा के लिए जनपद में कुल नौ केंद्र बनाएं गए है। जिसमें 4032 परीक्षार्थी अपना भाग्य आजमाएंगे।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट व नौ स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापक भी लगाए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा सही न होने पर परीक्षा से पहले सही करा ले एवं सभी कैमरे संचालित रहने चाहिए। साथ ही कमरों में प्रकाश की व्यवस्था भी अच्छी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों को भी निर्देशित किया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न करना सभी का दायित्व है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं है।

# जिला खनिज फाउण्डेशन व न्यास निधि की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि चित्रकूट की संयुक्त बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें विकास कार्यो को लेकर चर्चा की गई।शाषी परिषद व प्रबंध समिति के सदस्यों ने बैठक में प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा करने के बाद मिनी स्पोर्ट स्टेडियम, गौशाला, विद्यायलय पहुंच मार्ग एवं मरम्मतीकरण सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण आदि के कार्य कराने के लिए सहमति व्यक्त की गई। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि रसिन में स्टेडियम के निर्माण की शुरुआत करें, इसमें कमी आने पर विधायक निधि से मदद दी जाएगी। कहा कि स्टेडियम में विधायक निधि से लाइट लगाई गई है जो पूर्ण रूप से प्रकाशित नहीं हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को एक परमानेंट मैकेनिक रखने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएआर व नीति आयोग के मद द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में व्यवस्थाएं की जाती है। इस पर विधायक ने कहा कि विधायक निधि से 10 आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्ण रूप से सहयोग दिया जाएगा। विद्यालय से पहुंच मार्ग के संबंध में विधायक ने कहा कि पहुंच मार्ग के साथ ही विद्यालय में फर्नीचर की व्यवस्था विधायक निधि से कराई जाएगी। इसमें कोल-आदिवासी क्षेत्र को प्राथमिकता दें। जीआईसी इंटर कॉलिज के रिनोवेट पर चर्चा हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सूची बनाकर प्रेषित करें। रामनगर में स्मार्ट क्लास को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि रामनगर आकांक्षात्मक ब्लॉक है इसमें प्राथमिकता रहेगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया की बालिका विद्यालय गनीवा एव अन्य बालिका विद्यालय को मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से कराए एवं सूची भी प्रेषित करें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आलोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एस के मिश्रा, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस ने की मॉक ड्रिल

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन कर्वी में परेड की सलामी ली। इस दौरान आकस्मिक परिस्थिति में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया।दंगा नियन्त्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण ने दंगा नियंत्रण ड्रिल की 10 पार्टियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य आरक्षी आर्मोरर राममहेश ने एण्टी राइड गन, गैस गन एवं पम्प एक्शन गन को हैण्डलिंग करने एवं प्रयोग करने के सम्बन्ध में बताया। साथ ही विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, अश्रु गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन (गैस गन) आदि के प्रयोग का भी पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान दंगाइयों व बलवाइयों पर प्रयोग करने वाले एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं इनके प्रयोग करने के तरीके के बारे में अवगत कराया गया

# आरटीई के तहत कराएं दुर्बल और निर्धन आय वर्ग के बच्चों का नामाकंन

**चित्रकूट ब्यूरो-** दुर्बल और निर्धन आय वर्ग के बच्चों का नामांकन मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अधिक से अधिक संख्या में कराये जाने के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबन्धकों व प्रधानाध्यापकों की बैठक शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी बीके शर्मा ने ली।यूआरसी कर्वी में हुई बैठक में बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा समयान्तर्गत शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि जारी कर दी गयी है। अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में 25 प्रतिशत सीटें इस वर्ग के लिए निधीरित हैं। ऐसे में सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में आवेदन व पंजीकृत आरटीई के तहत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में धनराशि आवंटित की जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 450 रुपये प्रति छात्र प्रति माह गत वर्ष भी भुगतान की जा चुकी है। आवेदन पंजीकरण में आ रही समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के लिए उन्होंने अपने कार्यालय के स्टाफ को निर्देशित किया। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अलावा खण्ड शिक्षाधिकारी मिथलेश कुमार, जिला समन्वयक अत्रि प्रकाश त्रिपाठी, वीरेन्द्र गुप्ता ने भी जानकारी साझा की। संकुल शिक्षक कुलदीप सिंह एवं बुद्धि विलास सैनी ने तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने यू-डायस के अन्तर्गत टीचर और स्कूल प्रोफाइल, अपार आईडी जेनेरेशन आदि की जानकारी दी।इस मौके पर ऐबेनेजर स्कूल से प्रेम सिंह, राजेश सिंह, गौतम चक्रवर्ती, संतोष तैलंग, आर डी विश्वकर्मा, अवध बिहारी, होटेलाल, सौरभ कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, रजनी खरे, रणजीत सिटे, पंकज, दिलीप चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# उदहिन बुजुर्ग, धाता होकर कड़ा दारानगर से चित्रकूट धाम के लिए रोडवेज बस का संचालन हो- अजय सोनी

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं परिवहन निगम से कड़ा दारानगर से चित्रकूट धाम के लिए उदहिन बुजुर्ग धाता होकर रोडवेज बस के संचालन की मांग की है।

शुक्रवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग में समर्थ किसान पार्टी के कार्यकताओं ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने की। बैठक के मांध्यम से अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी एवं परिवहन निगम के अधिकारियों से कड़ा दारानगर से चित्रकूट धाम के लिए उदहिन बुजुर्ग धाता होकर रोडवेज बस के संचालन की मांग की। अजय सोनी के मुताबिक ऐसा होने से जिले के सीमावर्ती गांवों के लोगों को भी चित्रकूट धाम, राजापुर धाम एवं शीतला माता धाम कड़ा के लिए आवागमन की सुविधा होगी साथ ही क्षेत्र में रोडवेज बस के संचालन से विकास होगा और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलेगा। आगे बताया कि इस संबंध में मेरे द्वारा पूर्व के कई सालों से यह मांग उठाई जा रही है। कहा कि इस रूट से रोडवेज बस के संचालन हेतु मेरे द्वारा परिवहन निगम के क्षेत्रीय निदेशक प्रयागराज और अपर क्षेत्रीय निदेशक कौशांबी को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



इसी के साथ अजय सोनी ने कहा उदहिन धाता मार्ग से चित्रकूट धाम तक कड़ा दारानगर से रोडवेज बस के संचालन से न सिर्फ जिले के सीमावर्ती गांवों के लोगों को सहूलियत मिलेगी बल्कि परिवहन निगम को भी इस रूट से रोडवेज बस के संचालन में भारी आय होगी। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी एवं रोडवेज विभाग के प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय निदेशक एवं कौशांबी जिले के अपर क्षेत्रीय निदेशक से कड़ा दारानगर से चित्रकूट धाम तक के लिए उदहिन बुजुर्ग, घाता होकर रोडवेज बस के संचालन की मांग की है। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, राम प्रताप सोनकर, जगदीश मौर्य, शफीक अहमद, इकरार अली आदि मौजूद रहे।

# 16 व 17 को होगा रोजगार मेला

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में विकास खण्ड पहाड़ी में 16 व 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिभाग के लिए इच्छुक अभ्यर्थीगण विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी के पास शैक्षणिक योग्यता, जाति, अनुभव एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो होना आवश्यक है।

# छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में सुन्दर मुंदर कन्या इन्टर कालेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमें दवाएं भी वितरित की गई।संगठन के प्रकल्प प्रमुख गोवर्द्धन त्रिपाठी ने बताया कि उनका संगठन एनीमिया फ्री भारत का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है जिसके अंतर्गत एनिमिक बच्चियों को पूर्ण स्वस्थ होने तक दवा दी जाएगी। उक्त अवसर पर कुल छह बच्चियों को चिन्हित कर उनको दवायें भी दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए चिकित्सकों ने बच्चियों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए तथा खान पान को ठीक रखने की सलाह दी साथ ही बच्चियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या सावित्री चौरसिया के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# आटो चालकों को नियमित करने की तैयारी

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** यातायात प्रभारी विपिन पांडेय ने आटो चालकों को सूचित किया है कि वे 20 दिसंबर तक वांछित अभिलेख पुलिस कार्यालय में जमा करा दें जिससे समिति द्वारा उनको मार्ग विशेष पर वाहन संचालित करने का अनुमति पत्र और वाहनों को कोड मिल जाए। उन्होंने बताया कि ऐसा निर्णय आटो रिक्शों के मनमाने संचालन पर रोक लगाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि 20 दिसंबर के बाद कोई भी आटो रिक्शा अनियमित संचालन करते हुए पाया जाएगा तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# जच्चा बच्चा की मौत मामले में संचालक समेत तीन के खिलाफ तहरीर

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा स्थित उन्नति अस्पताल में शनिवार को आपरेशन से प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई थी। सीएमओ के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया था। मामले में पीड़ित पति ने शुक्रवार को थाने जाकर अस्पताल संचालक के खिलाफ तहरीर दी है।काजू गांव निवासी राजेंद्र कुमार उर्फ गुंडा रैदास के मुताबिक शनिवार को उसकी पत्नी सोनी देवी (30) को प्रसव पीड़ा होने पर वह उन्नति अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर ऑपरेशन से मृत बच्चे के जन्म के बाद महिला की भी अधिक रक्त स्राव हालत बिगड़ गई थी। आरोप है कि प्रयगराज ले जाते समय उसकी भी मौत हो गई। परिजनो का आरोप है कि अस्पताल के डाक्टर की लापरवाही से जच्चा और बच्चा की मौत हुई है। आरोप है कि अस्पताल संचालक समेत तीन युवकों ने डरा धमका कर बगैर पोस्टमार्टम के ही महिला का अंतिम संस्कार करवा दिया था।

# एनसीसी कैडेट्स को दिया गया फायरिंग का प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी में शुक्रवार को 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज मुख्यालय द्वारा एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत 200 कैडेट्स ने फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद कुमार सिंह की मौजूदगी में चित्रकूट इंटर कॉलिज के एनसीसी कैडेट्स को पहली बार फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल ने बताया कि आकस्मिक स्थिति में प्रशिक्षित एनसीसी कैडेट्स की सेवाएं लेना ही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण के तहत भारत सरकार द्वारा पूरे देश में चुनिंदा विद्यालयों में एनसीसी का प्रशिक्षण देकर आकस्मिक सेवा के लिए छात्र-छात्राओं को तैयार किया जाता है। इसके तहत बालिकाओं को भी शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत दिया जाता है। लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को एनसीसी के माध्यम से एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से उन्हें मजबूत बनाकर देश के लिए अच्छे नागरिक भी तैयार करना एनसीसी का मकसद है, अनुशासित नागरिक ही देश को महान बना सकते हैं। चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में 200 कैडेट्स ने फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस मौके पर एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, एनसीसी बटालियन मुख्यालय के देवेंद्र सिंह यादव, किशन सिंह, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# किसानों से निर्धारित समय में सिंचाई करने की अपील

**चित्रकूट ब्यूरो-**सिंचाई विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार संचालित चिल्लीमल पंप कैनाल नहर कुछ दिनों से बंद हो गई है। जिसके बाद से तिरहार क्षेत्र के किसान खेतों में पलेवा के लिए परेशान हैं। इस मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सिंचाई विभाग को पुनः नहर चालू करने के निर्देश दिए हैं।

सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता एसके प्रसाद ने बताया कि 15-15 दिन के अंतराल में विभागीय रोस्टर के अनुसार पम्प कैनाल नहर संचालित हो रही है। बीते 25 नवंबर से नहर चालू हुई थी। इसके अलावा क्षेत्रीय किसानों ने भी अधिक दिनों तक नहर चलने से उनके खेतों में पानी भर जाने की समस्या से अवगत कराया था। जिसके बाद अब रोस्टर के अनुसार दो दिन पहले नहर बंद की गई है। लेकिन कुछ शेष किसानों को सिंचाई की आवश्यकता पड़ने पर डीएम के आदेश पर पुनः 14 से 16 दिसंबर तक नहर चालू की जाएगी। इस दौरान शेष किसान अतिशीघ्र खेतों की सिंचाई हर हाल में निर्धारित तिथि तक कर लें, इसके बाद अब नहर सीधे नए वर्ष के जनवरी माह के पहले सप्ताह में ही चालू होगी। उन्होंने बताया कि लगातार नहर चालू रहने से कई किसानों के खेतों में पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रोस्टर के अनुसार ही नहर चालू होगी। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से अब रोस्टर का अनुपालन करने एवं अन्य किसानों को इसके बारे में बताने की अपील की है।

# लल्लू तिवारी मंडल अध्यक्ष मनोनीत



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** भोजपुरी के प्रसिद्ध कवि राजेन्द्र तिवारी लल्लू को उत्तर प्रदेश पेन्शनर्स कल्याण संस्था के विन्ध्याचल मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन सहित पेंशनभोगियों ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त अध्यक्ष अपनी अच्छी छवि का लाभ पेंशनभोगियों को दिलाएंगे और समस्याओं का निदान तत्परता से कराएंगे। उनके मनोनयन पर विजय शंकर दुबे, धर्मराज सिंह, हौसला प्रसाद मिश्र, लल्लू राम सहित बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने बधाई दी है।

# विन्ध्यवासिनी मंदिर में एक श्रद्धालु ने लगवाया रजत द्वार

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** विंध्यवासिनी धाम का निकास द्वार रजत निर्मित हो गया है। बिहार औरंगाबाद निवासी रविंद्र सैनी ने आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी को चांदी का द्वार अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि 76.800 किलो चांदी से बने दरवाजे को वाराणसी के कारीगरों ने बनाया है।

माता के धाम में प्रवेश के लिए गणेश द्वार पहले से ही एक भक्त के द्वारा रजत मंडित कराया जा चुका है। श्रीविंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि तीर्थ पुरोहित सूर्य प्रसाद मिश्र के यजमान औरंगाबाद बिहार निवासी रविंद्र सैनी ने मां के निकास द्वार को रजत मंडित करने का संकल्प लिया था। उन्होंने अपने तीर्थ पुरोहित से अपनी इच्छा प्रकट की थी तथा पुरोहित ने उनको जानकारी दी थी जिसपर जिला प्रशासन से वार्ता करके रजत द्वार लगने का मार्ग प्रशस्त कराया गया।



माता विंध्यवासिनी के दरबार में चांदी का दरवाजा लगवाने वाले यजमान रविंद्र सैनी के तीर्थ पुरोहित सूर्य प्रसाद मिश्र ने बताया कि भक्त के द्वारा मां को रजत द्वार चढ़ाने का संकल्प लिया गया था। नापजोख के बाद वाराणसी के कारीगर को आर्डर दिया गया था।

ज्ञातव्य है कि इसी वर्ष जून माह में तीर्थ पुरोहित डा. राजेश मिश्र एवं चतुरानंद मिश्र के महाराष्ट्र निवासी यजमान संजय सिंह ने माँ के मंडप को स्वर्ण मंडित कराया था। जिसमें 52 किलो चांदी और 4¬50 किलो सोना का प्रयोग हुआ और 4.30 करोड़ का खर्च आया था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी देवी व भारत निर्वाचन आयोग में मेरा नाम गोमती देवी दर्ज है। दोनों नाम एक ही महिला के हैं। अतः मुझे लक्ष्मी देवी के नाम से जाना एवं पहचाना जाएं।

लक्ष्मी देवी पत्नी बेनी प्रसाद
पता- भगौतीगंज, बरई उर्फ सराय अकिल, कौशाम्बी

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# केंद्रीय विद्यालय रायबरेली ने मनाया केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** केंद्रीय विद्यालय रायबरेली ने केंद्रीय विद्यालय संगठन का 61वां स्थापना दिवस मनाया विदित हो कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 15 दिसंबर 1963 को 20 रेजीमेंटल स्कूलों को सेंट्रल स्कूल नाम देकर के की गई थी जिसे बाद में केंद्रीय विद्यालय नाम देकर संगठित रूप से केंद्रीय विद्यालय संगठन नाम दिया गया। तब से प्रत्येक केंद्रीय विद्यालय हर साल 15 दिसंबर को केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मानता है। इसी कड़ी में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में भी केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना दिवस की 61वीं वर्षगांठ मनाई गई। क्योंकि 14 एवं 15 दिसंबर को विद्यालय में अवकाश के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा कराई जा रही सीटेट की परीक्षाएं आयोजित होनी है । अतः स्थापना दिवस का कार्यक्रम दो दिन पूर्व आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने अपने सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ-साथ पूरा छात्रों को भी आमंत्रित किया था, जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अभिषेक शुक्ला एमबीबीएस एमडी एवं हरियाणा ज्यूडीशियरी विभाग में चयनित समृद्धि सिंह ने उपस्थित होकर बच्चों को प्रेरणा दिया। सेवा निवृत अध्यापकों में टी सिद्दीकी, एमएच सिद्दीकी,एससी सिंह, श्रीराम मनोहर मिश्र तथा विनोद दुबे ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया। प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य राजेश त्रिपाठी एवं रमेश चन्द्र दुबे, प्रधानाध्याप आरबी शर्मा एवं कमलेश कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत करके मंच तक स्कॉउट गाइड्स के अभिरक्षण में ससम्मान लाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज की सेवानिवृत प्रोफेसर श्रीमती चंपा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया बच्चों ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के उद्देश्यों लक्ष्यों एवं उपलब्धियां के बारे में बताया तथा साथ में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली द्वारा सत्र 2023-24 में शिक्षण एवं खेल के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियां की जानकारी दी गई। विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कथक नृत्य एवं लावणी नृत्य प्रमुख रहे। योग प्रशिक्षक अंकित शुक्ला के निर्देशन में बच्चों ने योग का संगीतमय एवं सुंदर प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रथम पाली आरबी शर्मा द्वारा प्रस्तुत ''केंद्रीय विद्यालय संगठन'' कविता अत्यंत सराहनीय रही। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि चंपा श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को बड़ों का सम्मान करने एवं कर्तव्य के प्रति सचेत रहने हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। विशिष्ट अतिथि डॉ अभिषेक शुक्ला एवं समृद्धि सिंह द्वारा भी सभा को सम्बोधित किया गया एवं बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। अंत में मुख्य अतिथि डॉक्टर चंपा श्रीवास्तव द्वारा वार्षिक खेलकूद ध्वज का आरोहण करके समारोह के उद्घाटन की घोषणा की गई एवं खेल मशाल प्रज्ज्वलित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन को भविष्य में ऊंचाईयों को छूने की कामना के प्रतीक रूप में तिरंगे के रंगों में गुब्बारे छोड़े गए जिनके ऊंचाई चढ़ने के साथ साथ उसके नीचे चमकता पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली का नाम भी ऊंचाइयों को छू रहा था।इस अवसर पर संपन्न हुई खेलकूद प्रतियोगिता में जहां प्रथम पाली के प्राथमिक विभाग में अशोक सदन प्रथम रहा वहीं द्वितीय स्थान पर टैगोर सदन एवं तृतीय स्थान पर सुभाष सदन रहा जबकि माध्यमिक विभाग में अशोक सदन प्रथम स्थान पर और टैगोर सदन द्वितीय स्थान पर रहा जबकि द्वितीय पाली में टैगोर सदन प्रथम और अशोक सदन ने द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया।

## 100 दिवसीय संघन टीबी खोज अभियान को लेकर सी0एम0ओ0 पहुंचे अमावां

### इस अभियान को सफल बनाने में कोई कसर न छोड़ी जाए: डॉ नवीन चंद्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** अमावां रायबरेली ग्राम पंचायत 100 दिवसीय सघन टी0बी0 खोज विशेष अभियान का शुभारंभ 7 दिसंबर को शुरू हो गया है इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा अमावां पहुंचे और इस अभियान के बारे में पूछताछ की साथ ही साथ इस सघन अभियान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में क्षय रोगी मरीज गोद लेने की एक्टिविटी भी की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनुपम सिंह के अगुवाई में पूरे जनपद में 100 दिवसीय टी0बी0 खोज अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान 100 दिन चलेगा इस अभियान में 60 साल के ऊपर के मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी, जिनको शुगर और लो बी0एम0आई0 व सामूहिक रूप से रह रहे लोगों की स्क्रीन की जाएगी। इसी क्रम में अमावां के अंतर्गत संघन टी0बी0 खोज अभियान का कार्य करते कर्मचारी नजर आए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यह अभियान हर गांव जाकर चलाया जा रहा है इस अभियान का कहना है 60 साल से ऊपर व अन्य वल्बनरी ना छूटने पाए इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोई भी घर न छूटे हर घर से लक्षण पूछे जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति मे लक्षण दिखता है तुरंत उस व्यक्ति का ट्रूनेट उसी दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा दिया जाएगा है। और उसी दिन बलगम की ट्रूनेट जांच भी कर दी जायेगी और संक्रमित पाए जाने पर तुरंत इलाज पर लाया जाएगा है।

अधीक्षक डॉ रोहित कटियार ने बताया टी0बी0 बलगम जांच ट्रूनेट की जांच बिल्कुल मुफ्त है, दवा और जांच बिल्कुल मुफ्त है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक भी घर ना छूटे हम घर घर जाकर लक्षण पता कर रहे है लक्षण पाए जाने पर बलगम कलेक्ट कर रहे हैं जब हर घर की स्क्रीनिंग करेंगे तभी लक्ष्य पूरा कर पाएंगे।इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ अभिजीत सिंह, डॉ आकांक्षा, डॉ सुनील सिंह, प्रमिला, अजय, वह अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोन हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा कर एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित करायें बैंक: सीडीओ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति (डी0एल0आर0सी0) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत विभागों द्वारा जो भी आवेदन लोन हेतु बैंक में प्रेषित किये जाते हैं, बैंकों द्वारा उनकी समीक्षा कर प्राथमिकता से लोन स्वीकृत किया जाये, यदि आवेदन स्वीकृत योग्य नही है तो उसके कारण का उल्लेख करते हुए समय से आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाए, लेकिन आवेदन किसी भी दशा में लम्बित न रहे, यह सुनिश्चित कराया जाए। बैंकों द्वारा लाभार्थियों से अनावश्यक अभिलेख मांग कर परेशान न किया जाए, जो अभिलेख आवश्यक हो बस उन अभिलेखों को मांगा जाए। बैंकों द्वारा समीक्षा कर लोन हेतु लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।बैठक में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, एल0डी0एम0 सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मस्जिदों में नमाज को लेकर अलर्ट मोड में दिखा प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहा भारी मात्रा में पुलिस बल



**महराजगंज रायबरेली।** संवेदनशील इलाकों पर जुम्मे की नमाज को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मी निगरानी करते रहे। महराजगंज क्षेत्र में आज शुक्रवार को जुम्मे की नमाज कराने के लिए महराजगंज पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव अलर्ट मोड में नजर आए। बताते चले कि महराजगंज पुलिस द्वारा लगातार संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। सभी मस्जिदों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। लगातार पूरे क्षेत्र में पुलिस के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न करने के लिए लगातार पुलिस द्वारा निगरानी रखी जा रही थी,ताकि अफ्वाह फैलाने वालों व दंगा फैलाने वालों के खिलाफकठोर कार्यवाही की जा सके जुम्मे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से ही अलर्ट मोड पर रहने के सख्त निर्देश दिए हैं और लगातार धर्म गुरुओं से भी प्रशासन द्वारा बात करके सभी को जुम्मे की नमाज को लेकर भी निर्देश दिया जा चुका है।

# समाजसेविका राम कुमारी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के जाने-माने दवा व्यवसाई तथा समाज सेवी और लोकतंत्र सेनानी दिवंगत सत्यनारायण गुप्ता की धर्मपत्नी राम कुमारी (81) का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आज शुक्रवार को सुबह लगभग 7:00 बजे निधन हो गया। वह महराजगंज कस्बे की चेयरमैन सरला साहू की सास तथा वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू की मां थी। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के भौसी आश्रम जनई में पूरे विधि विधान के साथ उन्हें समाधि दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा के नेतागण व विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हजारों की तादात में इकट्ठा क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से ष्राम कुमारी गुप्ताष् को अंतिम विदाई दी।

आपको बता दें कि, महराजगंज कस्बे के रहने वाले चेयरमैन पति व भाजपा नेता प्रभात साहू की मां राम कुमारी गुप्ता बड़ी ही मिलनसार स्वभाव की धार्मिक एवं समाजसेवी महिला थी। उनके पति दिवंगत सत्यनारायण गुप्ता बहुत समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे, तथा उन्होंने संघ के तहसील संघचालक के पद पर कार्य किया। कई शिक्षण संस्थाओं की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। ष्राम कुमारी गुप्ताष् की पुत्रवधू सरला साहू विगत 20 वर्षों से महराजगंज नगर पंचायत की चेयरमैन बनती आई हैं, तथा उनके पुत्र प्रभात साहू जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।''राम कुमारी गुप्ता'' सत्यनारायण गुप्ता की पत्नी थी, जो देश के जाने माने संत स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के सबसे प्रिय शिष्यों में से एक थे। ''राम कुमारी गुप्ता'' के पति दिवंगत सत्यनारायण गुप्ता जिन्होंने अपनी 10 बीघे जमीन स्वामी अड़गड़ानंद के आश्रम निर्माण हेतु दान कर दी थी, और वहां पर भव्य आश्रम का निर्माण भी कराया था।1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल में ''राम कुमारी गुप्ता'' के पति दिवंगत सत्यनारायण गुप्ता को आरएसएस से जुड़े होने के कारण गिरफ्तार भी किया गया था, और वह काफी दिनों तक जेल में भी रहे, इसलिए ष्राम कुमारी गुप्ताष् के पति को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा प्राप्त था। विगत बुधवार को को अचानक राम कुमारी गुप्ता (81) की हालत बिगड़ी, तो तत्काल उन्हें लखनऊ स्थित सनराइज मेडिकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार की सुबह लगभग 7:00 बजे इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।इसके उपरांत उनका शव यहां उनके घर महराजगंज कस्बा लाया गया, जहां राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के बड़े भाई गणेश प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ कुंवर हनुमंत सिंह, मंत्री प्रतिनिधि शिवम तिवारी, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील पासी, भाजपा नेता डॉ माताफेर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बाल किशोर त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, मुरैनी प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट के अलावा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी समेत लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, भाजपा महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप चौधरी उर्फ दीपू के अलावा भाजपा नेता पवन साहू, अग्रणी व्यवसाई सुधीर साहू, राहुल साहू आदि ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को भौसी मजरे जनई स्थित स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के आश्रम ले जाया गया जहां आश्रम पद्धति से पूरे विधि विधान के साथ नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, अध्यक्ष बछरावां रामजी वर्मा, अधिशासी अधिकारी महराजगंज राम आशीष, पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप चौधरी, संतलाल लोधी, मंत्री (प्रतिनिधि) उमेश कुमार उर्फ कुन्नु, लाल सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, असगर मदारिया, भल्लू ठेकेदार, सभासद नूरुल हसन, सभासद विजय धीमान, रामकुमार यादव, विनीत वैस्य, धर्मेंद्र वर्मा, मोहम्मद अलीम, मुस्ताक रायनी, कमलेश कुमार, विमल रस्तोगी, अवधेश मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधित्व जमुरवा मोनू तिवारी, अचिंत गुप्ता, विजय प्रकाश उर्फ लोंदे, जैनुल आबदीन उर्फ लाला मनिहार, पंकज वर्मा, जियाउलहक मंसूरी, ईमान उल हक सहित बड़ी तादाद में क्षेत्र के लोगों ने फूल मालाएं चढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी। तत्पश्चात आश्रम परिसर में पूरे विधि विधान के साथ उन्हें समाधि दे दी गई।

## अनूप यादव बने बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव - इं0 वीरेन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती द्वारा पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ता अनूप कुमार यादव को बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन के उपरान्त राष्ट्रीय सचिव अनूप कुमार यादव समर्थकों की भारी भीड़ लेकर समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट पहुंचे जहां पर जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अनूप कुमार यादव का जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं में अत्यधिक प्रभाव है पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में सदैव पार्टी आन्दोलनों में सक्रिय भागीदारी रही है। इनके मनोनयन से समाजवादी आंदोलन को मजबूती मिलेगी। बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनायक सोनकर जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी राजीव गौतम, महासचिव मो0 अरशद खान, उपाध्यक्ष हसीन अहमद, जिला सचिव अरूण प्रताप यादव, वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र प्रताप, राष्ट्रीय सचिव सत्येश गौतम, चद्र प्रकाश आजाद, विधान सभा अध्यक्ष योगेश्वर पटेल, प्रधान महेन्द्र यादव, प्रधान संजय यादव आदि नेताओं द्वारा अनूप कुमार यादव को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनयन पर शुभकामनाऐं देते हुए हर्ष व्यक्त किया गया।कार्यालय में बडी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**अतर्रा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान चलाकर छात्राओं को जागरूक करने का काम पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है। गुड टच और बैड टच के साथ ही हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी भी दी जा रही है।
कस्बे के गांधी नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कोतवाली पुलिस की महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के फेज-5 के तहत छात्राओं को जागरूक किया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाया गया। पुलिसकर्मियों ने शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों जैसे आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी साझा किए गए। इस जागरूकता अभियान में थाने के आरक्षी विजय और शुभम, महिला आरक्षी पूजा रावत सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। छात्राओं को विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कहा गया कि आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों के जरिए सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## बूथ समितियो के गठन को लेकर मंडल चुनाव अधिकारी ने की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** खीरो मंडल चुनाव अधिकारी सुशील शुक्ला ने भाजपा के शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारियों और मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह के साथ बैठक किया और बूथ समितियो के गठन को लेकर चर्चा करते हुए हो रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि भाजपा का संगठन पर्व अभियान चल रहा है। प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता के बाद अब बूथ समितियां गठित हो रही हैं। बूथ समिति के गठन के बाद मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव अधिकारी सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा में लोकतंत्र के साथ-साथ डेमोक्रेसी भी है। संगठन चुनाव बड़े ही पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से कराए जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष के लिए दो बार का सक्रिय सदस्य और पदाधिकारी होना अनिवार्य है। आज शनिवार को मंडल अध्यक्ष का चुनाव दोपहर बाद ढाई बजे ब्लॉक सभागार में होगा। इस मौके पर दिलीप गुप्ता,गुड्डू वैश्य, अशोक प्रताप सिंह, शिवराज वर्मा, संतोष कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छोटे बच्चों को स्टेशनरी कॉपी और टाफी किया वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आलोक कुमार गुप्ता और मुख्य बीमा सलाहकार श्रवण कुमार शर्मा ने लालू मऊ के प्राथमिक विद्यालय पूरे तिवारी, पूरे चंदेल, पूरे मगरहन और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सहायता प्रदान की है। आलोक गुप्ता ने प्राथमिक स्कूलके छोटे-छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी कॉपी और टॉफी वितरित किया। वही आलोक गुप्ता ने बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें हर हाल में स्कूल भेजने का भी आग्रह किया। आलोक गुप्ता ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु सामग्री वितरित करते हैं। इस संदर्भ में लालगंज विकासखंड के कई स्कूलों के बच्चों को जरूरी सामान भेंट की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में स्कूल आने की उत्सुकता जागृत होती है। आलोक गुप्ता के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को सामग्री भेंट करने पर पूर्व प्रधान संतोष सिंह,राहुल सिंह, डॉक्टर चंद्र प्रताप सिंह, अंजनी तिवारी, अरुण तिवारी आदि ने प्रसन्नता जताई है।

## धान खरीद के बाद भी रूपये न देने पर सचिव व कम्प्यूटर आपरेटर के विरूद्ध मामला दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** धान खरीद करने के एक साल बाद भी रूपया न देने पर किसान की शिकायत पर धान क्रय केंद्र के सचिव व कम्प्यूटर आपरेटर के विरूद्ध धोखाधड़ी की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।रनमऊ गांव निवासी एवं किसान देव कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसने 9 जनवरी 2023 को लोदीपुर उतरांवा स्थित धान क्रय केंद्र पर 160कुंतल 70 किलो धान बेचा था। क्रय केंद्र के सचिव कृष्णपाल वर्मा निवासी हाजीपुर थाना गुरूबख्शगंज ने पल्लेदारी के नाम पर उसी दिन उससे पांच हजार रूपये ले लिए थे।
जब उसने धान बेचने की फीडिंग कराकर रसीद देने के लिए कहा तो उससे कहा गया कि कम्प्यूटर आपरेटर दीपक नही आया है अगले दिन रसीद मिल जाएगी। दूसरे दिन जाने पर दीपक ने कहा कि आज सचिव नही हैं इसलिए धान खरीद की फीडिंग नही हो पाएगी। अगले दिन पहुंचने पर उससे बोरा खरीदने के नाम पर सचिव ने 4700 रूपयों की मांग की। उसने रूपये देते हुए रसीद मांगी तो कहा गया कि जब तक धान बोरों में नही भर जाएगा उसे रसीद नही मिल पाएगी। काफी दौड़ने के बाद उसकी मां के नाम केवल 50 कुंतल धान खरीद की फीडिंग करायी गयी जब उसने शेष धान वापस उठा ले जाने की बात कही तो रात में धान केंद्र से गायब करा दिया गया।उसका आरोप है कि सचिव ने उसके खाते में धन आ जाने की बात कहकर उसे समझा बुझा कर लौटा दिया। धन न आने पर उसने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया तो सचिव ने मार्च माह में दो लाख 40 हजार रूपये दिए जाने का वादा करते हुए सुलहनामा लिख दिया।फिर भी रूपये न मिलने पर उसने मामले की शिकायत डीएम से की । जिस पर मामले की जांच सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता से करायी गयी। फिर से 21 जून को सचिव ने रूपये देने का वादा करते हुए सुलहनामा लिख दिया।लेकिन अब तक उसे रूपया नही मिल सका है।
पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कम्प्यूटर आपरेटर के विरूद्ध धोखाधड़ी आदि की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच करायी जाएगी।

# महाकुम्भ-2025 में नए प्रतिमान होंगे स्थापित- योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री बोले- प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा दिव्य, भव्य व डिजिटल महाकुम्भ का सपना






**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ठीक एक महीने बाद विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन, मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा सनातन के महापर्व महाकुम्भ- 2025 का शुभारंभ होने जा रहा है। ऐसे में, शुक्रवार को सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन तथा उनके द्वारा 5500 करोड़ की 167 परियोजनाओं के लोकार्पण के प्रति आभार जताते हुए प्रयागराज, प्रदेश व महाकुम्भ में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की ओर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आगमन मां गंगा-यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा- अनुष्ठान के साथ ही प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश व दुनिया के अंदर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है।

सीएम योगी ने कहा कि हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुम्भ 2019 का सफल आयोजन हुआ था और अब महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए मिल रहे मार्गदर्शन के लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयास और सनातन धर्मावलंबियों के हितों की रक्षा के साथ ही कुम्भ को लेकर स्थापित किए गए उच्च प्रतिमानों की पूर्ति को लेकर आभार जताया।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि पहली बार 2019 के प्रयागराज कुम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आदेश पर सैंकड़ों वर्षों के बाद श्रद्धालुओं को अक्षय वट के दर्शन हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अक्षयवट कॉरिडोर का भी उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े हनुमान जी जिनका अभिषेक करने के लिए मां गंगा प्रतिवर्ष आती हैं, उस बड़े हनुमान मंदिर के कॉरिडोर का लोकार्पण भी आज प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों द्वारा होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरस्वती कूप, जिसमें अदृष्य रूप में मां सरस्वती वास करती हैं और संगम पर गंगा-यमुना के साथ ही उनका संगम होता है, पहली बार 2019 के कुम्भ में ही श्रद्धालुओं को इस प्रवित्र सरस्वती कूप के दर्शन सुलभ हुए थे। सरस्वती कूप का यही भव्य रूप अब सरस्वती कॉरीडोर के रूप में लोकार्पण के जरिए सबके समक्ष होगा, सर्व सुलभ होगा। भगवान राम जब वनवास के लिए निकले थे तो सबसे पहले उन्होंने मैत्री का हाथ श्रृंगवेरपुर में निषादराज के समक्ष बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा, प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यहां भगवान राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा व कॉरीडोर का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा होने जा रहा है।इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, मत्स्यपालन मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ेंगे दिव्यांग बच्चे-विकास पांडेय

## बीआरसी उरुवा में दिव्यांग बच्चों को दिए गए उपकरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, लखनऊ और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज के आदेश के अंतर्गत शुक्रवार को यमुनापार के सभी विकास खंडों के लिए बीआरसी उरुवा में दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 175 दिव्यांग बच्चों को उनके आवश्यक उपकरण वितरित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तृत चर्चा की। मंच संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 175 बच्चों को उनके विशेष आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि भोला गौतम ने सरकार की योजनाओं के लाभ को पात्र दिव्यांग बच्चों तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से हो, इसके लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।जिला समन्वयक विकास पाण्डेय ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभिभावकों को जागरूक करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीआरसी उरुवा के प्रभारी कृष्ण कुमार शुक्ल, रोहित त्रिपाठी, और स्पेशल एजुकेटर्स अमरेश यादव, संतोष मिश्र, विनोद मिश्र,अरविंद मिश्र और आलोक राय शर्मा का विशेष योगदान रहा। एलिम्को कानपुर टीम ने उपकरण वितरण में कुशलतापूर्वक सहयोग किया।

# ढोंगी बाबा ने महिला के साथ की लाखों की ठगी

## महिला के जेवर लेकर हुआ दिनदहाड़े फरार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के शुक्लपुर गांव की महिला एक ढोंगी बाबा के झांसे में आकर अपने लाखो के जेवर गवां बैठी। ढोंगी बाबा अंगूठी व मंगलसूत्र लेकर दिन दहाड़े फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर न्याय की मांग की है।



मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र में शुक्लपुर गांव निवासी ओम प्रकाश पाण्डेय उर्फ मुन्ना ने बताया कि गुरुवार 11 दिसंबर बुधवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे उनकी पत्नी जब घर में अकेली थी, उसी दौरान एक ढोंगी बाबा उनके घर पर पहुंच गया। अकेली महिला को देखकर उसने बताया कि आपके पति के उपर बहुत बड़ी आपदा आने वाली है। एक हफ्ते के अंदर आपके घर में बहुत बड़ा अपशगुन होने वाला है। ढोंगी बाबा की बात को सुनकर महिला डर गई।उसने इसके निदान का उपाय पूछा। तब ढोंगी बाबा ने बताया कि अपने गले में जो मंगलसूत्र और हाथ में जो अंगूठी पहनी हो उसे उतार दो मैं कुछ कर देता हूं जिससे आपके पति पर जो विपत्ति है हट जाएगी। इतना सुनते ही घबराकर महिला ने अंगूठी व मंगलसूत्र उतार दिया। उसके बाद ढोंगी बाबा ने महिला के साथ कुछ ऐसा कर दिया कि उसको होश ही नहीं रहा। इसी दौरान ढोंगी महिला का मंगलसूत्र व अंगूठी लेकर फरार हो गया है। ग्रामीणों ने ढोंगी बाबा की खोजबीन शुरू किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

पीड़ित ने जेवनियां पुलिस चौकी पर तहरीर देकर ढोंगी बाबा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग किया है। गांव के अन्य लोगों के घर जब ढोंगी बाबा पहुंचा था जो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है।

# विहिम गोरक्षा के पदाधिकारियों का हुआ जमावड़ा

## संगठन के मनोनीत प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत, सेवालाल पटेल को मिला गोरक्षा सर्वोच्च सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी जी का विहिम गोरक्षा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर आशुतोष त्रिपाठी का क्षेत्र के बभनी हेठार मांडा में विहिम गोरक्षा प्रयाग द्वार ढोल बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया है।संगठन विस्तार के साथ गोरक्षा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित हुए सेवालाल पटेल एवं अजय मिश्र को गोरक्षा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है।




विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा कार्यक्रम ग्राम पंचायत बभनी हेठार मांडा में नीरज कुमार द्विवेदी के आवास पर सामजिक समरसता, स्वागत समारोह एवं गर्म अंग वस्त्र वितरण और सह भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय और बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सिंह प्रधान, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री पण्डित प्रमोद गिरि, काशी सह संभाग प्रभारी डॉक्टर विनोद सिंह, चंद्रभान सिंह, अरविंद सिंह, विंध्याचल मण्डल प्रभारी डॉक्टर प्रभाष सिंह, विंध्याचल सह मण्डल प्रभारी अरुण द्विवेदी, सनी विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आशुतोष त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जोरदार स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में संजय पांडे ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर मेरा आना परम सौभाग्य की बात है जहाँ पर माँ गंगा, यमुना और मां सरस्वती की बहती धारा हो, ऐसी धरती मां पर जन्मे सभी सनातनियों को प्रणाम करता हूं और धन्यवाद देता हूँ। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रयागराज मण्डल प्रभारी नीरज द्विवेदी ने किया एवं अध्यक्षता यमुनापार जिलाध्यक्ष सेवालाल पटेल ने की।

मौके पर प्रयागराज जिला प्रभारी अजय मिश्र, जिलाध्यक्ष गंगापार सनी विश्वकर्मा एवं जिला महामंत्री राजेश त्रिपाठी, जिला मंत्री सुनील बल्ली, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, जिलाध्यक्ष कौशाम्बी अरविंद प्रताप सिंह, जिला प्रभारी कौशांबी विनय मिश्रा, जुगनू पांडे, धीरज शुक्ला, अयोध्या से उमेश मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजय पांडे के समक्ष माँ गौ, गंगा और गोरक्षनाथ को साक्षी मान कर सभी ने एक स्वर में हिंदुत्व के लिए जीने और गो सेवा सुरक्षा का शपथ लिया।

# महिलाओं को किया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति फेस 05 शक्ति दीदी अभियान व एंटी रोमियो स्क्वायड के अंतर्गत टीटी टीजर टैलेंट स्कूल फूलपुर में थाना फूलपुर की उप निरीक्षक विभा सिंह द्वारा सभी महिलाओं और छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090,घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181,चाइल्डहेल्पलाइन1098,मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112,स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108,साइबर क्राइम 1930 आदि नम्बरों की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि आपातकालीन स्थिति में इन नंबरों का प्रयोग करके आप लोग अपने को सुरक्षित कर सकती है।

# हवेलियां में लाखों की चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हवेलियां इलाके में चोरों ने सूने मकान में घुसकर दरवाजे व अलमारी का लॉकर का ताला तोड़कर सोने का जंजीर, अंगूठी, 70 हजार नकद सहित लाखों के माल पर हांथ साफ कर फरार हो गए। पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो अनहोनी की आशंका से पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर मामले के तफ्तीश में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक इम्तियाज अहमद उर्फ बच्चा निवासी पुरानी झूंसी हवेलियां ए.एम. पब्लिक स्कूल के व्यवस्थापक है।

स्कूल कॉलेज के साथ जमीन से जुड़ा कारोबार भी करते है। हवेलियां में पुस्तैनी मकान में परिवार के साथ रहते है। कुछ दिन पूर्व घर में फाटक, दरवाजे पर ताला लगाकर कर्मा बाजार में स्थित रिश्तेदार के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। शुक्रवार दोपहर आस पास बसे अन्य परिजनों ने घर के अंदर का दरवाजा खुला हुआ देखकर अनहोनी की आशंका से फोन के माध्यम से जानकारी देकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस के आने से पूर्व परिजन घर अंदर जाकर देखा तो सारे कमरे का ताला टूटा हुआ था।

चोरों ने कमरे में रखा आलमारी का लॉकर भी तोड़कर नकदी समेत सोने के आभूषण पर हांथ साफ कर दिया गया था। भुक्तभोगी ने तहरीर देकर बताया कि 70 हजार नकद, 2 सोने की अंगूठी, 1 जंजीर, 1 मोबाइल चोर उठा ले गए है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घर में ताला लटकता हुआ देखकर चोरों ने रेकी करके पता लगाया और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

# बड़गांव प्रधान के घर पहुंचे महंत राजीव दास, हुआ जोरदार स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** तहसील के विकास खंड सैदाबाद के बड़गांव प्रधान पंकज मिश्रा के घर महंत राजीव दास पहुंचे तो उनका प्रधान समेत ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने अतिथियों को सर आखों पर बैठाकर भरपूर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवार की रात अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजीव दास और बड़े हनुमान जी बधवां, प्रयागराज के उत्तराधिकारी अभी रामाचार्य महाराज तथा मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के भतीजे करन सिंह तोमर बड़गांव प्रधान पंकज मिश्रा के घर पधारे तो उनके तथा परिवार वालों समेत ग्रामीणों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रधान परिवार और ग्रामीणों के साथ पधारे अतिथियों का खूब जमकर स्वागत सत्कार किया गया। अतिथियों को फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया।



तत्पश्चात अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को खूब प्यार दुलार करते हुए आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर प्रधान पंकज मिश्रा समेत परिवार के अशोक कुमार मिश्रा, राजित राम मिश्रा, नीरज मिश्रा, विनीत मिश्रा, डाक्टर अरुण कुमार यादव, पंकज यादव,लवकुश पटेल, सचिन मिश्रा, पंकज पटेल, रामजीवन पटेल, राम आसरे, रोशन लाल, नवीन समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पढ़ाई के साथ बच्चों को खेलकूद बहुत ही जरूरी- पारस नाथ पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हर बच्चे को पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत ही जरूरी है। क्योंकि खेलकूद से बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसलिए अगर बच्चे का स्वास्थ्य ठीक है तो उसका जीवन सफल है। उक्त बातें शुक्रवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय रेड ईगल पब्लिक स्कूल भिउरा, उतरांव के संरक्षक पारस नाथ पांडेय विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को पढ़ाई के साथ अपने बच्चों को स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का संचार होता है। आपको यह भी बताते चले की रेड ईगल पब्लिक स्कूल भिउरा ग्रामीण अंचल का एक प्रतिष्ठित और बच्चों की पढ़ाई के बारे में नामचीन विद्यालय बन चुका है। इस समय इस विद्यालय में 2200 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इस विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं को लेकर कुल 110 का स्टाफ है। शुक्रवार को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों ने अपना जौहर दिखाया। खेलकूद में बेटियों ने भी खूब जमकर प्रतिभाग किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कुल चार भागों में बांटा गया। जिसमें येलो,ग्रीन,ब्लू और रेड हाउस नाम रखा गया है। सभी हाउस के बच्चों ने तरह-तरह के प्रदर्शन और अपने जौहर को दिखाते हुए लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक सर्वेश पांडेय ने शुक्रवार से आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्रीय लोगों से भी प्रतिभाग कर बच्चों के हौसलें को बढ़ाने की अपील किया है।




# शुआट्स में साप्ताहिक स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम का समापन

**नैनी(प्रयागराज)।** शिक्षक शिक्षा विभाग, इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन, शुआट्स में एक सप्ताह का स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण डॉ. एस.एस. मसीह, अध्यक्ष एवं डीन, शिक्षक शिक्षा विभाग, श्री राज नारायण शुक्ला (स्काउट प्रशिक्षक), डॉ. शशि जायसवाल (प्रमुख, प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक), डॉ. नसरीन रिजवी (प्रमुख, प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक) एवं सभी संकाय सदस्यों ने किया।

शिविर 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक विभाग में चला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूजा जे. सोनपाकर ने किया। उद्घाटन समारोह में शिक्षक शिक्षा विभाग, शुआट्स के प्रमुख एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के इतिहास एवं स्थापना पर चर्चा की गई। छात्रों को स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम के उद्देश्य, उद्देश्य एवं उपस्थिति की आवश्यकता के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक ने सभी सत्रों को रोचक एवं आकर्षक बनाने के लिए अपने अनुभव एवं ज्ञान को साझा किया। छात्रों को तीन समूहों में विभाजित किया गया और उन्होंने झंडा समारोह, कैंप फायर, गाँठ लगाना, फीता बांधना, प्रतीक चिन्ह खोजना, अलंकरण समारोह आदि जैसी विभिन्न गतिविधियाँ कीं।

कार्यक्रम का अंतिम दिन छात्रों द्वारा कैंपिंग और खाना पकाने की गतिविधियों के कारण मज़ेदार रहा। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. मसीह, डॉ. प्रेम प्रभा सिंह, डॉ. कीर्ति कटिंग, डॉ. एस.एस. अजीज, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. प्रशोभ पॉल डिसूजा, डॉ. ज्योत्सना जायसवाल, डॉ. अनुपमा मेहता, डॉ. संगीता अल्फ्रेड, डॉ. चेतना पांडे, डॉ. पूजा जे. सोनपाकर, श्री दीनबंधु यादव, श्रीमती मालिनी पॉल और छात्र भी शामिल हुए।

# प्रयागराज की महिमा विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाएगी रंगोली- ए के शर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के द्वारा महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के मैदान में बनाई गई विश्व की सबसे बड़ी रंगोली कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कैबिनेट के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने सर्व सिद्धि प्रदा- कुंभ के चित्रों पर आधारित विशाल रंगोली का एवं स्वच्छता का संदेश देने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महापौर गणेश केसरवानी ने रंगोली के माध्यम से दुनिया के अंदर प्रयागराज की स्वच्छता का और होने वाले महाकुंभ का संदेश पूरी दुनिया के अंदर देने का कार्य किया जो अत्यंत ही सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में होने वाला दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ प्राचीन एवं आधुनिक भारत का संगम के रूप में दिखाई पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला तो पहले भी अन्य सरकारों में हुआ करते थे लेकिन हमारी सरकार ने प्रयागराज की सांस्कृतिक विरासत को पुर्नजीर्णोधार करके प्रयागराज की महिमा और गरिमा को भव्यता दी है। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा का स्वागत किया और कहा कि प्रयागराज की स्वच्छता के लिए नगर निगम प्रयागराज निरंतर कार्य कर रहा है और 2025 का महाकुंभ मेले को स्वच्छ एवं निर्मल महाकुंभ बनाने के लिए जुटा हुआ है।

कार्यक्रम में विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, सहायक नगर आयुक्त दीप शिखा पांडेय, भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी, गिरजेश मिश्रा, जोनल अधिकारी श्याम कुमार, सफाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह, जगपट, कृष्णा, पार्षद मिथिलेश सिंह, नीरज गुप्ता, प्रीति, अनिल गुप्ता, राजन शुक्ला आदि रहे।

# मेडिकल संचालक से फोन पर माँगी गयी रंगदारी

## माण्डा पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

**मेजा (प्रयागराज)।** माण्डा थाना क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालक से बीती मध्यरात्रि पांच लाख रुपये कि रंगदारी मागे जाने एवं गोली से मार देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित संचालक की तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस जाँच में जुट गयी है।

मांडा थाना क्षेत्र के चौकठा लक्षन गांव निवासी दीपक सिंह मेडिकल स्टोर संचालक हैं। उनके पिता दिनेश चंद्र यादव इंटर कालेज में प्रधानाचार्य हैं। आरोप है कि बीते दो दिनों पूर्व उनके नंबर पर मध्यरात्रि एक अनजान नंबर से काल आई। जिसमें उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देते हुए आरोपी ने तीन दिनों के अंदर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपए ऑनलाइन भेजने को कहा है। इतना ही नहीं रंगदारी न देने व पुलिस से कुछ बताने पर गोली से मार देने की धमकी दी गयी। इससे पीड़ित परिवार डरा सहमा है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जान से मारने की धमकी साहित विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित के भाई राहुल यादव ने आरोपी पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 27

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दिसंबर सत्र की परीक्षाएं 27 से प्रस्तावित है। कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि परीक्षा का समापन 25 जनवरी 2025 को होगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा इस बार 26 दिनों में आयोजित की जाएगी।



विश्वविद्यालय ने पहली बार परीक्षा संपन्न कराने के लिए समय सारणी को चार खण्डों में विभक्त किया है। जिसके अंतर्गत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 27 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 तक, स्नातक कार्यक्रमों की परीक्षा 27 दिसम्बर से 25 जनवरी 2025 तक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की परीक्षाएं 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक तथा पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं एक एवं दो जनवरी 2025 को आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 10 से एक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# संत-महात्माओं से मिले पीएम, लिया आशीर्वाद

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाकुम्भ नगर (प्रयागराज) में संगम पर पूजन के बाद संतों और महात्माओं से मिले और आशीर्वाद लिया। उन्होंने संत, महात्माओं से हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए भव्य, दिव्य महाकुंभ में आप सभी का सहयोग कर रहेगा तो महाकुंभ का आयोजन और भव्य, दिव्य होगा। सभी संतों ने एक स्वर में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज, अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी प्रबंधन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी विमलदेव आश्रम, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र पुरी, अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं जूना अखाड़ा के संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज, निर्मोही अखाड़ा के महंत राजेंद्र दास, आचार्य बाड़ा से स्वामी अच्युतप्रपन्नाचार्य महराज, स्वामी रामेश्वराचार्य महराज, महामंडलेश्वर स्वामी हिटलर महराज, महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास महराज सहित अन्य संत थे। अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सनातन धर्म और संत, महात्माओं के प्रति उनकी आस्था और श्रद्धा अटूट रहती है इसलिए महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन होने से पूर्व तीर्थराज प्रयाग का पूजन के लिए एवं संतों से आशीर्वाद लेकर के विश्व में इस आयोजन की एक अलग पहचान बनाने के लिए आश्वस्त किया। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रृंगवेरपुर धाम में भगवान श्रीराम और निषादराज की प्रतिमा का लोकार्पण समारोह आनलाइन किया। श्रृंगवेरपुर धाम के जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि प्रधानमंत्री की सनातन धर्म, संतों के प्रति अटूट स्नेह और श्रद्धा है इससे महाकुंभ को और ऊंचाई मिल रही है।

# बिजली बकाएदार एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** बिजली बिल के बड़े बकाएदारों को 15 दिसंबर से एक मुश्त समाधान योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा प्रेषित किया जा रहा है । इस योजना की जन - जन तक जानकारी पहुंचाने के लिए अधीक्षण अभियंता , अधिशासी अभियंता , उपखंड अधिकारी बिजली कर्मियों की टीम के साथ गांव में जा जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं । बिजली बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं से कहा जा रहा है । कि पंजीयन कराकर एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं । शुक्रवार को अवर अभियंता मार्कंडेय यादव एवं विद्युत विभाग के संजय मिश्रा , अरूण कुमार तिवारी ने क्षेत्र के लेड़ियारी , कैथवल , पथरपुर , देईबांध ,पवांरी , नीबी , देवरी, पथरपुर , बरहा , कदौली` , रतेवरा मोड़ , खिवली आदि स्थानों पर पहुंचकर एक मुश्त समाधान योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी । उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर यादव , कोरांव अवर अभियंता मार्कंडेय यादव ने बताया कि एक मुख्य समाधान योजना तीन चरणों में क्रमश से 16 से 31 दिसंबर , 1 से 15 जनवरी , व 16 से 31 जनवरी तक यह योजना लागू है । सभी जन सेवा केंद्रों पर एवं विद्युत सखी के माध्यम से भी बिल जमा करने की सुविधा प्रदान की गई जा रही है । ताकि उपभोक्ता को अपने गांव मोहल्ले में बकाया बिल जमा करने की सुविधा मिल सके । एसडीओ विद्युत चंद्रशेखर यादव विद्युत अवर अभियंता मार्कंडेय यादव ने बताया कि उपभोक्ता बकाया बिल की मूल धनराशि का 30 प्रतिशत जमाकर योजना के लाभ के लिए अपना पंजीयन अवश्य करा लें। उपभोक्ता पंजीयन कराकर योजना का पहले आओ पहले पाओ की स्कीम का लाभ ले सकते हैं ।

# प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में अक्षय वट की पूजा-अर्चना की



**महाकुम्भ नगर (प्रयागराज), (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन, वैश्विक कल्याण, विश्व शांति, भारत के अरुणोदय व तीर्थराज प्रयागराज आकर पुण्य की डुबकी लगाने वाले करोड़ों भक्तों, सनातन शक्तियों के सामर्थ्य एवं अक्षय पुण्य की वृद्धि के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अक्षयवट की पूजा-अर्चना की। संगम नोज पर यजमान की भूमिका में संगम अभिषेक करने के बाद उन्होंने अक्षय वट के दर्शन किए।अक्षय वट पर भी महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए बतौर यजमान भूमिका निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अक्षय वट पर शीश नवाया, संकल्प लेकर अभिषेक किया और समस्त तीर्थों का आवाहन करते हुए सकल मंगलकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था का दीप जलाया। इसके उपरांत उन्होंने अक्षय वट की प्रदक्षिणा की और समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। मोदी ने न केवल इस परमपावन तीर्थ पर पूजा-अर्चना की, बल्कि कॉरीडोर को लेकर हुए कार्यों का आवलोकन भी किया। उन्होंने विशेषतौर पर महाकुम्भ के अवसर पर यहां दर्शन करने आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने को लेकर हुए प्रयासों की जानकारी ली और समस्त प्रक्रियाओं की विवेचना की।अक्षय वट को तीर्थराज प्रयागराज के रक्षक श्रीहरि विष्णु के वेणी माधव का साक्षात स्वरूप माना जाता है। अक्षय वट को कॉरिडोर रूप में महाकुम्भ-2025 के पूर्व सुव्यवस्थित करने का कार्य मोदी के विजन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन में किया गया है। ऐसे में शुक्रवार को मोदी ने अक्षय वट का पूजन-अर्चन करने के साथ ही भारत के अक्षय पुण्य की वृद्धि और विश्वगुरु के तौर पर उद्भव को अक्षुण्ण बनाने की कामना की।अक्षय वट को लेकर ऐसी मान्यता है कि इसकी जड़ों में सृष्टि निर्माता ब्रह्मा, मध्य भाग में वेणी माधव स्वरूप श्रीहरि विष्णु तथा अग्र भाग में महादेव शिव-शंकर का वास है। इनकी पूजा के साथ ही समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों में कल्पवृक्ष के अंश के रूप में भी अक्षय वट की मान्यता है। पुराणों में प्राप्त उल्लेख के अनुसार सर्व सिद्धि प्रदान करने वाली आध्यात्मिक शक्ति के केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध अक्षय वट ने मुगलकाल एवं अंग्रेजों के शासन में पराभव का दंश झेला, मगर इसके बावजूद वह अक्षुण्ण बना रहा और आज सनातन धर्म के ध्वजवाहक के तौर पर सकल विश्व में अपनी पहचान को पुख्ता कर रहा है। अक्षय वट के बारे में यह भी प्रसिद्ध है कि प्रभु श्रीराम लंका विजय के उपरांत अयोध्या लौटने से पूर्व पुष्पक विमान से आते हुए अक्षय वट के दर्शन किए थे। उनके साथ माता सीता और भ्राता लक्ष्मण भी थे और अक्षय वट पर इन तीनों के ही विग्रह का पूजन होता है। पीएम मोदी के साथ ही अक्षय वट पूजन-अर्चन प्रक्रिया में राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद पर हुए आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेता शामिल हैं।13 दिसंबर 2001 को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल जगदीश, मातबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

# गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका

▶▶ बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी
▶▶ आतंकियों ने अमृतसर धमाकों का हवाला देकर कहा अगला निशाना पुलिस के नाके



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में आतंकियों ने गुरुवार की देर रात हैंड ग्रेनेड फेंका, लेकिन संयोग से ग्रेनेड न फटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। पंजाब पुलिस आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस घटना की जिम्मेदारी ली तो पूरा मामला खुल गया। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे।इससे पहले अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। चार दिसंबर की रात अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने में भी जोरदार धमाका हुआ था। अमृतसर में धमाके के प्रयास व धमाके की घटना को लेकर पुलिस आजतक चुप है।इस बीच गुरुवार की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते घनिया के बांगर पुलिस थाने की तरफ कोई चीज फेंकी। कुछ समय बाद पता चला कि यह हैंड ग्रेनेड था। बमनुमा वस्तु फेंकते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रेनेड सही तरीके से नहीं गिरा और धमाका होने से बच गया।गुरदासपुर के एसएसपी सोहेल कासिम मीर समेत अन्य अधिकारी और एजेंसियां जांच के लिए मौके पर पहुंचीं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से थाने पर हमला करने वाले युवकों का पता लगा रही है।

शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद वह मीडिया से बातचीत किए बगैर ही चले गए। पुलिस शुक्रवार की दोपहर तक इस मामले में कुछ नहीं बोली।इस बीच अमेरिका में बैठे आतंकी हैप्पी पासिया और गोपी नवांशहरिया ने ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अकाउंट से एक पोस्ट डालकर पुलिस को चुनौती दे डाली। धमकी दी गई है कि अभी तो थाने में ग्रेनेड फटा है, अब नाके को भी टारगेट किया जाएगा। पोस्ट में आगे लिखा है, बीते दिनों जब पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंके गए तो पुलिस ने कहा कि टायर फटा था। आज एक और टायर फटा है। अब पुलिस जवाब देगी कि कौन सी मोटरसाइकिलों के टायरों से आग निकलती है।

## प्रधानमंत्री 14-15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ तथा अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने, तेजी से विकास व प्रगति हासिल करने और केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है।यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था, उसके बाद दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।13 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई के लिए खाका तैयार करने और उसे लागू करने पर जोर दिया जाएगा।केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, नीति आयोग, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और डोमेन विशेषज्ञों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के आधार पर, चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन 'उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देनाङ्क जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना' विषय पर केंद्रित होगा।

# फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार

▶▶ थियेटर में भगदड़ में महिला की मौत का मामला



**हैदराबाद (हि.स.)।** जाने-माने तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है। %पुष्पा 2% की रिलीज के मौके पर हैदराबाद के आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें रेवती नाम की महिला की मौत हो गई और उसका बेटा श्रीतेजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के संबंध में दर्ज मामले में आरोपित के तौर पर अल्लू अर्जुन का भी नाम है। इसी मामले में पुलिस आज कुछ देर पहले अल्लू अर्जुन के घर जाकर फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया।

सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म पुष्पा 2ऱ्द रूल में अल्लू अर्जुन ने अभिनय किया है। 5 दिसंबर को यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इससे पहले 4 दिसंबर (बुधवार) को अलग-अलग इलाकों में प्रीमियर शो किए गए थे और इसी क्रम में हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुए प्रीमियर शो में भगदड़ को लेकर सिनेमाघर प्रबंधन और अभिनेता अर्जुन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस को आयोजन की जानकारी नहीं दी। पुलिस को अगर इसकी जानकारी दी गई होती तो सुरक्षा उपायों के जरिये घटना को टाला जा सकता था।पुलिस का कहना कि अभिनेता को देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक शामिल हुए। पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी प्रबंधन ने कोई सावधानी नहीं बरती। जनता को नियंत्रित करने के लिए थिएटर के प्रवेश और निकास द्वार पर कोई निजी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई।हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस आकांक्षा यादव ने अपने बयान में कहा है कि रात 9.40 बजे अल्लू अर्जुन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ संध्या थिएटर पहुंचे। तभी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को धक्का देना शुरू कर दिया। थिएटर पहले से ही अंदर और बाहर दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इसी क्रम में मारपीट हो गयी।

इस भगदड़ में दिलसुखनगर की रेवती का परिवार गिर गया। रेवती नाम की महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे श्रीतेजा को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके बेटे की हालत गंभीर है और उसका इलाज किया जा रहा है।डीसीपी ने कहा, हमने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अल्लू अर्जुन को हैदराबाद के नामपल्ली के सिटी क्रिमिनल कोर्ट को ले जाया गया।

## नेंड्रा के जंगल में हुई मुठभेड़ दो वर्दीधारी नक्सली ढेर



**बीजापुर,(हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस नेएक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं।पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस परइलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर आता देखकर नेंड्रा के जंगल में मौजूद नक्सलियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देकर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में दो वर्दीधारी नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में मारे गये दोनों वर्दीधारी पुरुषों के शव बरामद कर लिए हैं। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से दो नग 12 बोर सिंगल शाट गन, एक नग देसी गन, कोर्डेक्स वायर, टिफिन बम, प्रिंटर, नक्सली वर्दी, साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

# झांसी में सात घंटे की पूछताछ के बाद एनआईए और एसटीएफ ने मुफ्ती खालिद को किया परिजनों के सुपुर्द



**झांसी, (हि.स.)।** देश-विदेश में ऑन लाइन तालीम देने और विदेश से फंडिंग किए जाने के मामले में उत्तर प्रदेश के झांसी कोतवाली थाना क्षेत्र में एनआईए और एसटीएफ की टीम ने कल गुरुवार तड़के अचानक छापा मारा। आठ घंटे की तहकीकात करने के बाद भारी विरोध व धक्का मुक्की के बीच एनआईए व एसटीएफ टीम ने मुफ्ती खालिद नदवी को हिरासत में ले लिया था। टीम उसे लेकर तीन घंटे के विरोध का सामना करने के बाद पुलिस लाइन पहुंची। पुलिस लाइन में उससे करीब 7 घंटे की पूछताछ के बाद उसे देररात करीब 11 बजे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

देश की बड़ी खुफिया एजेंसी एनआईए और एटीएस आतंकी संगठनों और देश विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त गिरोह का भंडाफोड करने वाली टीम द्वारा गुरुवार तड़के करीब 3 बजे शहर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गुलाम गौस खां पार्क स्थित एक मकान में छापा मारा गया।

करीब आठ घंटे की पड़ताल के बाद एनआईए और एसटीएफ ने मुफ्ती खालिद नदवी को हिरासत में ले लिया। मुफ्ती खालिद नदवी दीनी तालीम की ऑनलाइन कक्षाएं लेते हैं। टीम ने पड़ताल के दौरान खालिद की कुछ किताबें, लैपटॉप व मोबाइल नम्बर आदि भी एकत्रित किये और तीन घंटे के भारी विरोध प्रदर्शन व धक्का-मुक्की के बाद पूछताछ के लिए उसे पुलिस लाइन ले आई। खालिद को देररात करीब 7 घंटे तक पूछताछ करने के बाद पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम थाने से परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल टीम खालिद समेत अन्य संदिग्धों पर नजर बनाए हुए है

## झांसी में एनआईए टीम से धक्का-मुक्की पर 111 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के झांसी में विदेशी फंडिंग के मामले में इस्लामिक टीचर के घर एनआईए व एटीएस टीम की छापेमारी के दौरान बवाल करने के मामले में पुलिस ने देररात मुकदमा दर्ज कर लिया है। झांसी की शहर कोतवाली पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे में अज्ञात लोगों में महिलायें भी शामिल हैं।गौरतलब है कि एनआईए व एटीएस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के सलीम बाग इलाके में गुरुवार को दीनी तालीम देने वाले इस्लामिक टीचर मुफ्ती खालिद के घर छापामारी की थी। लगभग नौ घंटे पूछताछ के बाद जब टीम मुफ्ती खालिद को लेकर निकली तो इलाके के लोगों ने टीम को घेर लिया और धक्कामुक्की कर मुफ्ती खालिद को छुड़ा लिया। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मुफ्ती खालिद को गिरफ्त में लिया। हालांकि पुलिस लाइन में लगभग सात घंटे पूछताछ के बाद देर रात मुफ्ती खालिद को छोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गिनाईं मोदी सरकार की अधोसंरचना और ढांचागत विकास की उपलब्धियां



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय संचार मंत्री और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री (डीओएनईआर) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने शुक्रवार को सड़क परिवहन, रेल और नागरिक उड्डयन क्षेत्र में मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां और प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति और सतत विकास में अधोसंरचना और ढांचागत विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मोदी सरकार भी पिछले 10 साल से इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम कर रही है, क्योंकि अगर हम इसे वित्तीय दृष्टिकोण से देखें, तो ढांचागत विकास में निवेश किए गए 1 रुपये का जीडीपी गुणक 2.5 से 3.5 है। इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे बड़े आर्थिक गुणकों में से एक है। एक साल के भीतर पूंजीगत व्यय के लिए 11.5 लाख करोड़ का निवेश आवंटित किया गया है। हर साल इस निवेश में 10-15त्र की वृद्धि होती है।सिंधिया ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश में अधोसंरचना निर्माण की सोच और पहुंच में पूर्ण रूप से यानि 180 डिग्री बदलाव आया है। अधोसंरचना और ढांचागत विकास को सरकार गुणवत्ता, गति, मात्रा और कवरेज की कसौटी पर परखती है, इसलिए जो वातावरण बनता है, उसमें अंतरराष्ट्रीय निवेश बढ़ता है और देश का चहुंमुखी विकास होता है। उन्होंने कहा कि 111 ट्रिलियन रुपये की इन्फ्रा पाइपलाइन का ऐतिहासिक बजट रखा गया है। यह दर्जनों विकासशील देशों का कुल जीडीपी से भी ज्यादा है। अगले 5-6 वर्षों के लिए यही रुझान देखने को मिलने वाला है। मॉर्गन स्टेनले की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज यदि भारत का अधोसंरचना में निवेश जीडीपी का 5.3 प्रतिशत तो 2029 में ये 6.5 प्रतिशत होगा।उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल में इतने हाइवे बन गए, जितने उससे पहले 60 साल में नहीं बने थे। सड़कों के बजट आवंटन की चर्चा करते हुए बताया कि 2013-14 में यह लगभग 31,130 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 2.7 लाख करोड़ हो गया है। देश में नेशनल हाइवे नेटवर्क मार्च 2014 में 91,287 किमी. के मुकाबले जुलाई 2024 में 146,126 किमी. हो गया है, यानि सड़क नेटवर्क में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां 2014-15 में प्रतिदिन औसतन 12 किमी. सड़क का निर्माण होता था, वहीं 2024 में यह औसत बढ़कर 37.8 किमी हो गया है। हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक इसे 60 किमी प्रतिदिन तक बढ़ाया जाए। बेहतर हाइवे के निर्माण से माल परिवहन में लगने वाला ट्रकों का समय लगभग 20 प्रतिशत कम हुआ है। इससे परिवहन लागत में सालाना औसतन 2.40 लाख करोड़ रुपये से 4.80 लाख करोड़ रुपये तक की संभावित बचत हुई है। इससे हमारे परिवहन लागत को 2025 तक 9 प्रतिशत तक लाने के लक्ष्य को नई मजबूती मिली है।इसी तरह भारतीय रेल आज एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों में रेल को केवल जैसे-तैसे चलाने पर जोर दिया जाता था। उनका विजन सिर्फ इतना था कि ट्रेनें बंद नहीं होनी चाहिए लेकिन आज स्थिति बदल गई है। मोदी सरकार ने भारतीय रेल के लिए 2,62,200 करोड़ का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया है। रेल ट्रैक बिछाने की गति 2014-15 में प्रति दिन औसतन 4 किलोमीटर थी, जो 2023-24 में प्रतिदिन औसतन 14.54 किलोमीटर यानि 10 गुना से अधिक हो गयी है। केवल एक दशक में भारत ने 31,180 किमी. रेलवे ट्रैक का निर्माण किया है। भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे हरित रेलवे सिस्टम में से एक बन गया है और हमने 97 प्रतिशत ब्रॉड गेज नेटवर्क का विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जैसी हाई-स्पीड रेल परियोजना और 2047 तक 4,500 वंदे भारत (स्वदेशी) ट्रेनों का लक्ष्य रेल सेक्टर के विकास के प्रति हमारे संकल्प को दर्शाता है।नागरिक उड्डयन क्षेत्र की चर्चा करते हुए सिंधिया ने कहा कि हम भारत को %ग्लोबल एविएशन हब% बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जहां 70 वर्षों में सिर्फ 74 हवाईअड्डे बने थे, वहीं पिछले 10 वर्षों में यह संख्या 157 हो गई है। उस समय के 400 के मुकाबले अब उड्डयन बेड़ा 723 हो गया है। इसी कारण हवाई सेवाओं का लोकतंत्रीकरण संभव हो पाया है। उड्डयन क्षेत्र में द्रुत गति से विकास का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष 10 मार्च को महज एक दिन में 15 हवाईअड्डों की शुरुआत की थी। ये गति बेमिसाल और अभूतपूर्व है। उड्डयन क्षेत्र में भारतीय ड्रोन क्रांति को नई शक्ति देते हुए हमने 2021 में नई ड्रोन नीति लागू की। आज भारत के नागरिक बिना पासपोर्ट के ड्रोन लाइसेंस ले सकते हैं, जिससे मेरे किसान भाई-बहनों को लाभ मिल रहा है। आने वाले वर्षों में हमारा लक्ष्य है कि हम ड्रोन क्षेत्र में ब्रांड इंडिया% को सबसे भरोसेमंद और किफायती बनाएं।बुनियादी ढांचे के कवरेज (पूर्वोत्तर जैसे असंबद्ध क्षेत्रों के लिए) की चर्चा करते हुए सिंधिया ने बताया कि उनके प्रभार वाले डीओएनईआर मंत्रालय में पिछली सरकारों द्वारा जिस उत्तर पूर्वी भारत में बुनियादी ढांचे का विकास दरकिनार किया जाता था, आज वहीं ढांचागत परियोजनाओं की लाइन लग चुकी है। इलाके में हवाईअड्डों की संख्या करीब दोगुनी होकर 17 पर पहुंच गई है। रेलवे के निर्माण के लिए बजट 384 प्रतिशत बढ़कर करीब 9970 करोड़ रुपये हो गया है और करीब 2000 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक का निर्माण हुआ है। सड़कों की बात करें तो विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम एनई प्रोजेक्ट के अंतर्गत 63,542 करोड़ रुपये की 5,468 किमी. की सड़कों की स्वीकृति दी गयी है। इसमें से 3,699 किमी. (67 प्रतिशत) की सड़कों का निर्माण पूर्ण हो गया है। तीन लाख करोड़ रुपये की कुल 800 सड़क परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

## चट्टोग्राम अदालत में चिन्मय ब्रह्मचारी की पैरवी करेंगे स्थानीय वकील सुमित आचार्य



**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को अभी तक जमानत नहीं मिल पाई है। ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के लिए अंतरिम सरकार की दुनियाभर में आलोचना हो रही है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू समाज के लिए सुकून भरी यह खबर है कि चट्टोग्राम मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम की अदालत में उनकी जमानत याचिका पर पैरवी के लिए स्थानीय वकील सुमित आचार्य तैयार हो गए हैं। वह अदालत में हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील रवीन्द्र घोष के साथ इस केस को लड़ेंगे।द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार चट्टोग्राम मेट्रोपॉलिटन के सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने कल हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील घोष से कहा था कि वे इस्कॉन के पूर्व नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की ओर से सुनवाई करने के लिए चट्टोग्राम से एक वकील खोजें। इसके बाद रवीन्द्र घोष ने स्थानीय वकील सुमित आचार्य को अपने साथ खड़ा करने का फैसला किया। सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने बुधवार को चिन्मय की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने कहा था कि वकील रवीन्द्र घोष के पास अदालत में चिन्मय का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकालतनामा नहीं है।

## तुर्किये ने सीरिया में बांध पर गिराए बम, इजराइल के हमले से संरा चिंतित, वहां से हटने का आह्वान, नेतन्याहू का इनकार



**दमिश्क,(हि.स.)।** सीरिया पर विद्रोहियों के फतह के बावजूद हालात सुधर नहीं रहे। अब मुल्क इजराइल और तुर्किये के आक्रमण का सामना करने को बेवश है। अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद परिवार समेत रूस भाग चुके हैं। रूस ने उन्हें मानवीय आधार पर शरण दी है।

तुर्किये ने बांध पर बमबारी कर नया संकट उत्पन्न कर दिया है। इजराइल के हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित है।

संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से हटने का आह्वान किया है। मगर उसने इससे इनकार कर दिया है।द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इजराइल से सीरिया में हमले बंद करने और बफर जोन से हटने का आह्वान किया है । इजराइली सुरक्षा बलों के अपदस्थ असद शासन की अधिकांश सैन्य संपत्तियों को नष्ट करने के बाद गुटेरेस के प्रवक्ता ने %देश भर में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता% पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सीरिया के कई स्थानों पर इजरायली हवाई हमलों से चिंतित हैं। उन्होंने समूचे सीरिया में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं।

# ताज कार्निवाल फेस्ट मे स्थानीय व्यंजन, सांस्कृतिक विविधता का दर्शक आनन्द उठा सकेंगे: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व प्रसिद्ध ताज नगरी आगरा के सदर बाजार में आज से 22 दिसम्बर तक 10 दिवसीय ताज कार्निवाल फेस्ट का आयोजन शुरू हो चुका है। इस कार्निवाल में दर्शकों एवं आयोजकों को आगरा के प्रचीन इतिहास, सांस्कृतिक विविधता, स्वादिष्ट व्यंजन की वेराइटी, कला, हस्तशिल्प आदि देखने का अवसर प्राप्त होगा। इस महोत्सव में पहले दिन पर्यटकों की काफी भीड़ रही। आगन्तुकों ने कार्निवाल की विभिन्न गतिविधियों का आनन्द लिया। इस आयोजन से आगरा में पर्यटकों का रात्रि प्रवास भी बढ़ेगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होगी। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ताज कार्निवाल फेस्ट का यह दूसरा साल है। वर्ष 2023 में पहली बार आयोजित फेस्ट को लोगों का भरपूर स्नेह मिला था। महोत्सव का उद्देश्य भारत की संस्कृति, शिल्प कला एवं व्यंजन के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना है। ताज



कार्निवाल फेस्ट-2024 में प्रत्येक दिन अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सायं 05 बजे से 07 बजे तक जन सामान्य जो चाहे, अपनी प्रस्तुति दे सकते हैं। सायं 07 बजे से 10 बजे तक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।पर्यटन मंत्री ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत भारतीय संगीत एवं नृत्य की विभिन्न विधाओं का समावेश किया गया है, जिसके अंतर्गत ब्रज लोक गायन, आल्हा लोक गायन, मयूर नृत्य, चरकुला नृत्य, सूफी नाइट, राग-ए-महफिल, स्टार नाइट बैंड, ताल रॉक बैंड, बॉलीवुड फ्यूजन नाइट, पंजाबी नाइट, जजलर बैंड, बॉलीवुड नाइट इत्यादि प्रमुख हैं। ताज कार्निवाल फेस्ट-2024 में जहां एक ओर ब्रज लोकगायन, आल्हा लोक गायन, मयूर नृत्य, चरकुला नृत्य जैसी प्राचीन शास्त्रीय कलाओं के रंग बिखरेंगे, वहीं दूसरी ओर प्रसिद्ध स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों से आयोजन में चार चांद लगाएंगे। ताज कार्निवाल फेस्ट-2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सुसज्जित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक आगंतुक इनका आनंद ले सकें। कार्यक्रम के दौरान विधायक जीएस धर्मेश, मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी सहित अन्य महानुभावों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# बड़े हनुमान जी के श्रीचरणों में नतमस्तक पीएम मोदी ने 'भक्ति की शक्ति' का किया आह्वान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए बतौर प्रमुख यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान मंदिर में जाकर प्रभु हनुमान के श्रीविग्रह के आगे शीश झुकाकर विधिवत पूजन-अर्चन किया। ज्ञान-भक्ति, शक्ति व सर्व सिद्धि प्रदाता चिरंजीवी प्रभु हनुमान के समक्ष महाकुम्भ-2025 को सफल बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जलाचमन, सिंदूर-लाल चंदन, नैवेद्य व माला अर्पण कर सनातन शक्ति के जागरण का आह्वान किया। उन्होंने धूप-दीप अर्पण के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी प्रभु बड़े हनुमान के श्रीचरणों में अर्पित की। यह सर्व विदित है कि प्रत्येक वर्ष प्रभु हनुमान के इस चमत्कारी विग्रह का स्वयं मां गंगा स्नान करती हैं। ऐसे में, महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भक्ति की



शक्ति को जागृत करने का कार्य तीर्थराज प्रयागराज में पूजन-अर्चन के जरिए किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बड़े हनुमान मंदिर में सनातन संस्कृति के प्राण प्रभु श्रीराम की शाश्वत भक्ति के प्रतिमान हनुमान के समक्ष प्रार्थना की। 'अगाध आस्था के अमृतकाल' में सनातन शक्ति के जागरण, सनातन मूल्यों की स्थापना व सकल विश्व में सनातन हितों की रक्षा के उद्देश्य को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रार्थना की। बड़े हनुमान मंदिर में प्रभु हनुमान के श्रीचरणों में बैठकर बतौर प्रमुख अर्चक प्रधानमंत्री मोदी ने विधिवत तरीके से पूजन-अराधना पूर्ण की। इस दौरान बड़े हनुमान मंदिर के महंत तथा श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर बलबीर गिरि जी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी की अराधना प्रक्रिया को पूर्ण कराया। इस दौरान उन्होंने बड़े हनुमान को यज्ञोपवीत भी अर्पित किया और आरती उतारी। मंदिर की ओर से मोदी को प्रभु हनुमान के आशीर्वाद स्वरूप रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र प्रदान किया गया।

बड़े हनुमान मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा कई मायनों में विशिष्ट है। इस मूर्ति के दाहिने हाथ में गदा है। इससे काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य आदि विकारों को नष्ट करने का भाव लिया जाता है। मूर्ति के बाएं कंधे पर राम-लक्ष्मण हैं, जिससे हृदय में उनकी दृढ़ धारणा का भाव लिया जाता है। मूर्ति के दोनों नेत्र विशेष रूप से खुले हुए हैं जो जागृत होने और अधोगामी विचारों व प्रवृत्तियों से दूर रहने के भाव को प्रदर्शित करते हैं। दाएं पैर के पास उनके पुत्र मकरध्वज की मूर्ति है, जिन्हें अधोपाताल लोक का रक्षक बताया गया है। मकरध्वज के दर्शन एवं धारणा से अधोगामी विचारों से रक्षा होती है। बड़े हनुमान जी का बायां पैर उठा हुआ है जिसे अहिरावण वध तथा अधोलोक से ऊर्ध्व लोक में जाने और अधोगामी विचारों के शमन अथवा दमन की प्रेरणा से जोड़कर देखा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बड़े हनुमान मंदिर के नवनिर्मित कॉरीडोर का भी निरीक्षण किया। इस कॉरीडोर में 38.19 करोड़ की लागत से पहले फेज का कार्य पूरा हो गया है। ऐसे में, उन्होंने 3डी मॉडल देखकर कॉरीडोर के लेआउट संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने विशेषतौर पर महाकुम्भ के अवसर पर यहां दर्शन करने आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने को लेकर हुए प्रयासों की जानकारी ली और समस्त प्रक्रियाओं की विवेचना की।

# उच्च शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और इसकी गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से गुरुवार को विधानपरिषद सभाकक्ष संख्या-80 में राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (एस.एल.क्यू.ए.सी.) की पहली बैठक आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी और प्रदेश के उच्च शिक्षा तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए नई नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार करते हुए नैक मूल्यांकन और एनआईआरएफ रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु वार्षिक योजना बनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के लिए प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु राज्य स्तरीय कार्यकारिणी निकाय के गठन का प्रस्ताव पारित



किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रकोष्ठ की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं, ताकि शिक्षा क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए और नए शिक्षकों को ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से राज्य के कॉलेजों के शोध प्रस्तावों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित करने की योजना बनाई गई। इसके लिए समयबद्ध कार्य योजना और टाइमलाइन जारी करने पर भी सहमति बनी। साथ ही, प्रदेश में एकल प्रवेश प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया, जिससे छात्र ऑनलाइन माध्यम से ही सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के तहत प्रदेश के अर्ह महाविद्यालयों को यूजीसी स्वायत्त महाविद्यालय योजना के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वार्षिक गतिविधि योजना, शैक्षणिक कैलेंडर, और संस्थागत विकास योजना तैयार कर अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। विश्वविद्यालयों की नियुक्ति समितियों में सरकार के प्रतिनिधित्व हेतु एक समिति गठित की जाएगी। उच्च शिक्षा के संचालन और बेहतर समन्वय के लिए निदेशक उच्च शिक्षा का कैंप कार्यालय लखनऊ में स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा में हो रहे सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में हर छात्र को गुणवत्ता और समावेशी शिक्षा मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन छात्र हितों को ध्यान में रखकर किया जाए और प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जाए। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल ने प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों और उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशों के अनुपालन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

विशेष सचिव उच्च शिक्षा शिपू गिरि ने बैठक की भूमिका प्रस्तुत करते हुए राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की आवश्यकता और इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा ने प्रकोष्ठ के एजेंडे का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अपर सचिव, डॉ. दिनेश कुमार ने किया। निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. अमित भारद्वाज ने बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# प्राकृतिक चिकित्सकों के रजिस्ट्रेशन हेतु आई.एन.ओ की उपमुख्यमंत्री के साथ बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई दशकों से प्राकृतिक चिकित्सा की प्रेक्टिस करने वाले अनुभवी वरिष्ठ व संस्थागत योग्यता प्राप्त डिप्लोमा धारक चिकित्सकों को रजिस्ट्रेशन मिलने हेतु इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन (आई.एन. ओ.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत बिरादार के नेतृत्व में प्राकृतिक चिकित्सा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश आनंद, डॉ पूनम रानी आनंद, डॉ. सत्येंद्र मिश्र, डॉ. नन्दलाल जिज्ञासु, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.एल. यादव, प्रदेश महासचिव डॉ. एल.के. रॉय, डॉ. विनोद कुमार यादव एवं डॉ. अरुण भरारी ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ विशेष बैठक किया।

शिष्टमंडल ने राज्य में प्राकृतिक चिकित्सा में स्नातक (ब्ह्ह्ड्स) डॉक्टर को दे रहे रजिस्ट्रेशन एवं राज्य में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना का स्वागत



करते हुए निवेदन किया कि केंद्र सरकार द्वारा 4 सितंबर 2006 की गाइडलाइन राज्य सरकार को भेजे गए दिशा-निर्देश के आधार पर यथाशीघ्र वरिष्ठ व संस्थागत योग्यता प्राप्त प्राकृतिक चिकित्सकों के पंजीयन विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए बृजेश पाठक ने, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु से टेलीफोन पर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश में रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के समग्र विकास, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान हेतु प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का एक्ट बनाने के संदर्भ में यथोचित कार्यवाही के लिए लिखा। नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत इस पद्धति को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया , उप मुख्यमंत्री जी ने शिष्टमंडल को बताया कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान एक और मीटिंग आयुष मंत्री दयालु के साथ करें। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के प्रचार-प्रसार रोजगार हेतु नेशनल आयुष मिशन व नेशनल हेल्थ मिशन के माध्यम से प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सकों को नियुक्ति करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन दिया गया।

# किसान के बेटे जगदीप धनखड़ को अनावश्यक रूप से कांग्रेस ने किया टारगेट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**भारत में किसान का बेटा देश में आजादी के 70 साल बाद उपराष्ट्रपति बना है। पूरे देश ने देखा है कि उसने सदन की गरिमा बनाए रखी है,लेकिन कांग्रेस उनको अनावश्यक रूप से टारगेट करने का कार्य कर रही है। ऐसा कहना है भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा का।

उन्होंने कहा कि महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हमेशा गरीबों के कल्याण और संविधान की रक्षा की बात की है। हाल में ही उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा किसानो के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने के सम्बन्ध में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कृषि मंत्री से सवाल किया था। उन्होंने कहा कि सभी दलों एवं किसानो ने उनकी प्रशंसा की थी कि किसान के पक्ष को बखूबी उठाया है। कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ उच्च



सदन के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) उसे बर्दास्त नहीं करेगी और यदि कांग्रेस ने अपना प्रयास जारी रखा, तो इसके लिए भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) नई दिल्ली जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन पर विचार करेगी। हमें किसान पुत्र उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर गर्व है।

# सपा अपराधियों से ग्रसित पार्टी: धर्मपाल सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**बागपत/फर्रूखाबाद/ लखनऊ।** यूपी सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को बागपत पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पार्टी के संगठनात्मक चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। मंत्री ने सपा मुखिया के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्क पर वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लेकर किए गए पोस्ट को लेकर निशाना साधा था। इस पर उन्होंने कहा कि सपा सरकार अपराधियों से ग्रस्त पार्टी है।

प्रजातंत्र को तो ये जानते ही नहीं हैं। वन नेशन वन इलेक्शन एक अच्छी योजना है। इससे लोगों के पैसे और समय दोनों की बचत होगी, वहीं बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर उन्होंने कहा कि भारत सरकार ठोस कदम उठा रही है, जल्द ही वहां शांति व्यवस्था कायम होगी।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए विपक्ष हर फैसले का विरोध करता है। केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपराधियों से ग्रसित पार्टी



है। निश्चित रूप से आज देश का सौभाग्य है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से दुनिया में देश का गौरव बढ़ा है, भारत माता का सम्मान बढ़ा है। यही कारण है चीन जैसा देश भी आज पीएम मोदी के साथ खड़ा है और प्रधानमंत्री की बात मानने को तैयार हैं। बांग्लादेश में भी जो हो रहा है, पीएम मोदी के कारण शीघ्रता से रुकने वाला है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है कि जनता से जुड़े। विपक्ष नेता अनाप शनाप बयान दे रहे हैं।

जिले में बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार को आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मंत्री नितिन अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष दोहरी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर विपक्ष की एक भी टिप्पणी नहीं आई है। हो सकता है कि विपक्ष इसलिए नहीं बोल रहा है कि कुछ लोग नाराज न हो जाएं और शायद उनको यह डर सता रहा होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कड़ा रुख अपनाया है। कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद होने चाहिए।

# स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' में 12 हजार से अधिक वार्डों ने किया प्रतिभाग

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वच्छता है सेवा, स्वच्छ वार्ड है संकल्प' के साथ प्रदेश के 12 हजार से अधिक वार्डों में 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें से 2200 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करते हुए उन्हें निकाय स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय अनुज कुमार झा ने कहा कि 07 दिवसीय 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया गया। प्रतियोगिता में निकायों के वार्डों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया जिसमें जनप्रतिनिधियों और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में स्वच्छ उत्तर प्रदेश के स्वच्छ वार्ड का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

निदेशक अनुज झा ने बताया नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों में 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर के मध्य 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' कराने निर्देश दिए गए थे। उक्त के क्रम में प्रत्येक निकाय अंतर्गत 03 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करने के लिए वार्डों में स्थापित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के लगभग 80 हजार सदस्यों के सहयोग से 06 प्रमुख इंडिकेटर्स में 1100 अंकों पर मूल्यांकन किया गया। जिसके उपरांत 700 से अधिक निकायों के लगभग 2200 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 11 हजार सभासद पार्षदों ने ढाई लाख से अधिक लोगों की जनसहभागिता करते हुए आमजनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सन्देश देते हुए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी।

# आरक्षण का लाभ हर वंचित को मिले: राम लाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**देश के वंचितों को आरक्षण का लाभ मिले यह सोच संघ की है , डॉक्टर मोहन भागवत जी ने जब कहा कि आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए तब कुछ वर्ग के लोगों ने उसका गलत मतलब निकाल लिया।

यह बात भारती भवन में वाल्मीकि, धानुक और बसोर समाज के शिष्टमंडल के समक्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय सम्पर्क प्रमुख राम लाल (पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री) ने कही।

बैठक में चंदन लाल वाल्मीकि ने वंचितों के कई सामाजिक मुद्दे में मुख्यता आरक्षण में उपवर्गीकरण, राज्य सफ़ाई कर्मचारी आयोग की रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश सरकार लागू करने, लखनऊ की धानुक समाज की बस्ती नहर किनारे हैदर कैनाल छितवापुर पैजाबा के ध्वस्तिकरण पर रोक लगाने, लवकुश नगर बस्ती के स्वामित्व के पट्टे,बिजनौर जिले की नगर पंचायत जलालाबाद के राजू



वाल्मीकि और बदायूं जिले की नगर पंचायत रुदायन के कालीचरण सफाई कर्मचारी की मनमाने ढंग से सेवामुक्त करने, मंडी परिषद की मंडियों में ठेका सफाई व्यवस्था के इस्टीमेट में न्यूनतम मजदूरी और ईपीएफ एसआई को लागू न करना, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम की स्कीमों को 2017 से उत्तर प्रदेश में बंद स्कीमों को को पुनः चालू कराने जैसी आदि समस्याओं को रखा।

जिस पर रामलाल जी ने प्रशांत भाटिया को उचित कार्यवाही के लिए पत्र सौंपने की जिम्मेदारी दी।राम लाल ने कहा कि वाल्मीकि समाज को झाड़ू छोड़ स्वरोजगार के लिए स्वाभिलाबी भारत, स्टैंडअप इंडिया, एनएसकेएफडीसी जैसी स्कीमों का लाभ उठाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज की उपेक्षा हुई है, लेकिन संघ परिवार सदैव उपेक्षित कमरों के साथ है। बैठक में सुरेश प्रान्त प्रमुख सम्पर्क, प्रशांत भाटिया ने विचार रखे।

बैठक से पूर्व रामलाल को वंचितों के शिष्टमंडल में परिसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंदन लाल वाल्मीकि, देवीदीन भारतीय बांसफोर परिवार महासमिति, अनील दीवान वाल्मीकि संस्थापक वाल्मीकि समाज जन चेतना मंच, जगदीश अटल वाल्मीकि महामंत्री लखनऊ महानगर कर्मचारी यूनियन, राम कुमार बागी प्रांतीय उपाध्यक्ष एस सी मोर्चा, अभिषेक दीवान क्षेत्रीय मंत्री एससी मोर्चा, पवन चौधरी, अंकित धानुक, राज विमल, सचिन वाल्मीकि, गोलू वाल्मीकि , कुंवर विकेंस, मौजूद रहे। बैठक से पूर्व वाल्मीकि समाज के प्रतिनिध मंडल की ओर से मुख्य अतिथि रामलाल को भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा, राम जी अंकित अंगवस्त्र, पुष्प, स्वच्छकार जातियों का मकड़जाल पुस्तक भेंट की।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को सौंपा महाकुंभ का आमंत्रण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधित्व में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार एवं अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया।

अनिल कुमार ने उपराज्यपाल को अवगत कराया कि ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक सम्पन्न होगा, जो न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर एक नए आयाम में प्रस्तुत करेगा। आयोजन का उद्देश्य मानवता के उच्चतम आदर्शों, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता को स्थापित करना



है। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागमों में से एक है। इसमें 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, संतों, पर्यटकों और विविध समुदायों से जुड़े लोगों के भाग लेने की संभावना है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द, समरसता, और एकजुटता के विचारों को बल प्रदान करता है। अनिल कुमार ने इस महाकुंभ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आयोजन अत्याधुनिक प्रबंधन और सतत विकास की अवधारणा पर आधारित होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की हर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र को डिजिटल मैपिंग से जोड़ा जाएगा, जिससे तीर्थयात्रियों को मार्गदर्शन और जानकारी प्राप्त करना सरल हो सके। 101 स्मार्ट पार्किंग स्थलों की स्थापना की जाएगी, जहां तीर्थयात्री अपने वाहनों को आसानी से खड़ा कर सकेंगे। 182 विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 24 घण्टे चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 400 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण और कुंभ क्षेत्र में हर प्रमुख स्थान पर साफ-सफाई के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आधुनिक निगरानी प्रणाली भी लागू की जाएगी। हर घर-द्वार तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि इस आयोजन को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्मार्ट टॉयलेट, पेयजल की स्वच्छ व्यवस्था, और 24 घंटे उपलब्ध स्वच्छता सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा, डिजिटल महाकुंभ के रूप में तीर्थयात्रियों को एक नया अनुभव प्रदान किया जाएगा, जहां आधुनिक तकनीकी साधनों से कुंभ में हर गतिविधि को सुगम बनाया जाएगा। दानिश आजाद अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि महाकुंभ 2025 न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। इसमें सभी धर्मों, पंथों और जातियों के लोग अपनी सहभागिता से भारतीय समाज के बहुलवाद और समरसता को एक नई दिशा देंगे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस पावन निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की इस अनूठी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एक ऐसा अवसर है, जो भारत के बहुलतावादी समाज को एक सूत्र में बांधने और विश्व समुदाय को भारतीय संस्कृति की व्यापकता से अवगत कराने का अनूठा मंच प्रदान करता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

# मलिहाबाद तहसीलदार ने भेजा राज्यपाल को नोटिस

**राजभवन की आपत्ति पर कलेक्ट्रेट में हड़कंप**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद तहसील से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम एक नोटिस भेजा गया है। 11 दिसंबर को स्पीड पोस्ट के जरिए पहुंची नोटिस पर राज भवन ने कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नोटिस के बाद राज भवन की ओर से लखनऊ कलेक्ट्रेट को लेटर भेजा गया है, जिससे कलेक्ट्रेट में हड़कंप मच गया। तत्काल मलिहाबाद तहसील से नोटिस की जानकारी मांगी गई। वहां के तहसीलदार का दावा है कि किसी ने शरारत की है। तहसीलदार मलिहाबाद विकास सिंह ने बताया कि यह नोटिस हाथ से तैयार की गई है, इसकी भाषा शैली भी अलग है। इसे जानबूझकर साजिश के तहत राज भवन भेजा गया, जांच की जा रही है। नोटिस में मीरा पाल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले का जिक्र किया गया है। यह केस बेदखली से जुड़ा है। राज्यपाल को भेजा गए नोटिस पर तहसीलदार कोर्ट के पेशकार गंगाराम मौर्य के हस्ताक्षर हैं। वहीं, तहसीलदार का कहना है कि नोटिस की भाषा ही फर्जी है। 11 दिसंबर को यह नोटिस राज भवन पहुंचा। 12 दिसंबर को राज भवन ने इसे खारिज किया। साथ ही कहा कि इस प्रकार की शरारत दोबारा न हो। इतना ही नहीं आर्टिकल 361 का हवाला देते हुए कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। राज भवन का लेटर 13 दिसंबर को कलेक्ट्रेट पहुंचा। इसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार मलिहाबाद ने बताया कि फाइलों और दस्तावेज की जांच की जा रही है। इसके अलावा नोटिस बनाने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए हैंडराइटिंग का मिलान किया जाएगा। इस प्रकार की साजिश प्रशासनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले अक्तूबर 2023 में भी यूपी की राज्यपाल के नाम तहसीलदार ने नोटिस भेजा था। तब, वह नोटिस बदायूं जिले के सदर तहसील से भेजा गया था। उस नोटिस में राज्यपाल को ही कोर्ट में हाजिर होने का फरमान सुना दिया गया था। तब राज्यपाल के सचिव ने जिलाधिकारी से नोटिस के बारे में सवाल-जवाब किए थे। संविधान में आर्टिकल 361 में प्रावधान है कि संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ नोटिस नहीं भेजा जा सकता है। इस मामले में भी राज भवन ने आर्टिकल 361 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गाइडलाइंस लागू करने हजरतगंज पहुंची एलडीए टीम

**लखनऊ।** फसाड कंट्रोल गाइडलाइंस लागू करने के लिए एलडीए और प्रशासन की टीम हजरतगंज पहुंची है। हेरिटेज जोन हजरतगंज की दुकानों पर लगे बड़े-बड़े बोर्ड हटाने के निर्देश दिए गए हैं। हेरिटेज जोन में आने वाली दुकानों के बाहर लगे साइन बोर्ड के मानक शासन द्वारा तय किए नियम पर ही लगाना है। इसमें 300 एमएम अक्षरों का साइज, अक्षरों पर सफेद रंग का प्रयोग होगा। बैनर का बैकग्राउंड में काला करना होगा। इसके अलावा भी कई अन्य नियम भी हैं। दुकानों के बाहर लगे बोर्डो का स्टेंडर्ड साइज तय 750 एमएम तय किया गया है।

### अधिवक्ताओं का सुशांत गोल्फ थाने पर प्रदर्शन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाने पर इलाके में लगातार हो रही चोरियों और भू-माफिआओं की दंबगई से परेशान होकर शुक्रवार को कई सामाजिक संगठनों के साथ अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही थाना प्रभारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। अनोद कुमार रावत ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की नाकामियों के चलते क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस घटनाओं को तत्काल दर्ज नहीं करती है।उन्होने बताया कि 28 नवंबर को क्षेत्र में रहने वाले रमाशंकर भीम की पत्नी पुष्पा भीम ने अपने घर मे हुई चोरी की तहरीर दी थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज न करके घटना के 5वें दिन मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्र के मचलखेड़ा गांव में रहने वाले सूरज बली व मुरारी की जमीन पर कब्जे की नीयत से बिना नंबर प्लेट की काली स्कॉर्पियो से पहुंचे भू-माफिआ प्रताप पर कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पुलिस को सौंपा। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि 15 दिन के अंदर चोरी की घटना खोलने का प्रयास किया जाएगा। जमीन पर कब्जा के मामले में आरोपी को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। थाने पर प्रदर्शन के दौरान अमित कुमार एडवोकेट, पुष्पा भीम, रमाशंकर भीम, संजय कुमार रावत, समेत सैकड़ो अधिवक्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। अधिवक्ता अमित कुमार ने बताया कि पुलिस जब वकीलों के मामले में ऐसी लापरवाही बरत रही है तो आम जनमानस के साथ कैसा व्यवहार करती होगी। राष्ट्रीय पासी महासंघ, व्यवस्था परिवर्तन महासभा, डाक्टर अंबेडकर पासी कल्याण समिति, समाजिक चेतना महासभा, समाजिक न्याय महासभा, उत्तर प्रदेशीय पासी जागृति मंडल, लखनऊ बार एसोसिएशन, राष्ट्रीय कल्याण मंच आदि अनेक संगठनों से कई लोग शामिल हुए।

### एक लाख घूस लेते लेखपाल गिरफ्तार



**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम के विभूति खंड जोनल ऑफिस में तैनात लेखपाल राजू सोनी को एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को 1 लाख घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी लेखपाल प्लॉट की पैमाइश के लिए यह रिश्वत मांग रहा था। शिकायतकर्ता प्रतीक राय ने एंटी करप्शन विभाग से संपर्क किया। बताया कि लेखपाल ने उनके प्लॉट की पैमाइश के बदले 1 लाख की मांग की है। इस शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाकर लेखपाल को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने शिकायतकर्ता से पूरी जानकारी लेकर जाल बिछाया। टीम ने पहले आरोपी लेखपाल को चिह्नित किया। फिर घूस लेते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ने की प्लानिंग की। इस घटना ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता प्रतीक राय ने रिश्वत मांगने की रिकॉर्डिंग की। यह जानकारी एंटी करप्शन विभाग को शेयर की। इसके बाद टीम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को विभूति खंड जोनल ऑफिस में छापेमारी की। जैसे ही लेखपाल ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। लेखपाल राजू सोनी के खिलाफविभूति खंड थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एंटी करप्शन विभाग ने रिश्वत की रकम को जब्त कर लिया है और आरोपी से पूछताछ जारी है। विभाग यह जांच कर रहा है कि क्या आरोपी पहले भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहा है।

### लखनऊ नगर निगम में छुट्टी के दिन जमा होगा टैक्स

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में छुट्टी के दिन भी टैक्स जमा होगा। गृहकर की आय में वृद्धि और लक्ष्य पाने के लिए कदम उठाया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने निर्देश दिया है कि गृहकर निर्धारण, पुनरीक्षण और वसूली संबंधी काम जारी रहेंगे। शनिवार और रविवार को भी कैश काउंटर खुला रहेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि 14 और 15 दिसंबर को नगर निगम कार्यालय पर कैश काउंटर खुले रखते हुए कर निर्धारण, पुनरीक्षण, बकायेदार भवन स्वामियों से संपर्क करके गृहकर की अधिक से अधिक धनराशि वसूली कराई जाएगी। शनिवार और रविवार को नगर निगम लखनऊ के सभी विभाग विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग में कार्यदाई संस्था के माध्यम से सभी आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय को ई-वेतन द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भुगतान के लिए औपचारिकताएं समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम की गृहकर की आय में वृद्धि को लेकर सभी जोनल कार्यालय पर कैश काउंटर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे। गृहकर से संबंधित कार्यो का निस्तारण किया जाएगा। छुट्टी के दिन बकायेदारों से संपर्क करके हाउस टैक्स जमा कराया जाएगा।

### शाइन सिटी निदेशकों पर ठगी का एक और मुकदमा

**लखनऊ।** किस्तों में प्लॉट देने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर देश से भागे शाइन सिटी निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ गोमतीनगर कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपितों ने निवेश पर चार गुना मुनाफे का लालच दिया था। खरगापुर निवासी राम मौर्य के मुताबिक करीब छह साल पहले उन्हें शाइन सिटी के बारे में पता चला था, जिसका दफ्तर विपुलखंड आर स्क्वायर में था। राम मौर्य अपने दोस्त मनोज और प्रवीण के साथ कम्पनी के दफ्तर पहुंचे। वहां निदेशक राशिद नसीम और उसके साथियों से मुलाकात हुई। आरोपितों ने प्लॉट के नाम पर करीब 26 लाख रुपये ले लिए। फिर भी जमीन नहीं दी। तकादा करने पर टालमटोल करते रहे। इस बीच राशिद नसीम देश छोड़ कर भाग गया। उसके भाई आसिफ नसीम समेत कंपनी के कई अधिकारियों को पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। यह जानकारी मिलने पर पीड़ित ने गोमतीनगर कोतवाली में तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर न्यायालय में अर्जी दायर की। वहां से मिले आदेश पर मुकदमा दर्ज हो सका।

### डेंगू से छात्र की मौत की दोबारा जांच की मांग

**लखनऊ।** फैजुल्लागंज के श्रीनगर कॉलोनी के इंटरमीडिएट छात्र श्रीयांश श्रीवास्तव की डेंगू से हुई मौत के मामले में असंतुष्ट परिवारीजनों ने दोबारा जांच की मांग की है। इस संबंध में परिवारीजनों ने शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी की अगुवाई में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। निदेशक ने दोबारा से जांच कराने का आश्वासन दिया है। फैजुल्लागंज के श्रीनगर कॉलोनी निवासी प्रदीप श्रीवास्तव का बेटा श्रीयांश श्रीवास्तव (18) निजी स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र था। बुखार आने पर उसे 24 सितंबर को बलरामपुर में भर्ती कराया था। आरोप है कि बलरामपुर अस्पताल में श्रीयांश का समुचित इलाज नहीं किया गया। इससे उसकी हालत सुधरने के बजाए और बिगड़ गई। हताश परिवारीजन उसे लेकर निजी कारपोरेट अस्पताल गए। इस कारपोरेट अस्पताल में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया, जहां 26 सितंबर को उसकी मौत हो गई। परिवारीजनों ने बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जांच की मांग की थी।

## 10 हजार का इनामी चोर गिरफ्तार, शुभ ज्वैलर्स में की थी चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर में ज्वेलर्स की दुकान का शटर काटकर चोरी करने वाले 10 हजार के इनामिया सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस पहले भी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्हीं की निशानदेही पर बाकी को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जेवर खरीदने वाला आरोपी भी शामिल है। इंदिरा नगर के सुग्गामऊ बाजार में स्थित प्रांजल हाइट्स में चौक निवासी राम कुमार वर्मा की शुभ ज्वेलर्स नाम से दुकान है। जहां 2 नवंबर को शटर काटकर सोने, चांदी के जेवरात व चांदी के बर्तन चोरी हो गए थे। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों जमाल उर्फ जमाली, मोहम्मद फूलचांद, रफीकुल इस्लाम और मुफीस को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस पूछताछ में तीन अन्य साथियों के नाम सामने आए थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। मंगलवार को रात करीब 8 बजे बरपेटा असम निवासी इकराम मुल्ला (22), मुन्ना उर्फ मन्नान अली (19) को असम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ आरोपियों ने चोरी का सामान खरीदने वाले की जानकारी दी। आरोपियों की निशानदेही पर बरपेटा असम के रहने वाले रकीबुल इस्लाम खान (27) को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों पुलिस रिमांड लखनऊ लेकर पहुंची। इस दौरान शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को एक अन्य आरोपी सूचना मिली। जिसके असम निवासी बाबुल अली (25) को बजरंग चौराहे इंदिरा नगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### आदर्श व्यापारी एसोसिएशन में कंबल और गरम कपड़े बांटेगा

**लखनऊ।** लखनऊ में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इंदिरा नगर इकाई की बैठक संरक्षक जीतेंद्र सिंह के कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के सीनियर ब्रांच मैनेजर अंबरीश यादव मौजूद रहे थे। बैठक में लखनऊ के विभिन्न इलाकों में गर्म कपड़े और कंबल बांटने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से आदर्श व्यापारी एसोसिएशन धर्म और जाति से ऊपर उठकर ठंड के मौसम में इस तरह का कार्य करता आ रहा है। इससे जरूरतमंदों को राहत मिल सके। बैठक में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के अंबरीश यादव ने व्यापारी हित टर्म योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें बताया गया कि अगर किसी व्यापारी के साथ दुर्घटना होती है तो उसके परिवार की सुरक्षा और आर्थिक मदद की जिम्मेदारी मैक्स लाइफकी होगी। बैठक में इंदिरा नगर इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सितांशु सोनकर को उप सचिव नियुक्त किया गया।

## जज के ड्राइवर ने लगाई फांसी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जज के ड्राइवर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। वह गुरुवार की रात भोजन के बाद अपने कमरे में गया। कुछ देर बाद बहन ने कमरे में देखा तो उसकी चीख निकल गई। उसका भाई लोहे के एंगल के सहारे फांसी पर लटका था। घटना डालीबाग इलाके की है। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां के डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर डेडबॉडी परिजनों को सौंप दी है। डालीबाग में डीजीपी आवास के सामने रहने वाला शनि कश्यप (28) पुत्र प्रताप कश्यप एक जज की गाड़ी चलाता था। भाई शुभम ने बताया कि गुरुवार को ड्यूटी से लौटने के बाद शनि ने सबसे अच्छी तरह से बातचीत की। साथ में बैठकर खाना खाया। इसके बाद अपने कमरे में चले गए और मोबाइल चलाने लगे। कुछ देर बाद छोटी बहन कोमल उन्हें


शनि कश्यप, मृतक

देखने गई तो कमरे में लगे लोहे के एंगल के सहारे फंद्दा बनाकर लटके मिले। शनि को लटकता देख बहन तेजी से चिल्लाने लगी। इसके बाद घर में मौजूद बाकी सदस्य भी पहुंचे। यह जानकारी पुलिस को दी गई। पिता प्रताप कश्यप ने बताया कि गुरुवार को बेटी कोमल के लिए बहराइच रिश्ता देखने जाना जाता था। पहले शनि साथ में जा रहा था लेकिन फिर मना कर दिया। इस पर प्रताप अपनी पत्नी के गायत्री के साथ लड़का देखने निकल गए। वहां पर रिश्ता पक्का होने के बाद शनि से बातचीत हुई। इसके आधे घंटे बाद ही उसके फंद्दे से लटकने के सूचना मिली। फांसी लगाने की असल वजह का पता नहीं चल पा रहा है।

## रोड एक्सीडेंट में होटल संचालक की मौत

**पिकअप ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गोमती नगर इलाके में पिकअप की टक्कर से ढाबा संचालक की मौत हो गई। वह काम से अपने घर की तरफजा रहे थे। तभी पिकअप चालक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में चोट लग गई।

इलाज के दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। साथ ही आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। झलियन पुरवा विनीत खंड गोमती नगर में रहने वाले रमेश चंद्र यादव (58) गोमती नगर विस्तार में मखदूमपुर चौकी के सामने भोजनालय चलाते थे। दोपहर करीब 3 बजे होटल से घर की तरफ काम से जा रहे थे। खरगापुर क्रॉसिंग के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से पिकअप चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वो बाइक लेकर वहीं गिर पड़े। रमेश के सिर में गंभीर चोट आई। आननफानन में उन्हें लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सिर में अंदरुनी चोट लगने की वजह से ब्रेन हेमरेज हो गया। गुरुवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। भांजे निरंजन यादव ने बताया कि परिवार में पत्नी, 6 लड़की और 1 लड़का सत्यम है।

### सीएम आवास से कुछ दूरी पर ट्रक पलटा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गौतमपल्ली थाना क्षेत्र के बंदरियाबाग चौराहे पर भीषण एक्सीडेंट हो गया। सीएम आवास से कुछ दूर पर हुए हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर घायल हो गए हैं। घटना गुरुवार देर रात की है। ट्रक में 34 टन लोड था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 18 टायरा ट्रक मोड़ते समय अनियंत्रित होकर पलट गया है। ट्रक उत्तराखंड से आंध्रप्रदेश जा रहा था। तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोने की वजह से यह दुर्घटना हुई है। ट्रक के पलटने से सड़क पर जौ बिखर गया। काफी देर दक यातायात बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद ट्रक को हटाने और सड़क को साफकराने का काम शुरू किया गया। दो क्रेन की सहायता से ट्रक को किनारे कराया गया। जौ की बोरियों को सड़क किनारे रख दिया गया है।

## सांस्कृतिक मंच से झूलनी में मन लागा हमार गोरी...

**महोत्सव की शाम भारत की कला और संस्कृति झांकी दर्शन के नाम**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि नम्रता पाठक पत्नी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि थिएटर एवं बॉलीवुड कलाकार देवेंद्र कुमार मोदी एवं महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लोक गीतों व भोजपुरी गीतों से सजी महफिल में झूलनी में मन लागा हमार गोरी संतोष कुमार यादव ने लोक गीत प्रस्तुति देकर दर्शको को आकर्षित किया। हम कोई लरिया में जाइब हो ललमुनिया के माई... गीत प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया। आर्गन पर लालधर वर्मा ढोलक पर मोनू शर्मा पैड पर विशेष कुमार। तौहंके हिंदुस्तान महोत्सव घुमाईब गोरी झूला झूलाइब गोरी ना...अपनी खनकती आवाज से संतोष कुमार यादव भोजपुरी गीत सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध किया। रेलिया बैरन पिया को लिए जाए गायिका प्रीति लाल ने अपनी आवाज से अवधी भोजपुरी पारंपरिक लोकगीतों पर जादू बिखेर दर्शको को आकर्षित किया। रत्न गिरी सेवा संस्थान अध्यक्ष शक्ति बाजपेई उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला के संयोजन में रत्नागिरी सेवा संस्थान द्वारा भारतीय संस्कृति दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ राज्यों की कला एवं संस्कृति की झांकिया मंच के माध्यम से समाजसेवी महिलाओं व उनके साथियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम और बीकेटी पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित और 25 हजार के इनामी बदमाश अमित रस्तोगी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अमित रस्तोगी घायल हो गया, जबकि उसका साथी राहुल गौतम मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

बीकेटी थाना क्षेत्र के अस्ति रोड मोड़ पर डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह और बीकेटी थाना प्रभारी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात बदमाश अमित रस्तोगी इस क्षेत्र में अपने साथी के साथ किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहा है।

पुलिस टीम ने जैसे ही अमित रस्तोगी को घेरने की कोशिश की, बदमाश ने



फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अमित रस्तोगी को गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गिरफ्तार अमित रस्तोगी के पास से एक देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल और अन्य संदिग्ध सामान बरामद किया गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वह इन हथियारों और वाहनों का इस्तेमाल किन आपराधिक गतिविधियों में कर रहा था। डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम और बीकेटी पुलिस की इस कार्रवाई को एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह और बीकेटी थाना प्रभारी की सूझबूझ और सतर्कता से इस खतरनाक अपराधी को पकड़ा जा सका।

अमित रस्तोगी के खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास, अपहरण, अवैध वसूली और हथियारों की तस्करी समेत 24 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की नजरों से बचता रहा था और कई मामलों में वांछित था। पुलिस अब अमित रस्तोगी के फरार साथी राहुल गौतम की तलाश में जुट गई है।

डीसीपी उत्तरी ने बताया कि फरार अपराधी को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। डीसीपी उत्तरी और बीकेटी पुलिस की इस कार्रवाई ने यह साबित किया है कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। यह कार्रवाई लखनऊ पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

कुख्यात अपराधियों के खिलाफ पुलिस की ऐसी त्वरित कार्रवाई से अपराधियों में डर और जनता में सुरक्षा की भावना पैदा होती है। अब देखना होगा कि अमित रस्तोगी और उसके फरार साथी से जुड़ी जांच और क्या खुलासे करती है।

## थर्मल ड्रोन से रखी जाएगी बाघ पर नजर

**[पिंजरा और ट्रैप कैमरे फेल हुए, सीएफओ ने कहा, कॉम्बिंग तेज की जाए]**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** रहमान खेड़ा में संभावित बाघ का मूवमेंट ट्रेस करने के लिए थर्मल ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। फोटो ट्रैप कैमरे में बाघ की मूवमेंट कैद नहीं हो पाई है। इसके बाद ड्रोन मंगाने का निर्णय लिया गया।

रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के जंगलों में टाइगर को ट्रैप करने की अब तक की कोशिश नाकाम हुई है। शुक्रवार को वन विभाग के कॉम्बिंग ऑपरेशन का जायजा लेने मुख्य वन संरक्षक (सीएफओ) रेणु सिंह और जिला वन संरक्षक (डीएफओ) डॉ. सितांशु पांडेय भी पहुंचे। सीएफओ रेणु सिंह और डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय दोपहर डेढ़ बजे केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान पहुंचे। यहां से बेल ब्लॉक के जंगलों में गए। यहां बाघ नीलगाय को मार कर खा गया था। अधिकारियों ने यहां बाघ के पग चिह्न भी देखे। मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह ने बताया कि बाघ के मूवमेंट पता करने के लिए थर्मल ड्रोन कैमरों को मंगाया गया है। इसकी मदद से बाघ के मूवमेंट वाले इलाके में निगरानी की जाएगी। वन विभाग ने शिकार वाली जगह से 100 मीटर की दूरी पर गुरुवार को पिंजरा लगाया था। इसमें बकरी भी बांधी थी, लेकिन बाघ रात में इस ओर नहीं आया। वन विभाग को बाघ के ताजे पग चिह्न नहीं मिले हैं। विभाग की ओर से शिकार के आसपास और पग मार्क वाली जगहों पर सात फोटो ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों में भी बाघ या किसी हिंसक जानवर की मूवमेंट कैद नहीं हुई। सीएफओ रेणु सिंह ने संस्थान में काम करने वाले मजदूरों ओर कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी। वहीं ग्रामीणों से रात में घर से निकलने के लिए मना किया। वन अधिकारियों ने करीब डेढ़ घंटे तक बाघ के मूवमेंट वाली जगह का निरीक्षण किया। अधिकारियों को गंभीरता से कॉम्बिंग करने के आदेश दिए।

## बिजली कर्मचारियों का निजीकरण विरोधी दिवस मना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत पूरे देश में बिजली कर्मी 13 दिसंबर को निजीकरण विरोधी दिवस के रूप में मना रहे हैं। बिजली विभाग के मुख्यालय शक्ति भवन सहित कई विद्युत केंद्रों पर निजीकरण के विरोध में नारेबाजी की गई शक्ति भवन पर नारेबाजी करते हुए विद्युत कर्मियों ने कहा कि निजीकरण पर जिनका खून न खोले वह खून नहीं पानी है, आवाज दो हम एक हैं, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर सभी को संगठित होकर विरोध करने की अपील की है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि उप्र और चंडीगढ़ में निजीकरण के विरोध में देश भर मे बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण विरोधी दिवसष् मनाकर विरोध दर्ज किय। बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही राष्ट्रव्यापी विरोध होगा। प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह न करे। बिडिंग के पहले आरएफक्यू डॉक्यूमेंट जारी करे तो निजीकरण के घोटाले का हो जाएगा खुलासा।

## लखनऊ कोर्ट ने राहुल गांधी को किया तलब,10 को पेश होने के निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर पर विवादित टिप्पणी और भड़काऊ भाषण देने के लिए तलब किया है। उन्हें 10 जनवरी को अदालत में पेश होने के आदेश दिए है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय ने गुरुवार को उनके कथित भड़काऊ बयान और वीर सावरकर पर विवादित टिप्पणी के संबंध में दर्ज परिवाद पर सुनवाई की। अदालत ने राहुल गांधी को प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत अपराध के लिए दोषी पाया है। उनका पक्ष जानने के लिए 10 जनवरी 2025 को पेश होने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ समन भी जारी किया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई तय तारीख पर होगी।वकील नृपेन्द्र पांडेय ने परिवाद में आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीर सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। परिवादी नृपेन्द्र पांडेय ने बताया कि यह बयान समाज में वैमनस्य और द्वेष फैलाने की मंशा से दिया गया था। इसके साथ ही, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पत्रक भी पत्रकारों के बीच बांटे गए थे, जो विपक्षी द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया गया कृत्य दर्शाता है। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने बयान और गवाहों के साक्ष्य को अदालत ने गंभीरता से लिया। निगरानी अदालत ने भी मामले को दोबारा सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट अदालत को भेजा था। सभी तथ्यों और साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए अदालत ने पाया कि राहुल गांधी का बयान समाज में घृणा और वैमनस्य फैलाने वाला था, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत दंडनीय अपराध है।

## न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल ने पांचवां अतुल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट जीता



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** प्रताप स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पांचवें अतुल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। फाइनल मेजबान न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल व विशाल इटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ। 9 विकेट की आसान जीत के साथ न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल ने टूर्नामेंट जीत लिया। फाइनल में टॉस जीतकर विशाल इंटरनेशनल स्कूल निर्धारित 10 ओवर में 108 रन बनाकर आउट हो गया। निशान्त ने 23 गेंद पर 8 छक्कों तथा एक चौके की मदद से 53 रन की पारी खेली। सक्षम ने 14 रन द ेकर 4 विकेट झटके। ओम चौधरी ने एक विकेट लिया। न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल ने 7.3 ओवर में ही एक विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की व टूर्नामेंट जीत लिया। ओम चौधरी ने नाबाद 37 व निमेष चौधरी ने नाबाद 38 रन बनाए। औम चौधरी को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। बेस्ट बैटसमैन विशाल इन्टरनेशनल स्कूल के हेमन्त व बैस्ट बॉलर न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल के हर्ष रहे। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुनेन्द्र सिंह शिशोदिया, स्कूल की निदेशक मुनीष अग्रवाल व प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने पुरस्कार प्रदान किए।

# एचआरआईटी विश्वविधालय में फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** एच आर आई टी विश्वविधालय, गाजियाबाद में 'पलाश' फेयरवेल पार्टी 2024 का आयोजन एक बेहद उत्साहपूर्ण और यादगार अनुभव के रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को एकजुट किया और मनोरंजन के साथ उनके जीवन में एक खास अध्याय जोड़ा। मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं

जिसमे विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर अपनी विशेष रुचि तथा कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, महानिदेशक डॉ. वी. के. जैन, कुलपति डॉ. डी. के. शर्मा, निदेशक डॉ0 निर्दोष अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । विधार्थियो ने सांस्कृतिक नृत्य ,गायन प्रस्तुत किया तथा भारतीय संस्कृति के रंगो की छटा चारो




तरफ बिखेरी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भारतीय और पश्चिमी संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, और अन्य कलाओं के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।फेयरवेल समाहरोह मे मिस फेयरवेल दिशा गुप्ता, मानसी बिष्ट, शिवानी, पारुल मिस्टर फेयरवेल आदित्य कुमार राय, अभिनव सिंह,कार्तिक चड्डा, अमान चुने गए।

इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति डॉ0 अनिल अग्रवाल जी के द्वारा सभी सफल छात्रों को पुरस्कार का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। आयोजित कार्यक्रम डॉ0 एम के जैन, विनोद कुमार, नवनीत शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, गुरविंद कंसल, डॉ0 उमेश कुमार सिंह, श्री सी. एन. सिन्हा, सचिन कौशिक, रवि श्रीवास्तव, तथा अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना त्यागी ने किया।

कार्यक्रम में अतुल भूषण, पूजा चौधरी, अलका बंसल, अंजलि गुप्ता, मानसी, प्रियंका त्यागी, मानसी, एकता झा, हेमलता, सोनिका शर्मा, कामिनी शर्मा, शुभंकर सिंह, अखिल कुमार, शिवानी त्यागी, पूर्णिमा तेवतिया, शिल्पी, विभांशी त्यागी, अन्नू, दीपक कुमार, फैसल खान, सोनू कुमार, शोभित खत्री, राहुल, रवि कुमार, विकास कुमार, वासुदेव शर्मा, शबनम जैदी, डॉ0 वरूण त्यागी, जैन सिंह, डॉ0 नवीन राठी, डॉ0 अंजू रानी, डॉ0 एकलव्य सिंह, डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, अरूण चौधरी, डॉ0 पी एस कौशिक, रशिमी त्यागी, गौरव शर्मा, डॉ0 नवनीत शर्मा, आदि का सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में अतुल भूषण (प्रशासनिक अधिकारी) का मुख्य योगदान रहा। इसके अलावा, शिक्षकों और कर्मचारियों का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन छात्रों और शिक्षकों के सहयोग से एक यादगार शाम के रूप में हुआ।

## लोन कंपनी से 1 करोड़ का सोना चोरी, महिला मैनेजर ने की चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर-18 में गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली कंपनी के ब्रांच से महिला मैनेजर ने एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की घटना स्वीकार करने के बाद युवती नौकरी छोड़कर चली गई। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी युवती की करतूत कैद हो गई। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शिकायत मिलने के एक महीने बाद सहायक ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जितेंद्र सिंह निगम ने पुलिस को बताया कि वह ट्रू कैप फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सेक्टर-18 स्थित शाखा में सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी आरबीआई के दिशा-निर्देशों के तहत लोगों को सोना गिरवी रखने पर लोन उपलब्ध कराती है। जो लोग लोन नहीं चुका पाते हैं तो उसे दिशा-निर्देशों के तहत नीलाम कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके यहां पर सलारपुर कॉलोनी निवासी ज्योति शर्मा ब्रांच मैनेजर के रूप में कार्य करती थी। सितंबर 2024 में ब्रांच से कुछ सोना गायब होने की सुगबुगाहट मिली। वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से सूचना दी। कंपनी ने ऑडिट कराया तो एक करोड़ सात लाख रुपए कीमत का सोना गायब मिला। इसके बाद ब्रांच में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलाई गई। जिसमें ज्योति शर्मा कपड़े में बांधकर सोने के जेवरात चोरी कर ले जाते हुए मिली। इस संबंध में कंपनी द्वारा ज्योति शर्मा से पूछताछ की गई तो उसने चोरी की घटना को लिखित स्वीकार कर लिया। साथ ही जल्द से जल्द सोना वापस करने का आश्वासन दिया। दीपावली के दौरान ज्योति ने ब्रांच में आना बंद कर दिया। फोन पर संपर्क किया तो संपर्क नहीं हुआ। कंपनी की ओर से छह नवंबर को थाने में लिखित शिकायत दी गई। साथ ही ब्रांच में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी दी गई। पुलिस ने जांच करने के बाद 11 दिसंबर को ज्योति शर्मा और उसकी मां व रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि आरोपी युवती को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# लोगों को बार-बार फर्जीवाड़े का शिकार बनाने वाला शातिर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद पुलिस ने अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास करीब एक हजार करोड़ रुपये की जमीन को अपना बताकर सौदा करने वाले फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है।

आरोपित ने जमीन का सौदा कर करीब डेढ़ करोड़ रुपये भी ले लिए। आरोपित पर गैंगस्टर भी लगा हुआ है। पुलिस आरोपित के चार साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं उनमें से तीन की जमानत हो चुकी है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास साहिबाबाद निवासी राजकुमार अग्रवाल की करीब 32 एकड़ जमीन खाली पड़ी हुई है।

इस जमीन को अपनी बता फर्जी डीड कराकर टोकन मनी के नाम पर सात लोगों से करीब डेढ़ रुपये की ठगी कर ली गई।ठगी के आरोपित मुजफ्फरनगर



के अबूपुरा निवासी राजकुमार गर्ग को गिरफ्तार किया गया है। राजकुमार गर्ग माधवपुरम मेरठ में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता है। राजकुमार गर्ग पूर्व में गाजियाबाद में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर चुका है। उसने अर्थला में खाली पड़ी जमीन और मालिक के बारे में जानकारी हासिल की।

आधार कार्ड में नाम कराया चेंज

राजकुमार ने अपने आधार कार्ड में पहले अपना नाम राजकुमार गर्ग से राजकुमार अग्रवाल किया, फिर उसके आधार पर पैन कार्ड बनवाकर खाता खोला।

आरोपित फर्जी पहचान के आधार पर ही पासपोर्ट भी बनवा लिया। राजकुमार और उसके साथियों ने रविंद्र सिंह निवासी मंडोली दिल्ली, दिलीप सिंह शाहदरा दिल्ली सहित सात लोगों से जमीन को अपनी बताकर फर्जी डीड बनाने और टोकन मनी लेने के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

आरोपी जमीन फर्जीवाड़े के 7 मुकदमे हैं दर्ज है। आरोपित पर जमीन फर्जीवाड़े के सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस राजकुमार गर्ग और उसके साथ चार अन्य साथियों पर गैंगस्टर लगा चुकी है।

पुलिस पूर्व में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उनमें से तीन को जमानत हो गई है। एक आरोपित डासना जेल में बंद है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला

**बांदा।** जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा छापर गांव के पास हुआ। हादसे का शिकार दोनों युवक अंकित और विवेक फतेहपुर गांव से बांदा की ओर आ रहे थे। तभी छापर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही राहगीरों ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर शिव कुमार मौर्य ने बताया कि देर रात दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया था। बताया जा रहा है कि किसी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## फ्लैट ओनर्स फेडरेशन, राज नगर एक्सटेंशन इकाई गाजियाबाद का फायर ऑफिसर से संवाद



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** फ्लैट ओनर्स फेडरेशन, राज नगर एक्सटेंशन इकाई गाजियाबाद के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज फायर ऑफिसर शेष नाथ यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान फेडरेशन ने राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आग सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने फायर ऑफिसर को बताया कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में 62 सोसाइटी हैं, जिनमें लगभग 2 लाख लोग रहते हैं। इन सोसाइटी में आग सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण आग लगने की संभावना अधिक है।

फायर ऑफिसर श्री यादव ने फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि वह राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आग सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह फेडरेशन के साथ मिलकर राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आग सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

फेडरेशन के अध्यक्ष राज कुमार त्यागी ने फायर ऑफिसर के साथ हुई मुलाकात को सफल बताया और कहा कि फेडरेशन आग सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रतिनिधि मंडल में मुलाकात करने वालों में संरक्षक डॉ राजीव श्रीवास्तव, महामंत्री कैप्टन गोपाल सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉक्टर नीतिका शुक्ला एवं वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के संयोजक शरद सिंघल की प्रमुख थे।

### लाइसेंसी बंदूक से 11वीं की छात्रा को लगी गोली, मौत

**उरई/जालौन।** जालौन में 11वीं की छात्रा की पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली चलने से मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। यह घटना तब हुई जब छात्रा घर में सफाई कर रही थी। घटना एट कोतवाली क्षेत्र के गिरिथान की है। बताया कि एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिरिथान के रहने वाले अब्दुल नवाब मंसूरी गांव में ही खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है।जबकि उसकी पत्नी जरीना बानो गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्री है। शुक्रवार दोपहर को जरीना बानो गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र चली गई। जबकि घर में अब्दुल नवाब उसकी बड़ी बेटी रोशनी उर्फनिशा और छोटी बेटी अलीशा मंसूरी मौजूद थी। शुक्रवार दोपहर को वह घर की साफ-सफाई कर रही थी। तभी संदिग्ध हालत में पिता की लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से चली गोली अलीशा के चेहरे पर लग गई।

## 25 हजार के इनामी का एनकाउंटर, पुलिस दौड़ाकर पैर में मारी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** 25 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पैर में गोली मारी। आरोपी एक साल से फरार चल रहा था और अंतरराज्यीय गांजा तस्कर था। आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस, चोरी की स्पलेंडर प्लस बाइक बरामद हुई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया थाना सूरजपुर पुलिस जैतपुर गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उसने बाइक नहीं रोकी और भागने का प्रयास किया। जब पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो उसने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। इससे आरोपी वहीं गिर गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया-अमित शातिर किस्म का अंतरराज्यीय गांजा तस्कर है, जिसके विरूद्ध थाना सूरजपुर पर एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट मे मुकदमा दर्ज है।

आरोपी अमित थाना सूरजपुर से गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार इनाम घोषित किया गया हुआ था। घायल अमित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके के खिलाफ सोनीपत, हरियाणा और बिहार में दर्ज मुकदमों की जानकारी की जा रही हैं। यह बदमाश करीब 1 वर्ष से लगातार फरार चल रहा था।

# रोटरी क्लब ने नोएडा पब्लिक लाइब्रेरी में छात्रों को असीमित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा प्रदान की

देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** दिल्ली ओखला सिटी रोटरी क्लब, जो अपने प्रभावशाली सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है, ने नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित नोएडा पब्लिक लाइब्रेरी में असीमित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की है।

यह लाइब्रेरी 1,000 से अधिक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जो PSC, NDA, CDS, SSC, CA, CS, NEET, JEE, CAT, बैंक पीओ, रेलवे भर्ती, छ्रस्स्न और राज्य सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अब यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक कनेक्टिविटी से लैस है, जो छात्रों को ऑनलाइन संसाधनों और सीखने के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगी। इस



परिवर्तनकारी परियोजना को रोटरी क्लब के समर्पित सदस्य श्री परितोष यादव के माध्यम से उनकी कंपनी कॉस्टेल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संभव बनाया गया है।

इस पहल में रोटरी क्लब के अन्य प्रतिष्ठित सदस्य श्री दीपक छाबड़ा, श्री संजय बत्रा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए, रोटरी क्लब के अध्यक्ष कुशाग्र अवस्थी ने कहा, लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा की कमी इन होनहार छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा थी, जो अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली ओखला सिटी रोटरी क्लब की यह पहल गेम-चेंजर साबित होगी, जो इन छात्रों को ऑनलाइन शैक्षिक सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं के संसाधनों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगी।

हाई-स्पीड इंटरनेट, उन्नत फायरवॉल से संरक्षित है और केवल पंजीकृत छात्रों को ही इसकी पहुंच दी जाती है। यह परियोजना शिक्षा का समर्थन करने और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हाई-स्पीड इंटरनेट की स्थापना न केवल डिजिटल समावेशन की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह रोटरी क्लब के उस मिशन का प्रतिबिंब भी है, जो अर्थपूर्ण और सतत परियोजनाओं के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाता है। यह पहल शिक्षा और तकनीक तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के क्लब के दृष्टिकोण को उजागर करती है।

## गद्दा-रजाई बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** जेवर कस्बे में आग लग जाने से एक गद्दा और रजाई बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। साथ ही फैक्ट्री के अंदर सो रहा एक कर्मचारी भी झुलस गया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक आग पर काबू पाती, उससे पहले ही लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। पुलिस का कहना है कि आग के कारणों की जांच की जा रही है।

जेवर कस्बा निवासी शकील की वैना रोड पर गद्दा और रजाई बनाने की फैक्ट्री है। उनका कहना है कि जहां पर गुरुवार रात कर्मचारी रात के समय काम करके सो गए थे। देर रात को फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। धुंआ निकालने पर जब मामले की जानकारी कर्मचारियों को हुई तो उन्होंने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन वह असफल रहे। जिसकी जानकारी अन्य और लोगों को और फायर ब्रिगेड को भी दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया।गनीमत रही की गली में अन्य घरों की तरफ भी आग बढ़ रही थी। लेकिन उसे पर समय रहते काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक करीब 12 लाख रुपये का भारी नुकसान फैक्ट्री में हो चुका था। साथी ही एक कर्मचारी भी इस दौरान फैक्ट्री में काम करने वाला झुलस गया।

जिसकी पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है प्राथमिक जांच में पता चला है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से घटना हुई है। उसके बावजूद भी शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी जीवन संजय सिंह का कहना है कि अभी तक की जांच में शॉर्ट सर्किट से ही आग लगा पाया गया उसके बावजूद भी मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलेगी पिक व ड्राप की सुविधा

**महिंद्रा लॉजिस्टिक्स मोबिलिटी को बनाया पार्टनर, 17 अप्रैल से संचालित होगा एयरपोर्ट**

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट अथॉरिटी ने महिंद्रा को कैब सेवा के लिए अपना पार्टनर बनाया है। इसके तहत एयरपोर्ट आने जाने वाले मुसाफिर को प्रीमियम पिक एंड ड्राप मिलेगा। यहां चलने वाली कैब 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक यानी जीरो कार्बन उत्सर्जन की होंगी। कैब की बुकिंग मोबाइल ऐप, वेबसाइट, कॉल सेंटर, एयरपोर्ट कियोस्क आदि माध्यम से की जा सकेगी। हालांकि पहले फेज में कितने कैब महिंद्रा चलाएगा इसका अनाउंसमैंट भी जल्द किया जाएगा। 9 दिसंबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सफल लैंडिंग कराई गई। नोएडा स्थापना दिवस 17 अप्रैल को एयरपोर्ट पूरी तरह से कॉमर्शियल कर दिया जाएगा। पहले फेज की क्षमता 1.2 करोड़ की होगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तैयारी का रही है। इसी के तहत महिंद्रा को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपना पार्टनर बनाते हुए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। ये सेवा एयरपोर्ट से 24 घंटे सातों दिन मिलेगी।

इसके लिए ऐप या वेबसाइट से सिर्फ कैब बुक करनी होगी। पेमेंट मोड ऑनलाइन होगा। इसके बाद ये सेवा आपको एयरपोर्ट तक लेकर जाएगी और एयरपोर्ट से आपके घर तक ड्राप भी करेगी। इस कैब में सुरक्षा के सभी फीचर भी होंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफश्नेलमैन ने कहा, कि हमने प्रीमियम, पूर्णतः इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा देने के लिए महिंद्रा लॉजिस्टिक्स मोबिलिटी के साथ साझेदारी की है, ताकि हवाई अड्डे से सीधे आपके गंतव्य तक निर्बाध तथा पर्यावरण-अनुकूल यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। 1334 हेक्टेयर में बन रहे इस एयरपोर्ट के पहले चरण का 85ः काम पूरा हो चुका है। हालांकि इस पूरे एयरपोर्ट का निर्माण 6 हजार 500 हेक्टेयर में चार फेज में किया जाएगा। जिसमें 29 हजार 650 करोड़ रुपए खर्च होने है। पहले फेज के निर्माण में 10056 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अब तक करीब 8 हजार करोड़ रुपए खर्च हो चुके है।

कॉमर्शियल फ्लाइट संचालन के लिए कंपनी डायरेक्टर ऑफ सिविल एविएशन (क्ळब।)को एअरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन करेंगे। 15 दिसंबर के बाद किया जाएगा। अधिकतम 90 दिनों में लाइसेंस मिल जाएगा। इस एयरपोर्ट का निर्माण स्विस कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल कर रही है। कंपनी 40 साल तक इस एयरपोर्ट को रन करेगी। पहले फेज की क्षमता 1.2 करोड़ पैसेंजर की है। 17 अप्रैल से रोजाना 65 फ्लाइट उड़ान भरेंगी। इसमें 62 फ्लाइट डोमेस्टिक होंगी। दो इंटरनेशनल फ्लाइट होंगी और कार्गो फ्लाइट होगी। पूरा बनने के बाद ये एशिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा।

### दबंग ने महिला से दुष्कर्म का किया प्रयास, एसपी से की शिकायत

**बांदा।** जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र दिया और बताया कि बीते दिनों रात के समय घर में अकेली सो रही महिला से दबंग ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला ने शिकायत में बताया कि दबंग ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और तमंचे के बल पर उस पर हमला किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया और बच्चियां चिल्लाई, तो दबंग ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। महिला के अनुसार, दबंग ने तमंचे का इस्तेमाल कर उसे डराया और इस पूरी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। घटना के बाद महिला ने पति और सास के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लिया।

## बांदा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की वॉट्सऐप चौटिंग आई सामने

**प्रिंसिपल पर ड्यूटी लगाने के लिए पैसे लेने का लगाया गया आरोप**

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** बांदा स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में कथित वॉट्सऐप चौट वायरल होने का मामला स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही की चिंताजनक स्थिति को उजागर करता है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता की कमी और अनुशासनहीनता पर सवाल खड़े कर रही है। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर करन राजपूत की कथित चौट वायरल हुई। जिसमें उन्होंने प्रिंसिपल पर ड्यूटी लगाने के लिए पैसे लेने का आरोप लगाया है। चौट में यह भी बताया गया कि रात और दिन की ड्यूटी के लिए रेट तय हैं। पैसे देने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाती है।चौट में आईसीयू में लाइट न होने और वेंटिलेटर की समस्याओं का जिक्र है। डॉक्टरों और स्टाफ के बीच आपसी समन्वय की कमी से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। चौट के मुताबिक, एक डॉक्टर ने स्टाफ न मिलने पर अहिंसक आंदोलन की धमकी दी है। इससे संस्थान के आंतरिक माहौल और प्रशासनिक अक्षमता की झलक मिलती है। ड्यूटी लगाने के लिए पैसे लेने की बात ने मेडिकल कॉलेज में जारी भ्रष्टाचार को उजागर किया है। यह आरोप योगी सरकार की स्वास्थ्य सुधार की मंशा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। वायरल चौट के बाद उच्च अधिकारियों की चुप्पी मामले की गंभीरता को और बढ़ाती है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई या जांच शुरू नहीं की गई है। ऐसी घटनाएं स्वास्थ्य सेवाओं की साख को प्रभावित करती हैं और मरीजों का विश्वास घटाती हैं। प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। वायरल चौट की सत्यता की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। भ्रष्टाचार के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया जाए।

अस्पताल में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं, जैसे आईसीयू में लाइट और वेंटिलेटर, तुरंत उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों की जान की सुरक्षा के लिए स्टाफ और डॉक्टरों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। उच्च अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी बढ़ानी चाहिए। अस्पतालों में अनियमितताओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित की जाए।

### कृषि उत्पादन मंडी समिति कदौरा पहुंचे जालौन डीएम

**उरई/जालौन।** डीएम राजेश कुमार पांडेय ने कृषि उत्पादन मंडी समिति कदौरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में किसानों की उपज की विक्रय व्यवस्था का जायजा लिया और उनकी समस्याएं सुनीं। डीएम ने निर्देश दिया कि किसानों की उपज की खरीदी पूरी पारदर्शिता के साथ हो और उन्हें उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले। किसानों ने डीएम से मांग की कि मंडी में एक की जगह दो धर्मकांटे लगाए जाएं, ताकि उनकी उपज का तौल जल्दी हो सके। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंडी में दो धर्मकांटे स्थापित किए जाएं, ताकि किसानों को समय पर तौल और विक्रय में आसानी हो। डीएम ने मंडी में दलालों और बिचौलियों की सक्रियता को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी किसी गतिविधि की सूचना मिलती है, तो मंडी और पुलिस अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह और डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

## चोरी की घटना को संदिग्ध बता दर्ज नहीं किया मुकदमा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी।** चोरी की घटना को संदिग्ध बताकर लोनीकटरा पुलिस ने शुक्रवार देर रात तक पीड़ित की शिकायत पर मुक़दमा दर्ज नहीं किया। जबकि चोरी की घटना से पीड़ित और उसका परिवार पूरी तरह आहत हैं। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के त्रिवेदीगंज कस्बे में गुरुवार रात छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए अज्ञात चोरो ने अलमारी का ताला तोडकर लगभग तीन लाख रुपए के जेवर उठा ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत तुरन्त स्थानीय पुलिस से कर रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। त्रिवेदीगंज कस्बा निवासी आशीर ने पुलिस से सिकायत कर बताया है कि बीती रात वह परिवार के साथ कमरे में सो रहा था। रात तीन बजे बग़ल के कमरे में सो रही बहन रुबिया आहट पाकर जग गई तब तक चोर फरार हो गए। मेरे कमरे की सिटकनी बाहर से बन्द थी। सिटकनी घर वालों द्वारा खोले जाने के बाद जब बाहर आया तो देखा कि बगल के कमरे की अलमारी का ताला टूटा हुआ था। जिसमें सोने चांदी के जेवरात गायब थे। जिनकी कीमत लगभग 3लाख रूपये थी। दोमित्र सेन रावत ने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## दिव्यांग की जमीन दबंग कर रहे पर कब्जा

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नरीखेड़ा निवासी दिव्यांग की जमीन पर दबंग कोर्ट के स्टे आर्डर के बाद भी जबरन कब्जा कर रहे है । पीडित तहसील सहित न्यायालय की कर रहा गणेश परिक्रमा। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नरीखेड़ा निवासी कमलेश कुमार शुक्ला पुत्र बृज किशोर शुक्ला दिव्यांग है। उसकी भूमिधरी जमीन राजस्व ग्राम जंगलखुर्द मे गाटा संख्या 133 रकबा 0.0310 हे0 है। उसकी भूमि पर रामबाबू लोध पुत्र जगन द्वारा वर्ष 2017 में कब्जा करने का प्रयास किया गया था । पीड़ित दिव्यांग कोर्ट से स्टे आर्डर भी ले आया था। साथ ही दीवानी न्यायालय में वाद भी चल रहा है। पिछले रविवार को उसके भूमिधरी नम्बर पर जबरन अवैध निर्माण कर छत डालवाने लगे ।दिव्यांग कमलेश द्वारा विरोध करने पर दबंग रामबाबू अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पुलिस सहित उच्च अधिकारियों से शिकायत किया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। पीडित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्य रुकवाए जाने की मांग की है।

## अलग अलग गांवों मे युवक एवं युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली



**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों मे युवक एवं युवती ने आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पहली घटना बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम भटखेरवा मजरे सुल्तानपुर निवासी मयंक उर्फ लकी ( 20 पुत्र स्वर्गीय रज्जन नाई गुरुवार की रात अपने कमरे में छत के कुंडे से नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मयंक के पिता रज्जन नाई की चार वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी । माँ रजन दुलारी ही परिवार की जिम्मेदारी निभा रही थीं। मयंक के बड़े भाई प्रमोद उर्फ लाला विदेश में नौकरी कर रहा है । उनकी तीन बहनों मे पूनम, नीलम , बिट्टो की शादी हो चुकी है । माँ परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक पर स्थानीय थाने में पाक्सो एक्ट व बालात्कार धाराओ में मुकदमा पंजीकृत था । जो न्यायालय में विचाराधीन है। दूसरी घटना ग्रामसभा मनिकापुर के मजरा मानपुर निवासी युवती मीरा (25 वर्ष, पत्नी रजनीश कश्यप, ने शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे अपने घर के कमरे में पंखे से साड़ी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना गाँव के विशाल कोरी ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका मीरा का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व चाँदपुर पाटन निवासी रजनीश कश्यप के साथ हुआ था। पति और ससुराल पक्ष के साथ विवाद के चलते मृतका मीरा शादी के कुछ दिन बाद से ही मायके में रह रही थी। परिवार के अनुसार, वह किसी तनाव के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर हुई।मीरा के पिता गोपाली की मृत्यु कई वर्ष पूर्व हो चुकी थी। मृतका मीरा दो बहनें थीं, जिनमें से बड़ी बहन सीता (28 वर्ष की अभी शादी नहीं हुई है जबकि छोटी बहन की शादी हो चुकी है। इस घटना के बाद से ही माँ शिवजानकी व परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।

## सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ़ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में दिनांक 17 से 20 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 17 दिसंबर 2024 को अपराह्न 3ः00 बजे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के द्वारा किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों की टीम प्रतिभाग करेगी, प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ी/टीम मैनेजर उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ से नामित 12 निर्णायक तथा लगभग 50 वॉलिंटियर्स एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अयोध्या तथा जिला खेल कार्यालय अमेठी के अधिकारी/कर्मचारियों के निर्देशन में सफल आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उक्त प्रतियोगिता के दर्शनदीर्घा में आने हेतु जनपद अमेठी के समस्त अतिथियों, खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## इनामिया अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**अमेठी।** शुक्रवार को उ0नि0 हरदेव बहादुर सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा मु0अ0सं0 265/24 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधि0 थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त नसीम पुत्र रहीसुल जमा निवासी हेरूआ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को ग्राम दुरामऊ, माइनर पुलिया के पास से समय करीब 06ः08 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त नसीम थाना जामो पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में वांछित व 10,000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## 18 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** शुक्रवार को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा मोटरसाइकिल सं0 [illegible]634 सवार अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र हौसला प्रसाद निवासी ग्राम बाकी मजरे डोमापुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब 25 वर्ष को देवकली माइनर के पास से समय करीब 01.10 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से कुल 18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। मोटरसाइकिल उपरोक्त के कागज मांगने पर दिखा न सका। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## क्षेत्राधिकारी कर्यालय एवं थानों पर की गयी जनसुनवाई

**अमेठी।** जिले के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा क्षेत्राधिकारी अमेठी कार्यालय पर व जनपद के थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया व शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । राजस्व सम्बन्धी विवादों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर विवादों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

# अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता बने प्रशासनिक सक्रियता व जनहित के कार्यों में मिसाल



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता ने प्रशासनिक सक्रियता और जनहित के कार्यों में ऐसी मिसाल पेश की है, जो जिले के हर व्यक्ति को प्रभावित कर रही है। 12 दिसंबर की देर रात उन्होंने रैन बसेरा, परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी और आश्रम स्थान असैदापुर का औचक निरीक्षण कर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि सुधार के निर्देश भी दिए। उनके निरीक्षण के बाद संबंधित विभागों में खलबली मच गई और आम जनता में प्रशासन की चुस्ती को लेकर भरोसा और भी मजबूत हुआ। रात्रि निरीक्षण से विभाग सतर्क रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वहां ठहरने वाले लोगों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आश्रम स्थान असैदापुर पर भी पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं का आकलन किया और सुधारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। जिले में उनके औचक निरीक्षणों का ऐसा प्रभाव है कि सभी विभाग अपने कार्यों को समय पर और बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए सतर्क रहते हैं।

**जनता के बीच लोकप्रियताः** अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता की कार्यशैली केवल विभागों तक ही सीमित नहीं है। यदि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनसे संपर्क करता है, तो वे तुरंत सुनवाई करते हैं और समाधान सुनिश्चित करते हैं। इस व्यवहार ने उन्हें जनता के बीच अत्यधिक लोकप्रिय बनाया है।

अमेठी के पत्रकारों में चर्चा का केंद्र जिले के सम्मानित पत्रकार भी अर्पित गुप्ता की प्रशंसा में पीछे नहीं रहते। अक्सर यह चर्चा होती है कि अर्पित गुप्ता जिस भी जिले के जिला अधिकारी बनेंगे, वह जिला गौरवशाली बनेगा। पत्रकारों का मानना है कि उनकी कार्यशैली अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणा है और उनका सक्रिय प्रशासनिक रवैया जिले के विकास में बड़ा योगदान दे रहा है।

*जनता और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु* अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता ने अपने कार्यों से जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम किया है। उनके प्रयासों से न केवल जनहित के कार्य प्रभावी ढंग से हो रहे हैं, बल्कि विकास कार्यों में भी तेजी आई है।

अमेठी के लिए प्रेरणा जिले में अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता जैसे अधिकारी जनता के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी कड़ी निगरानी और सक्रियता से यह संदेश स्पष्ट है कि प्रशासन पूरी तरह से जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उनका उद्देश्य है-**जनहित में सक्रिय और प्रभावी प्रशासन।**

# प्रदेश सरकार से उठा जनता का विश्वासः गौरव रावत



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** वादे न निभाना, जनता को धोखे में रखने की कला में भारतीय जनता पार्टी की कला है जिसमे वह निपुर और पारंगत है नीति, नियत और नेतृत्व से पंगु हो चुकी प्रदेश की सरकार से जनता का विश्वास उठ चुका है उक्त कथन विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड बंकी की ग्राम मंजीठा में पूर्वांचल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते हुए जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा।

विधायक गौरव रावत ने देश और प्रदेश की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश को अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी की आग में झोंकने वाले लोग आज बटने और कटने की बात कर रहे है ये वही लोग है जिन्होंने जाति, धर्म संप्रदाय के नाम पर पूरे देश को बाट दिया। गौरव कुमार रावत ने कहा कि रामराज के नाम पर नाथूराम राज चल रहा है प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर के नाम पर जाति विशेष के लोगो की हत्या की जा रही है जबकि इनामी माफियाओं को सत्ता में संरक्षित किया जा रहा है। इससे पहले विधायक गौरव कुमार रावत ने फीता काट कर सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मसौली ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, रक्षा राम वर्मा, अर्जुन वर्मा, नंदकिशोर, कपूर यादव, राकेश आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई कर पीड़ितो को किया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 1100 बजे से निरीक्षण भवन पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के उच्चाधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की गयी, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ एवं बच्चो के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ से जनसाधारण को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में 13 प्रकरण सदस्य के समक्ष प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु सदस्य महोदया द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तदोपरान्त सदस्य महोदया द्वारा सिकन्दरपुर सरोसी विकास खण्ड के ग्राम मैनी खेड़ा में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया, जहां उचित साफ-सफाई के निर्देश प्रदान किये गये। तत्पश्चात विकास खण्ड बिछिया सभागार में बैठक आयोजित कर बैठक में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचरियों/जनप्रतिनिधियों एवं आमजनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

उपरोक्त बैठक में श्रीमती एकता सिंह, मा0 सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ, उपजिलाधिकारी सदर, श्रीमती सोनम सिंह नगर क्षेत्राधिकारी, श्री अवधेश कुमार प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी महिला थाना, प्रभारी ए0एच0टी0यू0, जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# सेण्ट्रल बार के नामांकन दाखिले के साथ निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन जिला मुख्यालय की वर्ष 2025 की कार्यकारिणी के लिए शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया अपराह्न एक बजे के बाद निर्विरोध निर्वाचन के साथ संपन्न हो गई। सेन्ट्रल कमेटी के अध्यक्ष जगनारायण तिवारी ने बताया कि किसी भी पद के लिए एक से अधिक नामांकन दाखिल न होने के कारण सभी पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

उन्होंने बताया कि सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर गिरीश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव अवनीन्द्र पाण्डेय,मध्यम उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह व राम चन्द्र चौहान, महासचिव अभिनेष शुक्ला, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, जूनियर उपाध्यक्ष श्यामजी पाण्डेय, ऑडिटर रमेश दुबे, सचिव प्रशासन अरविन्द सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सचिव प्रकाशन स्वामीनाथ प्रजापति, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य दुलीचन्द अग्रवाल व राकेश चन्द्र द्विवेदी, जूनियर कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण यादव, नंदलाल, प्रणव प्रकाश मिश्र, अभिषेक यादव, आशीष शुक्ल व विनोद यादव का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इसके अलावा सर्वसम्मति से राकेश शुक्ल, प्रवीण कुमार मिश्र, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अमित मिश्र को उपाध्यक्ष, शीतला प्रसाद मिश्र को प्रवक्ता तथा ज्योति सिंह व पूजा सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल एक जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक होगा।

इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी के सदस्य पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह व अध्यक्ष श्रीराम सरोज, महासचिव मोहम्मद इस्लाम व सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# तेज़ रफ्तार डंफर रिटायर पुलिसकर्मी को रौंदा, मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार रिटायर पुलिसकर्मी अधेड़ को रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के बसरा गांव निवासी रामलाल राही रिटायर पुलिसकर्मी 65 पुत्र राहुरी प्रसाद शुक्रवार अपनी साइकिल से मवेशियों को खिलाने के लिए चोकर लेकर लेकर घर वापस आ रहे थे तभी लखनऊ महमूदाबाद मार्ग गांव के मोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजन रो-रोकर परेशान पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए हुए नामांकन

» मंडल अध्यक्ष के लिए केवल एक महिला ने कराया नामांकन



लोकमित्र ब्यूरो

**सफीपुर, उन्नाव।** भाजपा मैं संगठन चुनाव की प्रक्रिया जारी है इसी क्रम में सफीपुर मंडल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत कस्बा स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि पद के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल चुनाव अधिकारी नृपेंद्र सिंह के सामने अपने-अपने नाम दर्ज कराए. नामांकन प्रक्रिया सुबह 12 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चली सफीपुर मंडल अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 लोगों ने अपना नाम दर्ज कराया जिसमें एक महिला ने भी मंडल अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल विश्वकर्मा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष शिव लखन सिंह, वर्तमान महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कंचन गुप्ता, प्रदीप तिवारी, विनोद शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, श्री कृष्ण, प्रदीप शुक्ला, विनोद द्विवेदी, आशीष कनौजिया एवं नीरज निषाद ने अपने नामांकन दर्ज कराए।

**चुनाव में नियम रहे दरकिनार, औपचारिकताएं रही हावीः** सफीपुर मंडल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में औपचारिकताएं ज्यादा हावी दिखी। जहां मंडल अध्यक्ष के दावेदारों का नाम चुनाव अधिकारी ने डायरी में नोट किया गया जहां पर मौजूद 12 कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने नाम नोट कराएं, वहीं भाजपा उत्तर प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडे के अनुसार मंडल अध्यक्ष के दावेदारों एक फार्म के साथ वह प्रस्तावक के रूप में एक बूथ अध्यक्ष होना अनिवार्य था।

**कार्यकर्ताओं में भी रही निराशाः** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में दबी जुबान यह चर्चा रही कि वह आपकी बार निष्पक्ष चुनाव की आस लगाए बैठे थे परंतु डायरी में नाम नोट कर औपचारिकता निभाने की प्रक्रिया देखकर उन्हें फिर यह पूर्ण विश्वास हो गया है कि मंडल अध्यक्ष पद पर उस कार्यकर्ता को मौका मिलेगा जिसके पास ज्यादा शिफ़ारिस एवं संगठन में अपनी मजबूत पकड़ रखता है।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय की कैंटीन बंद, मरीज हो रहे परेशान


**अमेठी।** मरीज के खान-पान की व्यवस्था को लेकर जिला अस्पताल परिसर में प्रेरणा कैंटीन संचालित है। अभी तो दोनों सीडीओ सूरज पटेल ने जिला अस्पताल व कैंटीन का निरीक्षण किया था ।इस दौरान उन्होंने सीएमएस से कैंटीन संचालक के संबंध में संचालक आदि का सत्यापन का रिपोर्ट देने को निर्देश दिया था इसके बाद से अस्पताल परिसर में संचालित कैंडिडेट बंद चल रही है। वहीं अस्पताल परिसर में ठेले कौन से लगाने वाले की चांदी हो गई है ।ऐसे भी मरीज को बाहर से खाने पीने की वस्तुएं मांगनी पड़ रही है। सीएमएस डॉक्टर बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि कैंटीन संचालक को सत्यापन के लिए बुलाया गया है अभिलेख देखकर सत्यापन कर संचालन शुरू कराया जाएगा। बताया कि एक-दो दिन में कैंटीन संचालित की जाएगी।

# स्वतंत्रता सेनानी की 53वीं पुण्यतिथि मनाई गई

» जनपद सहित पूरे देश के स्वतंत्रता सेनानियों को किया गया याद

» स्वतंत्रता सेनानी रुद्र नारायण दीक्षित के आश्रित जगदीश नारायण दीक्षित ने देश की स्वतंत्रता में जिले के प्रथम सांसद विश्वंभर दयालु त्रिपाठी की जुझारू रणनीति पर विस्तृत चर्चा की

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर स्थित रानी साहबलाल इंटर कालेज में गुरुवार की शाम प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय साहबलाल द्विवेदी की 53 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के अलावा सैकड़ों ग्रामीणों ने भी स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र को सबल बनाने की शपथ ली।

कार्यक्रम में ग्राम माखी के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं कवि पंडित गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक के पुत्र उन्नाव बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि देश की आजादी में गांधीवादी नेताओं के साथ ही सुभाष चन्द्र बोस, चंद्र शेखर आजाद, भगत सिंह और राजगुरु तथा सुखदेव जैसे शहीद क्रांतिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वतंत्रता सेनानी रुद्र नारायण दीक्षित के आश्रित जगदीश नारायण दीक्षित ने देश की स्वतंत्रता में जिले के प्रथम सांसद विश्वंभर दयालु त्रिपाठी की जुझारू रणनीति पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि उनके ही नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों क्रांतिकारी अंग्रेज़ों भारत छोड़ो आंदोलन में जेलें भर दी थी।

कालेज के संस्थापक एवं सेनानी आश्रित विपिन कुमार द्विवेदी पूर्व शिक्षक ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्षेत्र के सेवाराम व मुल्ला हंस पूर्व विधायक, क्षेत्रपाल सिंह, सूरज प्रसाद मिश्र, शंभूरतन बाजपेई, मौजीलाल आर्य, दूलम सिंह कुशवाहा, झाम सिंह, ईश्वर दीन मिश्रा, रुद्र नारायण दीक्षित, हबीबुर्रहमान,बाल गंगाधर त्रिपाठी व जिला परिषद अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के योगदान जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया।

इसके पूर्व सेनानी आश्रित एवं राजकीय इंटर कालेज इम्प्लाइज फेडरेशन के प्रदेश महासचिव आयुष्मान द्विवेदी ने कविता के माध्यम से देश के सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष गरिमा दीक्षित, सुरेंद्र बाजपेई, यशपाल सिंह, रामदेव शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण निषाद, वंश गोपाल मिश्र, हरिहर शरण, करुणा शंकर तिवारी नूरा, विनय कुमार द्विवेदी, नरेश कुमार द्विवेदी, राम दयाल यादव व अतुल कुमार आदि सेनानी आश्रित शामिल हुए।

# नगर पंचायत बोर्ड के सदस्य को बैठने को नही मिला स्थान की शिकायत

» कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार होना शर्मनाक

» नगर पंचायत के गोदावलेश्वर नगर के बोर्ड सदस्य अनिल बाजपेई ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर लगाया आरोप

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** नगर पंचायत स्थित बी आर सी में 9 दिसंबर को आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला में पहुंचे नगर पंचायत बोर्ड के सदस्य को उचित स्थान न दिए जाने से आक्रोशित बोर्ड सदस्य ने शासन प्रशासन को पत्र लिखकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

नगर पंचायत के गोदावलेश्वर नगर के बोर्ड सदस्य अनिल बाजपेई ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि 9 दिसंबर को बीघापुर ब्लॉक संसाधन केंद्र में एक दिवसीय सगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन था जिसमें मुझे आमंत्रण भेजा गया कार्यक्रम में पहुंचने पर मुझे बैठने का स्थान नहीं दिया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार होना शर्मनाक है। मुझे किसी भी जगह पूछा नहीं गया जिससे उसकी भावनाएं आहत हुई है ।मामले की जांच कराकर आयोजन समिति के उपर कार्यवाही की जाय।खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत बोर्ड के सदस्य को आमंत्रित किया गया था यदि किसी तरह की चूक हुई है तो मामले को दिखवाया जाएगा।


संक्षिप्त खबरें

## सूफी समाज के लोगों ने ज्ञापन सौपा



**मोहम्मदी-खीरी।** कस्बा के सूफी समाज के लोगों द्वारा अजमेर शरीफ की दरगाह को मंदिर बात कर आए दिन मंदिर और दरगाहों को मंदिर बताकर मुकदमे दाखिल कर सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश कुमार सिंह को सौपा है। शुक्रवार को सूफी कमरुल हसन कादरी ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ तहसील कार्यालय पर पहुंचकर दिए गए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने अजमेर शरीफ की दरगाह सेम टी तमाम धार्मिक स्थलों को मंदिर बता कर धार्मिक उन्माद फैलाने से आपसी सौहार्द और गंगा जमुनी तहजीब बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस मौके पर सूफी समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

## ABVP ने महिला जागरूकता को लेकर बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ विषय पर करवाया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**खमरिया-खीरी।** भारत देश में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का प्रतिशत कम होने से उत्पन्न हुए हालातो को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई खमरिया द्वारा महिला जागरूकता को लेकर ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ विषय पर रेहुआ स्थित श्रीमती कलावती बाल विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें करीब 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही साथ प्रतिभागी छात्रों को जागरुक करते हुए महिलाओं की सुरक्षा व उनके लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे प्रभावी प्रयासों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष योगेश अवस्थी, नगर मंत्री लवकुश शुक्ला के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता दुर्गेश रस्तोगी,अनिकेत चौधरी मौजूद रहे।

## ईओ दिनेश शुक्ला ने लाइब्रेरी का किया उद्घाटन विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**निघासन-खीरी।** नगर पंचायत के शास्त्री नगर वार्ड में पुस्तकालय केंद्र खुल जाने से विद्यार्थी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के चेहरे पर आई खुशी आपको बताते चले की व्यापार मंडल के अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी व समाजसेवक राजेंद्र कनौजिया के सहयोग से कस्बे में रीड एंड रिलैक्स लाइब्रेरी का सुझाव आया जो कि युवा पीढ़ी को देखते हुए किया गया जिससे विद्यार्थी समेत युवा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए सुनहरा अवसर रहेगा जो की विद्यार्थियों को फ्री वाई-फाई उपलब्ध कराया जाएगा लाइब्रेरी खुलने का समय तकरीबन सात बजे से रहेगा जिसमें क्षेत्र के सभी विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे लाइब्रेरी का उद्घाटन नगर पंचायत के ईओ दिनेश शुक्ला द्वारा किया गया दिनेश शुक्ला ने बताया कि लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी साथ ही लाइब्रेरी में आने वाले बच्चे पढ़ करके क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आनंद चतुर्वेदी और राजेंद्र कनौजिया की प्रशंसा भी की साथ ही क्षेत्र के लोगों ने लाइब्रेरी के सुझाव को काफी सराहा इस दौरान नगर अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य व सभासद गण सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी समेत क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## मनरेगा कार्यों की हकीकत जानने उतरे डीएम,एस्टीमेट से कम चौड़ाई पर कराया माप

**बस्ती।** जनपद में मनरेगा कार्यों की हकीकघ्त जानने डीएम रवीश गुप्ता ग्राम पंचायत कोइलपुरा व दुबखरा औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। यहां उन्होंने कोइलपुरा में बनी इण्टरलाकिंग सड़क का स्थल पर माप करवाया गया। मापन, माप पुस्तिका में अंकित माप के समतुल्य आई। ग्राम पंचायत दुबखरा में बन रही मिट्टी की सड़क का कार्य अभी प्रगति पर था, लेकिन माप पुस्तिका नहीं भरी गई थी। एस्टीमेट से कम चौड़ाई पर स्थलीय माप पाई गई। कारण पूछने पर अवगत कराया गया कि मात्र चकरोड़ में ही कार्य सम्भव है, चूंकि कृषक अपनी भूमि में निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। निर्देश हुए कि ऐसे में माप पुस्तिका वास्तविक कार्य के अनुसार ही भरी जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत कोइलपुरा में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। सामान्य रखरखाव व पशुओं का सामान्य स्वास्थ्य ठीक पाया गया। ग्राम प्रधान की ओर से स्वयं की भूमि पर हरे चारे की खेती करके चारा दिलवाया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे, लेकिन दैनिक पंजिका में उनके हस्ताक्षर नहीं पाए गए। निर्देश हुए कि दैनिक पंजिका पर हस्ताक्षर अवश्य किए जाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत कोइलपुरा में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में मदनउमतंजपवद कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया व एप की बारीकियों को देखा। अपने समक्ष एक लाभार्थी का पंजीकरण कराया गया ंचच के प्रयोग में नेटवर्क की कुछ समस्या पाई गई, जिससे सूचना कभी-कभी संरक्षित नहीं हो पा रही थी। उक्त को शासन के संज्ञान में लाने हेतु निर्देशित किया गया।

## फर्जी हस्ताक्षर बना लेखाकार और सीएलएफने निकाले 14.96 लाख, रिपोर्ट दर्ज


**बहराइच।** फखरपुर विकास खंड में शासकीय धन का फर्जीवाड़ा करने पर लेखाकार और सीएलएफ अध्यक्ष के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुआ है। दोनों ने फर्जी हस्ताक्षर बना 14.96 लाख की ठगी की है। विकास खण्ड-फखरपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित प्रयास प्रेरणा महिला संकुल समिति के बचत खाते से सचिव रेशमी पाल के फर्जी हस्ताक्षर करके वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक लेखाकार विक्रम मिश्रा द्वारा रुपये 9,96,700 एवं सीएलएफ अध्यक्ष अनुसूईया देवी द्वारा 4,99,560 कुल धनराशि 14,96,260 रुपये का अन्तरण करवा लिया गया है। इसकी जानकारी होने पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर सम्बन्धित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 319 (2), 318 (4), 340 (2), 316 थाना-फखरपुर में 13 दिसम्बर को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 23 नवम्बर को जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) और समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर के साथ प्रकरण की जांच की गई। जिसमें शिकायत की पुष्टि और दोषी कर्मिको द्वारा पूर्व में लिखित रूप से उपरोक्त कृत्य स्वीकार किये जाने की आख्या उपलब्ध कराये जाने पर सीडीओ के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा थाना फखरपुर में लेखाकार विक्रम मिश्रा व सीएलएफ अध्यक्ष अनुसूईया देवी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

## प्रो. मानवेन्द्र कुमार पुंढीर द्वारा राजस्थान इतिहास कांग्रेस में व्याख्यान

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रो. मानवेन्द्र कुमार पुंढीर को राजस्थान इतिहास कांग्रेस के 38वें अधिवेशन जोधपुर में आयोजित प्रो. गोपी नाथ शर्मा स्मृति व्याख्यान देने के लिये आमंत्रित किया गया। प्रो. पुढीर ने अध्यक्षीय भाषण के बाद स्मृति व्याख्यान दिया। सम्मेलन का उद्घाटन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सदस्य सचिव ने किया। प्रो. गोपीनाथ शर्मा एक प्रतिष्ठित स्मृति व्याख्यान है।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतों के लिये जनता से अनुनय कर रहे विधायक रोमी साहनी

- पालिका उप-चुनाव पालिकाध्यक्ष उम्मीदवार के लिए जोड़े हाथ, बोले विधायक कि मेरी इज्जत का सवाल है
- अगर बंटोगे तो ये कमान दूसरे के हाथ में चली जाएगी। लोकप्रियता टेस्ट बना नगर पालिका का यह उपचुनाव



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** पालिया नगर पालिका में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। इसमें भाजपा भी अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रचार-प्रसार को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक रोमी साहनी पहुंचे हुए थे। भाषण के दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर जनता से अनुनय विनय करते हुये भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता के लिये वोट कीअपील की।

सार्वजनिक सभा में विधायक रोमी साहनी ने कहा कि हाई कमान चुनाव जीताने का वादा करके टिकट दिलवाया है, ये केवल एक चुनावी मुकाबला नहीं, उनकी इज्जत का सवाल है। पालिया के लिए लगातार हाईकमान से फोन आ रहे हैं और स्टेटस पूछा जा रहा है पलिया विधायक ने कहा,साथियों 17 तारीख को साथ दे देना। अगर बंटोगे तो ये कमान दूसरे के हाथ में चली जाएगी।

लोकप्रियता टेस्ट बना नगर पालिका का यह उपचुनाव जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक साख और पार्टी के प्रति उनके समर्थन का भी बड़ा सवाल बन चुका है।

खासकर 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह उपचुनाव उनकी लोकप्रियता का टेस्ट बन चुका है। भाजपा अब आगामी विधानसभा चुनावों में विधायक की कार्यशैली और नगर निकाय चुनावों के नतीजों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करेगी। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव में जनपद की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा की हार के बाद अब पार्टी अपनी साख बचाने के लिए हरसंभव कोशिश करेगी।

विधायक रोमी साहनी के लिये उपचुनाव अग्नि परीक्षा बना हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान विधायक रोमी साहनी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बीच का अलगाव भी चुनाव के दौरान साफ नजर आया था। पूरे चुनावी प्रचार में विधायक साहनी पुरे जोर शोर से कैम्पेनिंग करते दिखे,वहीं लोकसभा प्रत्याशी रहे अजय मिश्रा टेनी ने भी अपनी चुनाव सभाओं में भाजपा के लिए की जान से मतदान की अपील करते दिखे।

# रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफबरती जाए सख्तीः लाली प्रसाद निर्मल

- निर्मल ने भारत सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं

लोकमित्र ब्यूरो

**बस्ती।** आम्बेडकर ट्रस्ट के अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य लाली प्रसाद निर्मल शुक्रवार को बस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में सबसे अधिक दलित हिंदू हैं, जिनकी आबादी 90 प्रतिशत है।

इन पर जुल्म किया जा रहा है, उनके घर जलाए जा रहे हैं और मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। निर्मल ने भारत सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा, ष्हिंदुओं के साथ हो रहे अन्याय पर भारत सरकार को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। देश में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के सवाल पर लाली प्रसाद निर्मल ने कहा कि भारत में हो रही अवैध घुसपैठ को सख्ती से रोका जाना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि इसके लिए सरकार को जिम्मेदार मानते हैं या नहीं, तो उन्होंने जवाब दिया, ष्सरकार पर दोष लगाना सही नहीं है। म्यांमार में आंतरिक संघर्ष और तानाशाही के चलते ये समस्याएं बढ़ी हैं। लेकिन भारत को घुसपैठ रोकने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए, और सरकार इस पर काम भी कर रही है। निर्मल ने इस दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के विचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ष्बाबा साहब ने कहा था कि मैं बंटवारे के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन अगर बंटवारा होना ही है तो यह ईमानदारी से होना चाहिए। सभी हिंदू भारत में आ जाएं और सभी मुसलमान पाकिस्तान चले जाएं।

# नॉन वेंडिंग जोन में धन उगाही के लिए रखवाईं टंकियां

- यही नहीं, इन टंकियों के लिए दुकानदारों से डराने-धमकाने के आरोपों के बीच बड़ी रकम वसूली जाने की बात सामने आई है

लोकमित्र ब्यूरो

**बस्ती।** नगर पालिका परिषद के कामकाज पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। इस बार मामला बीडीए के अधिकारों के उल्लंघन और नॉन-वेंडिंग जोन में अवैध रूप से लोहे की टंकियां रखवाने का है। यही नहीं, इन टंकियों के लिए दुकानदारों से डराने-धमकाने के आरोपों के बीच बड़ी रकम वसूली जाने की बात सामने आई है। आरटीआई कार्यकर्ता भानु प्रकाश चतुर्वेदी सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने सड़क किनारे रखवाई गई अवैध टंकियों को तुरंत हटाने की मांग की है। जब टंकियों में दुकान चला रहे दुकानदारों से बात की गई, तो उन्होंने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए।

दुकानदारों का कहना है कि उनसे टंकी के लिए 3.50 लाख रुपये मांगे गए थे, जिसमें से अब तक 2.20 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। साथ ही, 8 हजार रुपये एग्रीमेंट के नाम पर वसूले गए हैं, लेकिन अब तक कोई कागज नहीं सौंपा गया। दुकानदारों ने कहा कि टंकियां हट जाने पर उनका रोजगार खत्म हो जाएगा। एक महिला दुकानदार ने आरोप लगाया कि पैसे देने से इनकार करने पर उन्हें डराया-धमकाया गया और वसूली की गई। इस मुद्दे पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सफाई दी। उन्होंने कहा, जहां भी लोहे की टंकियां बनी हैं, वहां एग्रीमेंट के साथ आवंटन किया गया है। डरा-धमकाकर वसूली का आरोप निराधार है। अगर किसी को शिकायत है, तो वह पालिका में आकर शिकायत दर्ज कराए। कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

- बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों (सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार/योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना/वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना (भौतिक/वित्तीय), दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना (अवस्थापना सुविधाएं), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें।


उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि, विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, ग्रामों का ऊर्जीकरण, ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये।

इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को क्यों लगानी पड़ गई दौड़ जमकर बहाया पसीना

- एसपी ने दौड़ लगवाने के साथ ड्रिल कराई, बोले- आपात स्थिति में तैयारी के साथ जाएं
- पीआरवी जवानों ने किया रिहर्सल, एसपी ने दौड़ लगवाने के साथ ड्रिल कराई, बोले- आपात स्थिति में तैयारी के साथ जाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को पीआरवी (पुलिस रिस्पांस वाहन) जवानों को दंगा नियंत्रण का रिहर्सल कराया गया। इस दौरान एसपी लखीमपुर गणेश प्रसाद साहा ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। एसपी खीरी डॉ गणेश प्रसाद साहा ने पुलिसकर्मियों से अनुशासन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इसके लिए पुलिसकर्मियों को दौड़ लगवाई गई और ड्रिल भी करवाई गई। इस परेड में पुलिस लाइन का पूरा पुलिस बल और विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी शामिल हुए। रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया।

एसपी ने यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट और अन्य जरूरी उपकरणों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन उपकरणों की नियमित सफाई, समुचित देखरेख और कुशल संचालन की दिशा में पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। आपातकालीन स्थिति से निपटना बताया साथ ही, पीआरवी कर्मचारियों को दंगाइयों/बलवाइयों पर नियंत्रण पाने के तरीके और दंगा नियंत्रण तैयारियों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

यह रिहर्सल दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ किया गया, ताकि जवान किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

# डीएम-एसपी ने रैन बसेरे में बांटा कंबल, व्यवस्थाओं को परखा

लोकमित्र ब्यूरो

**उरई/जालौन।** जनपद में बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर डीएम राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने गुरुवार रात उरई के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, और बस स्टैंड पर बने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने रैन बसेरों में रहने वाले बुजुर्गों और महिलाओं को कंबल बांटे। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों की सभी व्यवस्थाएं सही तरीके से संचालित हों, ताकि वहां रहने वालों को कोई परेशानी न हो। डीएम ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और डॉक्टरों को निर्देश दिया कि मरीजों को अच्छी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। साथ ही, किसी भी मरीज के साथ भेदभाव न हो, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर बने रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि ठंड के दौरान रैन बसेरों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त सुविधा और सुरक्षा मिले।

उरई की एसडीएम नेहा ब्याडवाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रैन बसेरों में रहने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। डीएम और एसपी ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए और वहां मौजूद लोगों को कंबल भी वितरित किए।जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि ठंड के दौरान जरूरतमंदों की मदद करें

# सड़क हादसों में चचेरे भाइयों समेत चार की मौत, तीन घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**बहराइच।** बहराइच जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। हादसों में चचेरे भाइयों और तीन वर्षीय बालिका समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि किशोर समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कस्बा निवासी नैतिक सोनी (16) पुत्र जग्गू सोनी अपने चचेरे भाई ओम सोनी (15) पुत्र लड्डू सोनी गुरुवार रात 8.40 बजे स्कूटी से जा रहे थे। पयागपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरवा ठकुराइन गांव के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में नैतिक सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ओम सोनी घायल हो गए। घायल को पुलिस ने सीएचसी पयागपुर में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

लेकिन लखनऊ में इलाज के दौरान चचेरे भाई की भी मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर विधायक सुभाष त्रिपाठी के पुत्र निशंक त्रिपाठी भी अस्पताल पहुंचे। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार नैतिक सोनी की मौके पर मौत हुई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी। उधर बाराबंकी जिले के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सनावा निवासी कमलेश पुत्र राम अवतार गांव निवासी राजेन्द्र पुत्र मंशा राम के साथ बाइक से गुरुवार को जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र बसंतपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे। जबकि जिला मुख्यालय से हुजूरपुर थाना क्षेत्र के गौर गांव निवासी भूरे पुत्र रमजान और बेटा सलमान बाइक से गांव जा रहे थे। हुजूरपुर मार्ग पर गंगटहिया पुल पर बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाराबंकी निवासी कमलेश की मौत हो गई। जबकि मृतक के साथी राजेंद्र, भूरे और सलमान घायल हो गए। उधर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी जया (3) पुत्री शाहिद को गांव में आए बारात के वाहन ने रौंद दिया। बालिका को सीएचसी में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज लाते समय रास्ते में बालिका की मौत हो गई। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि बरात के वाहन ने बालिका को रौंद दिया था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुंडेरवा चीनी मिल,आंखों में पड़ रही मिल की राख, लोग परेशान

लोकमित्र ब्यूरो

**बस्ती।** जनपद के मुंडेरवा में संचालित हो रही चीनी मिल के राख व बगास से ग्रामीण काफी परेशान हैं, इनका कहना है कि मिल की राख आंखों में पड़ जा रही है, इतना ही नहीं कभी-कभी तो सांस लेने पर यह भीतर की चली जाती है, जिसके चलते काफी दिक्कत हो रही हैझ

यहां आस-पास के घरों की पड़ताल करने पर चौकाने वाले नजारे दिखे, लोगों की छतों व गलियां में मिल की राख बिखरी हुई थी, महिलाओं ने कहा कि सुबह के समय काफी संख्या में घर की छतों व गलियों में इकठ्ठा हो जाता है, खाना बनाते समय भी राख भोजन में गिर जाता, लेकिन जिम्मेदार इसे लेकर गंभीर नहीं है।

यहां सबसे अधिक प्रभावित गांधीनगर वार्ड के लोग वार्ड के पास रहने वालीं नजमा बताती हैं कि कहती हैं कि राख गिर रही है, कपड़ा खराब हो जा रहा है, राख आंख में भी पड़ जा रही है, इतना ही नहीं घर में बना हुआ खाना तक खराब हो जाता है। कहती हैं कि जब से मिल चालू हुआ तक से ही ऐसा हो रहा है।

वहीं विमलेष कुमार कहते हैं कि कहते हैं कि यहां पर बच्चों के लिए काफी दिक्कत हो रहा है, कहते हैं कि घर के बाहर न बैठने को मिल रहा है और न ही खाने को, वहीं यहां की एक महिला ने कहा कि जब हवा तेज चलता है तो गर्दा ज्यादा उड़ता है, कहती है कि उनकी बच्ची की आंख में रख चली गई थी।

जिसके चलते उसे अस्पताल ले जाना पड़ा था। शुगर मिल के जीएम एमके श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही लोगों की समस्या का निदान होगा, हमने बाहर से इंजीनियरों की टीम बुलवाई हुई है, जल्द ही टीम बस्ती पहुंचकर कार्य शुरू करेगी।

## डा. फारूक अहमद डार द्वारा जामिया हमदर्द में व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूनानी चिकित्सा संकाय के मुनाफ्ि़ल अजा विभाग के अध्यक्ष डॉ. फारूक ए. डार ने स्कूल ऑफ यूनानी मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली द्वारा आयोजित नव प्रवेशित स्नातक यूनानी चिकित्सा छात्रों के लिए प्रेरण कार्यक्रम में व्याख्यान दिया। भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए राष्ट्रीय आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, कार्यक्रम में आयुष कॉलेजों के लिए संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम का पालन किया गया। डॉ. डार ने 21वीं सदी की स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों, यूनानी चिकित्सा की ताकत, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रबंधन में इसकी भूमिका और यूनानी प्रणाली को बढ़ावा देने में आने वाली बाधाओं पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को लगन से अध्ययन करने, आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, समय प्रबंधन कौशल अपनाने और अपनी शैक्षणिक यात्रा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

संक्षिप्त खबरें

## कारागार में निरुद्ध गरीब एवं निर्धन बंदियों को ठंड से बचाव हेतु वस्त्र वितरित किए

**अयोध्या ।** प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, अयोध्या अमित कुमार यादव ने जिला कारागार, अयोध्या का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशोर बैरक का निरीक्षण किया और वहां निरुद्ध बंदियों के मामलों की जानकारी प्राप्त की। जिन बंदियों के पास पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।इसके बाद, उन्होंने कारागार के सर्किल में स्थित पाकशाला का निरीक्षण किया। पाकशाला में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन किया, जो संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान, प्रधान मजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव, सदस्य राघवेन्द्र अवस्थी और विधि सह परिवीक्षा अधिकारी शिवाकांत शुक्ला ने कारागार में निरुद्ध गरीब एवं निर्धन बंदियों को ठंड से बचाव हेतु वस्त्र वितरित किए। निरीक्षण और वस्त्र वितरण के दौरान वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल सुरेश बहादुर सिंह और उप कारापाल नीरज कुमार दूबे भी उपस्थित थे।

## भारतीय स्टेट बैंक शाखा भेलसर से 49 हजार रुपए की लूट

**भेलसर -अयोध्या-** प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गौरिया मऊ निवासी सर्वजीत से लुटेरों ने उन्चास हजार रुपए ठगी कर लूट ले गए सर्वजीत ने बताया की उसने बैंक में साढ़े दस बजे खाते की केवाईसी कर पैसा निकालने आया था महाजन के यहां से गिरवी छुड़ाने के लिए बैंक से उन्चास हजार रुपए निकालने थे इस लिए बैंक में पहले से मोजूद एक व्यक्ति से पैसा निकालने वाला फार्म भरवाया उस के बाद उन्चास हजार रुपए निकाले और पैसा लेकर बैंक से बाहर निकला तभी दो लड़कों ने बताया मैं कानपुर से आ रहा हूं बहुत परेशान हूं आपन डेढ़ लाख रुपए पकड़ो और पचास हजार वाली गड्डी हमें दे दो हम लोग पच्चीस पूछिए हजार बांट लेंगे सर्वजीत ने ठगों की बातों में आकर अपना कैश उन्हें थमा दिया और ठगों ने सर्वजीत को कागज की गड्डी में एक पांच सौ का नोट लगा कर जो डेढ़ लाख का बताया थमा गए और खुद चंपत हो गए। घटना स्थल पर भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने पहुंच कर घटना का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी बैंक में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज से ही फार्म भरने वाले की शिनाख्त की जा सकती है।

## ब्रह्म बाबा स्थल को लेकर दो समितियों का विवाद गहराया

**अयोध्या-** ब्रह्म बाबा स्थल को लेकर दो समितियों के बीच विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। ब्रह्म बाबा मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष रामदास और पुजारी अनिल दास समेत अन्य लोगों ने एसडीएम सदर को एक ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने पौराणिक स्थल ब्रह्म बाबा के पुजारी अनिल दास को फिर से नियुक्त करने और अवैध ट्रस्ट को हटाने की मांग की है।ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष यादव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें ट्रस्ट के माध्यम से जमीन पर कब्जा करने का आरोप शामिल है। पुजारी अनिल दास का कहना है कि संतोष यादव ने उन्हें निकालने का प्रयास किया। संतोष यादव के अनुसार, पुजारी अनिल दास सिद्धार्थनगर के हिस्ट्रीसीटर हैं और पुलिस वेरिफिकेशन के लिए जरूरी दस्तावेज़, जैसे आधार कार्ड, नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण उनका सत्यापन नहीं हो पा रहा है।रामदास ने आरोप लगाया कि संतोष यादव ब्रह्म बाबा स्थल की जमीन पर होटल बनाकर कब्जा कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने समिति का गठन किया। इस विवाद में रामदास ने संतोष यादव के ट्रस्ट के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा भी दायर किया है।ब्रह्म बाबा स्थल को लेकर विवाद कोतवाली नगर के पूरे हुसैन खां क्षेत्र में स्थित प्रयागराज हाईवे पर है।

## श्रीमद्भागवत कथा के जनजागरण हेतु निकाली गई कलश यात्रा

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** क्षेत्र के परसवां पूरे शुक्ल गाँव में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के जनजागरण हेतु शुक्रवार को मंगल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को समीपवर्ती गांवों तथा देवस्थानों पर गाजे-बाजे के साथ निकालकर जन जागरण किया गया। कलश यात्रा की अगुवाई कथावाचक सुरेश शुक्ल जी महाराज ने की।

विशाल कलश यात्रा क्षेत्र अति प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर व हनुमान मंदिर तक गई। महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए हुए मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं। जगह-जगह कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। व्यासपीठ पहुंचने पर कलश का विधि विधान से पूजन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सायं चार बजे से सात बजे तक कथा का आयोजन होगा। उन्होंने कथा श्रवण के लिए क्षेत्रवासियों से कथा में पहुंचने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, राधेलली शुक्ला, राजनरायन शुक्ला, राज बहादुर शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, विजय शुक्ला, हर्ष वर्धन शुक्ला, यशवर्धन शुक्ला, आलोक द्विवेदी, अंजनी सिंह, संतोष कुमार, अभय सिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सवालों का सटीक उत्तर लिखें, निबंधन का करें अभ्यास - सुलखान



**बांदा।** पैलानी तहसील अंतर्गत पैलानी कस्बे में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय परीक्षा पर चर्चा को लेकर पहुंचे पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश सुलखान सिंह ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने कहा कि विद्याध्ययन करना सबसे बड़ा यज्ञ है, माता-पिता ने अभी आपको पढ़ने के लिए स्वतंत्र रखा है ऐसे में अपने विषय में गंभीर रहें,परीक्षा में जो प्रश्न पूछा जाए सजगता से उत्तर कापी में सीधा व संक्षिप्त लिखे जो लिख रहे हैं वहीं परीक्षक पढ़ेगा, अपने विषय पर गंभीर रहें,सवालों का सटीक जवाब लिखे, निबंध का अभ्यास करें हिंदी, अंग्रेजी के अखबार में छपी संपादकीय को पढ़ें।प्रधानाचार्य रावेंद्र सिंह परिहार, शिक्षक इंद्रजीत सिंह ने पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह व यस डी यम पैलानी शशिभूषण मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान अरविंद सिंह चंदेल,राजा सिंह पिपरहरी, अरुण दुवेदी नरी, ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता, ग्राम प्रधान अमलोर भूपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिपरोदर रामशेखर गुप्ता ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। यस डी यम पैलानी शशिभूषण मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा के लिए केवल दो माह का समय बचा है ऐसे में सौ प्रतिशत तैयारी करें, उन्होंने विद्यार्थियों के पांच लक्षणों को लेकर विस्तार से जानकारी दी,विषय में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी पर विशेष तैयारी करें, वहीं एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया और प्रश्नों के उत्तर से संतुष्ट नजर आए। वहीं प्रधानाचार्य रावेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस दौरान शिक्षक इंद्रजीत सिंह, वासुदेव वर्मा, शिवबहादुर पटेल,आनंद सिंह यादव,ज्ञान सिंह,मुदित कुमार,राकेश सिंह चंदेल रहे।संचालन नरेंद्र सिंह ने किया।

## हरिजन बस्ती में प्रधान ने कराया बारात घर का निर्माण

**कमासिन।** ग्राम पंचायत में गत 10 वर्षों से स्टेडियम के पास जर्जर अवस्था में बने बरात घर का अंबेडकर नगर बस्ती के निवासियों की मांग पर बरात ठहरने की समस्या के मद्देनजर ग्राम प्रधान रागनी गुप्ता ने बगल की जमीन खरीद कर जन सुविधा युक्त बरात घर का नवनिर्माण कराया है, इससे अंबेडकर नगर निवासी ग्राम पंचायत सदस्या फूल कुमारी, साधना देवी, रामबाबू ,बछराज, सीताराम प्रजापति, शिवविलास, कल्लू वर्मा, सूरजपाल समेत दर्जनों हरिजन बस्ती के निवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा आखिरकार ग्राम प्रधान ने समस्या का समाधान कर दिया।

# दशमोत्तर छात्रवृत्त योजनान्तर्गत जनपद स्तर गठित समिति अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या-** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर गठित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा कक्षा 11-12 स्तर पर प्रोफाइल अपडेट करने और कक्षा 11-12 के ऊपर की संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इसके साथ ही लम्बित प्रकरणों की स्थिति भी विस्तृत रूप से बताई गई। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10, कक्षा 11-12 और उससे ऊपर की कक्षाओं में छात्रों द्वारा लगातार आवेदन किए जा रहे हैं, लेकिन



शिक्षण संस्थानों द्वारा इन आवेदन पत्रों को अग्रसारित नहीं किया जा रहा, जिसके कारण अनेक ऑनलाइन आवेदन पत्र लम्बित पड़े हैं।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षण संस्थान अपने स्तर पर ऑनलाइन आवेदन पत्रों को लम्बित न छोड़ें और उनके सापेक्ष नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें समय से अग्रसारित या निरस्त करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग नकारात्मक रूप से प्रभावित न हो, सभी शिक्षण संस्थानों को अपने पोर्टल पर लम्बित ऑनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा कर उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

अपर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी शिक्षण संस्थाओं के कक्षाध्यापकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए, और संस्था प्रमुख से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्रतिनिधि, तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एनईपी एमए, एमएससी व एमकॉम विषम सेमेस्टर की परीक्षा 08 जनवरी से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी एमए, एमएससी व एमकॉम की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 08 से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलेगी। दो पालियों की परीक्षा में कुल 101429 परीक्षार्थियों में 32379 छात्र व 241578 छात्राएं शामिल होगी। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय की प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 से 10 बजे तक होगी। वही द्वितीय पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एनईपी एमए, एमएससी व एमकॉम की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की दो पालियों की परीक्षा 08 से शुरू होगी, जो 20 जनवरी तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस परीक्षा में कुल 101429 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनमें 32379 छात्र व 241578 छात्राएं परीक्षा देंगी। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपदों के केन्द्रों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए गए है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परास्नातक की विषम सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है।

# दबंग कर रहे न्यायालय के आदेश की अवमानना

## पुलिस की लापरवाही कही बन न जाये बड़ी घटना का कारण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या की सदर तहसील के धरमपुर सहादत गांव में दबंगों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुए एक महिला की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। विवादित भूमि को लेकर न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सदर फैजाबाद ने दो अगस्त को स्पष्ट निषेधाज्ञा जारी की थी, जिसमें विपक्षियों को भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा या निर्माण करने से रोका गया था।

धरमपुर सहादत गांव निवासी विजय लक्ष्मी, जिनके पिता कन्हैया लाल की वसीहत के आधार पर यह भूमि उनके नाम हुई है, अपने ही अधिकार की भूमि पर कब्जा पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। विजय लक्ष्मी ने दबंगों की इस हरकत और न्यायालय के आदेश की अवहेलना के खिलाफ अदालत में अवमानना का मुकदमा भी दर्ज कराया है। बावजूद इसके, दबंग खुलेआम न्यायालय के आदेश की अवमानना कर रहे हैं।बता दें विजय लक्ष्मी को उनके पिता कन्हैया लाल ने वर्ष 2010 में वसीहत लिखकर अपनी चल-अचल संपत्ति का उत्तराधिकारी घोषित किया था। उनके पिता का निधन 11 नवंबर 2010 को हो गया, जिसके बाद विजय लक्ष्मी संपत्ति की कानूनी मालिक बन गईं। विवादित भूमि पर विजय लक्ष्मी का कच्चा मकान स्थित है। जब उन्होंने इसे बनवाने का प्रयास किया, तो विपक्षियों ने उन्हें रोक दिया।एसडीएम ने लेखपाल से भूमि माप कराकर समझौता करवा दिया, लेकिन विपक्षियों ने समझौते का उल्लंघन करते हुए फिर से मकान पर कब्जा करना शुरू कर दिया।विजय लक्ष्मी ने इसके बाद दीवानी न्यायालय में गुहार लगाई, जहां से स्टे ऑर्डर जारी किया गया। पीड़ित महिला का आरोप है कि स्थानीय पुलिस भी उनका सहयोग नहीं कर रही है। पुलिस की निष्क्रियता ने दबंगों के हौसले और बढ़ा दिए हैं। विजय लक्ष्मी का कहना है कि वह अपनी ही भूमि पर कब्जा पाने के लिए लगातार भटक रही हैं, लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है।

विजय लक्ष्मी ने न्यायालय द्वारा जारी आदेश का पालन न करने पर विपक्षियों के खिलाफ अवमानना का मुकदमा भी दर्ज कराया है। लेकिन इस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। दबंगों द्वारा न्यायालय के आदेश की खुलेआम अवमानना और प्रशासन की निष्क्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला न केवल कानूनी प्रक्रिया की विफलता को दर्शाता है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाता है। विजय लक्ष्मी ने स्थानीय प्रशासन और न्यायपालिका से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला, तो वह इस मामले को उच्च न्यायालय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक ले जाने को बाध्य होंगी।

# कार ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर, दर्दनाक मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार मे इनायतनगर से अयोध्या की तरफ तेज गति से जा रही कार ह्वश्च 32 द्म 4 2020ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी ,टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे मे बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना होने पर स्थानीय लोगों क़्ी सूचना पर पहुंची ह्वद्ध क़्ी एम्बुलेंस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया जहाँ पर डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया तथा तीन का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है।

बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मीठे गांव निवासी आदित्य कुमार पुत्र गुलाब चन्द (21)वर्ष,शिवम कुमार पुत्र प्रेम दास (19),अभिषेक पुत्र गोपी(20),व राजू(18) एक साथ बीते वृहस्पतिवार की शाम को बाइक पर सवार होकर वेटर का काम करने



मवई खुर्द तिवारी का पुरवा गयादीन मौर्या क़्ी टीम मे प्रीत भोज मे मजदूरी के उद्देश्य से गये थे। वृहस्पति क़्ी रात्रि करीब 11.30 बजे काम खत्म होने पर साथ मे गए चारो युवक एक ही बाइक से अपने घर मीठे गांव वापस लौट रहे थे कि कुचेरा बाजार पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कार ह्वश्च 32 द्म 4 2020 ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक में कार चालक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार युवक बाइक से लगभग 15फुट उछल कर सड़क के किनारे जा गिरा जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों के द्वारा एनएचएआई एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मौजूद डाक्टरों ने घायल युवक आदित्य को मृत घोषित कर दिया। शेष तीन घायल युवकों का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। बताते चले कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और यही घर के खर्च चलता था वहीं मृतक की शादी 21 दिन पूर्व भी कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिंदौली पूरे वीसा का पुरवा के निवासी मिही लाल की पुत्री स्वीटी से हुई थी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार, 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अयोध्या में किया जा रहा है। यह आयोजन रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या की अध्यक्षता में तथा अनिल कुमार वर्मा, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या के देख-रेख में जनपद न्यायालय परिसर में होगा।इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाएगा, जिनमें प्रि-लिटिगेशन वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल वाद, परिवारिक वाद, अपराध शमनीय वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएँ, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा वाद शामिल हैं।अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा द्वारा प्रातः 10 बजे दीवानी न्यायालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने मीडिया बंधुओं से कार्यक्रम की कवरेज करने की अपील की है।

# नेपाली संस्कृत परिषद समिति का 18 वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अयोध्या में प्रारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** अयोध्या धाम तीर्थ क्षेत्र में आज से तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय नेपाली-गोरखा सम्मेलन आरम्भ हो गया है।अयोध्या के बड़ा भक्तमाल आश्रम में आयोजित इस सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन इलाके, सिलीगुड़ी तराई डुवर्स, सिक्किम तथा पूर्वोत्तर राज्यों से करीब 250 तथा भारत के अन्य 12 राज्य तथा नेपाल लिंगायत 500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रतिनिधियों करीब 50त्न महिलाएं हैं नेपाली समाज के प्रायःसभी उपजाति जसे राई सुब्बा तामंग गुरूङ मगर प्रधान सार्की कामी दमाई जोगी सन्यासी, लोहार, सुनुवार, मगर, ब्राह्मण, छेत्री, बौद्ध समुदायका शेर्पा, तमू, लेप्चा, भोटीया आदि की उपस्थिति



है।प्रतिनिधि ने आज सुबह अयोध्या धाम की परिक्रमा करते हुए शोभायात्रा निकाली एवं प्रभू श्रीरामका दर्शन शीराम मन्दिर में किया।सम्मेलन के उद्घाटन में बंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू बौद्ध ईसाईयों पर हो रहे हमलों की निन्दा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें भारत सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया साथ ही बंग्लादेश की वर्तमान सरकार से हमला कारी जेहादियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अधिकारी इन्द्रेश कुमार,परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष अशोक चौरसिया, बडा भक्तमाल के महन्त अवधेश दास, डॉ अनिल कुमार सिंह अवध प्रांत प्रभारी मुस्लिम राष्ट्रीय मंचरा जेन्द्र शिवाकोटी, शैलेश गुरूङ, दिनेश सोनी, हक बहादुर स्वार, अमिया छेत्री, हरिप्रसाद उपाध्या शिवांशु सद्दाम आलोक चतुर्वेदी ठाकुर राजा रईस काशिफ शेख चौधरी मोनू मिर्जा आदि की विशेष उपस्थिति थी। सम्मेलन 15 दिसम्बर को दोपहर बाद समाप्त होगा। सम्मेलन में भारत नेपाल संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी।

# अधिवक्ता हित के लिए संकल्पित है गिरीश चंद्र तिवारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अधिवक्ता संघ फैजाबाद अयोध्या में महामंत्री पद के लिए गिरीश चंद्र तिवारी ने अपने समर्थको के साथ जनसंपर्क तेज करके अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए वर्ष 2025 मे पूर्ण आशा एवं विश्वास के साथ अभियान मे लगे है। जिसमें अधिवक्ताओं के हित के लिए वर्तमान संघ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संचालन में आ रही दिक्कतों का निस्तारण संघ की अस्मिता बचाए रखना और अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ने के साथ महिलाओं के बैठने और वॉशरूम की व्यवस्था बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कन्या धन मेडिकल के साथ अन्य लाभ की योजनाओं का संचालन संघ के अनुमति से करने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हित के लिए वह किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे इसके लिए अधिवक्ताओं से वोट और सहयोग मांगा है कि आगामी 17 दिसंबर को वोट देकर अधिवक्ता उनके हाथों को मजबूत करेंगे तो संघ के सम्मान और अधिवक्ता हित के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनुकरणीय जो अनंत सदियों तक चलता रहेगा-रघुवरदास महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर -अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के शुक्लहिया पातूपुर में सप्त दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन गुरुवार की शाम कथा व्यास रघुवर दास जी महाराज द्वारा कथा के दौरान बताया गया कि दृष्टि बदलने से एक को फायदा होता है लेकिन सृष्टि बदलने से पूरे विश्व को फायदा होता है। राम ने सृष्टि बदली है। राम राजा वास्तिवक है, लेकिन संभावनाएं बहुत दे गए हैं बस हम कर पाए। ज्ञान, भक्ति और कर्म यह मार्ग है। संभावना है परमात्मा रूपी मंजिल। इसमें मत उलझो कि मार्ग कौन सा है, लक्ष्य देखो मानस ने हमें राम रूपी गाय दी है। दूध और उससे घी की अनंत संभावनाएं हैं। कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही




असुरों का नाश किया। श्रीराम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनुकरणीय जो अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है।

कथा व्यास द्वारा कथा के दौरान रामायण के कई प्रसंगों का व्याख्यान किया गया। श्री राम कथा के दौरान मुख्य यजमान लक्ष्मी नारायण शुक्ला, अशोक शुक्ला, नीरज शुक्ला एडवोकेट, रज्जन शुक्ला, क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, सुरेंद्र पांडेय, सोनू पांडेय, श्याम नारायण शुक्ला, उमाशंकर शुक्ल, रमाकांत शुक्ला, अंगद पांडे, प्रांशु शुक्ला आदि श्रोता शामिल रहे।

# पूरी निष्पक्षता और कुशलता से पूरा करें मतगणना कार्य - एडीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिला अधिकारी राजेश कुमार और मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय उप निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना कार्य को पूर्ण निष्पक्षता एवं कुशलता के साथ संपन्न करें। नगर निकाय उप निर्वाचन की मतगणना 19 दिसंबर को सुबह आठ बजे बबेरू के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज, बबेरू और बांदा की नगर पालिका परिषद व अतर्रा की नगर पालिका परिषद अतर्रा में की जाएगी। मतगणना के लिए लगाये गये मतगणना कार्मिक गणना के प्रारंभ होने से पूर्व अपनी ड्यूटी स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। मतगणना कार्मिक अपने साथ मोबाइल नहीं ले जाएंगे, मतगणना में एक मतगणना पर्यवेक्षक सहित तीन गणना सहायक रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतगणना कार्मिक



अपने कार्यों को ठीक प्रकार से समझ लें। मतगणना के लिए सदस्य और अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग प्रत्याशीयों के 50-50 मतपत्रों के बंडल बनाकर प्रत्याशीवार गणना की जाएगी। उन्होंने 18 दिसंबर तक मतगणना एजेंट संबंधित प्रत्याशियों को सूचना देकर बनाए जाने के निर्देश दिए इसके साथ ही प्रत्याशियों को भी अवगत कराया कि वह अपने-अपने मतगणना एजेंट को नियुक्त करते हुए 18 दिसंबर तक संबंधित मतगणना स्थल पर रिटर्निंग ऑफिसर से परिचय पत्र बनवा लें। उन्होंने कहा कि कार्मिकों मतगणना प्रक्रिया से पूर्व मतपेटिका सील को चेक करने के साथ मत पत्रलेखा का मिलान अवश्य कर लें। मतगणना के लिए जाने से पूर्व मतगणना सामग्री और प्रपत्रों को अवश्य चेक करें। मतगणना के समय उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता में से एक समय में कोई एक व्यक्ति ही प्रत्येक मतगणना टेबल पर रह सकता है। मतगणना की सूचना आवश्यक प्रपत्रों पर समय-समय पर अंकित करें, मतगणना प्रशिक्षण में मतगणना कार्मिकों को विस्तृत रूप से जानकारी जिला प्रशिक्षण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने दी।

# देशभक्ति कार्यक्रम पेश कर बच्चों ने बिखेरा जलवा

## पीएम श्री कंपोजिट स्कूल का वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सपोर्ट स्टेडियम में संपन्न





**बलरामपुर।** स्पोर्ट स्टेडियम में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय घुसाह मैं वार्षिकोसव भव्य आयोजन किया गया विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

समारोह के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि नगर खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी रहे हैं कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधि में भी आगे रहना जरूरी है ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है विशिष्ट अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम ही एक माध्यम है जहां बच्चे अपने रुचि के अनुसार कार्य को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना समूह नृत्य एवं देशभक्ति समूह नृत्य से शुरू किया भारतीय परिधान पहनकर बच्चों ने भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विश्व में सबसे अलग भारत की पहचान होने का संदेश दिया इसके अतिरिक्त विभिन्न नाटक एवं देशभक्ति समूह नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों सहित अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान ही 50 मी दौड़ में बालक वर्ग में राम मोहन एवं बालिका वर्ग में मिस्बाह प्रथम रहे हैं 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में मा एवं बालिका वर्ग में दीपिका अव्वल रही है 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शान अली 200 मी बालिका वर्ग में आराध्या प्रथम रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद में सफल छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों मेडल प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गयाहै। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह ने किया है उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में विद्यालय के कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक एवं खेलकूद में जो प्रतिभा दिखाई है निश्चित तौर पर वह सराहनीय है। प्रतिमा सिंह ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह बुके भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी के रूप में राज्य संदर्भ दाता समूह के सदस्य नवीन सिंह महमूद उल हक एवं आलोक शर्मा शैलेंद्र प्रताप सिंह सुदीप श्रीवास्तवरहे हैं जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बच्चों के खेलकूद में सहयोग प्रदान किया है। इस दौरान विद्यालय के जय शेखर गर्ग ,देवेश मिश्रा, उन्नति सिंह, मोनिका श्रीवास्तव विभा पांडे अनीता सिंह, उमा नायक, आसमा ,पूनम यादव आदि शिक्षक सहयोगी रहे हैं।

# विद्युत विभाग का आवास जर्जर अधिकारी कहां करे रात्रि निवास



लोकमित्र ब्यूरो

**बल्दीराय सुलतानपुर।** तहसील मुख्यालय बल्दीराय स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर कर्मचारियों/अधिकारियो के रहने के लिए बने आवास जर्जर अवस्था में है। कर्मचारी जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर है, किन्तु जिले के विभागीय शीर्ष अधिकारी जर्जर आवास के निर्माण करवाने में कोई रुचि नही ले रहे है।

बता दे कि विद्युत उपकेन्द्र का बल्दीराय का निर्माण लगभग छः दशक पूर्व करवाया गया था। केन्द्र पर विद्युत विभाग के कर्मचारियो व अधिकारियो के रहने के लिए आवास का भी निर्माण करवाया गया था, जिसमे केन्द्र पर तैनात एसडीओं जेई सहित अन्य कर्मचारी रात्रि निवास करके विभागीय कार्य करते थे किन्तु यह आवास अब छः दशक पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर अवस्था में हो गया है फ्रि भी विभाग के कुछेक कर्मचारी विभाग की लापरवाही का शिकार होते हुए इसी जर्जर आवास में रात्रि कर अपने अधिकारियो को कोस रहे है। विभाग के शीर्ष अधिकारी जहां जिले भर में नए नए पावर हाऊस का प्रस्ताव कर उसका निर्माण करवा रहे है वही बल्दीराय विद्युत उपकेन्द्र पर जर्जर आवास के निर्माण करवाने में कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे है। केन्द्र पर वर्तमान में एस डी ओ जेई लिपिक तथा दो विभागीय कर्मचारी तैनात है इनमें एक कर्मचारी तो मजबूरन इसी जर्जर आवास में रहकर विभाग के दुर्दशा को कोस रहा है। शेष संविदाकर्मी भी विभाग में चौबीस घन्टे कार्य करते हुए प्राईवेट आवासो का सहारा ले रहे है। एसडीओ तथा जेई इस जर्जर आवास में रहना नही चाह रहे है क्योंकि यह जर्जर आवास कब धराशाही हो जाय किसी को नही पता। क्षेत्रवासियो ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए तत्काल विद्युत विभाग के जर्जर आवास का निर्माण करवाने की मांग की है

# बढ़ती ठंड में प्रशासन उदासीन, अलाव और कंबल वितरण में की जा रही शिथिलता

लोकमित्र ब्यूरो

**सुलतानपुर।** जिले की बल्दीराय तहसील में बढ़ती ठंड और तेज हवा के बावजूद तहसील प्रशासन और आपदा प्रबंधन की ओर से अलाव और कंबल वितरण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यह स्थिति तब है, जब सरकार ने करीब 20 दिन पहले ही कंबल उपलब्ध करा दिए थे। बावजूद इसके, प्रशासनिक सुस्ती के चलते ना तो अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए अलाव जलाए जा रहे हैं और ना ही राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत प्रदान की जा रही है।

सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पूर्व में चिन्हित प्रमुख चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी थी। लेकिन अभी तक सुबह-शाम किसी भी जगह अलाव जलाने की पहल नहीं की गई है। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की है कि ठंड के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर कमजोर वर्ग के लोग, जो सड़क किनारे और अस्थायी



झोपड़ियों में रहते हैं, वे प्रशासन की अनदेखी के शिकार हो रहे हैं। सरकार द्वारा भेजे गए कंबलों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी ठप पड़ी हुई है। लगभग 20 दिन पहले ही तहसील प्रशासन को कंबल उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन अभी तक उनका वितरण शुरू नहीं हो सका है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कंबल जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बढ़ती ठंड के बावजूद राहत की व्यवस्था ना होने से स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि प्रशासन की यह अनदेखी आम जनता के जीवन को खतरे में डाल रही है। सर्द हवाओं और गिरते तापमान से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। बल्दीराय तहसील प्रशासन और आपदा प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने चाहिए। सरकार द्वारा दी गई राहत सामग्री का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाए और प्रमुख स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में खेल प्रतिभा का विकास जरूरी- रामकुमार

## पीएम श्री कंपोजिट स्कूल सिंघवापुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव खेलकूद कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ





**बलरामपुर।** सदर शिक्षा क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सिंघवापुर में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं खेलकूद सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के बच्चों ने खेलकूद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

पहले दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर नगर खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार एवं अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरुण कुमार मिश्रा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल विजय कुमार मिश्रा ने की है कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों सहित ग्राम पंचायत अध्यक्ष अमेरिका प्रसाद ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया हैं। विद्यालय के बच्चों ने कबड्डी खो-खो बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इनमें प्राथमिक संवर्ग में बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में नीरू एवं जूनियर संवर्ग 200 मीटर दौड़ में सुमित्रा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रही हैं। अन्य प्रतियोगिताओं का परिणाम समापन दिवस शुक्रवार को घोषित करके मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल बच्चों के प्रतिभा का विकास होता है बल्कि उनके अंदर छिपी प्रतिभा को समुचित स्थान पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है कार्यक्रम में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र प्रसाद एवं फूलमती कमल देव आदि ने उपस्थित होकर छात्रों के हौसले को बढ़ाया है विद्यालय प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्रा एवं सुरेश कुमार चौधरी रघुवंश वर्मा खुशबू देवी शिखा सिंह प्रियंका श्रीवास्तव आदि ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित करके आभार जताया है।

## आर्य समाज के तत्वाधान में असिस्टेंट प्रोफेसर का हुआ सम्मान



**सुल्तानपुर।** आर्य समाज सुल्तानपुर द्वारा आयोजित वेद मंत्र पाठन, संभाषण, एकल भजन एवं समूह भजन गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की अध्यक्ष के रूप में अपना दायित्व सफलता पूर्वक निर्वहन करने पर डॉ0राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 कविता पाठक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अरविंद चतुर्वेदी, प्रधान अरविंद पांडेय व मंत्री उदय राज वर्मा द्वारा उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र मौर्य, अजीत कुमार द्विवेदी सहित प्रतियोगी छात्र छात्राएं तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# भीड़ एवं जाम की समस्या को देखते हुए हटाए गए अवैध अतिक्रमण

## नगर पालिका परिषद उतरौला ने चलाया अवैध आक्रमण हटाओ अभियान







**उतरौला।** उतरौला तहसील मुख्यालय एवं नगर क्षेत्र में भीड़ एवं जाम की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद में पुलिस प्रशासन के सहयोग से प्रमुख चौराहा बाजार में अवैध अतिक्रमण को हटवाया है। नगर पालिका कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन ने बाजार के मुख्य स्थान प्रमुख चौराहे मुख्य मार्ग से अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण हटाया है।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकार उतरौला की अगुवाई में अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमें आसाम रोड चौराहे से ताज होटल तक एवं आसाम रोड चौराहे से लालगंज सीमा तक अतिक्रमण हटाए गए हैं

इसी क्रम में आसाम रोड चौराहे से गौसिया मस्जिद तक सड़क पर आक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया गया। अवैध आक्रमण से सड़क पटरी को खाली कराया गया है। वही नगर पालिका परिषद में भीषण ठंड को देखते हुए गरीब व निराश्रित व्यक्तियों के लिए बस स्टेशन के बगल ऑफीसर्स कॉलोनी रोड पर रेन बसेरा बनाया है जिसमें बेड गद्दा रजाई अलाव एवं शौचालय की निशुल्क व्यवस्था की गई है साथ ही साथ नगर के प्रमुख चौराहे पर अलाव जलाए जाने की व्यवस्था नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया है। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व पुलिस बल अवैध आक्रमण अभियान के दौरान मौजूद रहे हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन

**जौनपुर ।** कलेक्ट्रेट बार परिसर में 70 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु और उनके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा के साथ उक्त कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बार के अध्यक्ष के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का अनुरोध किया था, जिसके क्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से आज कैम्प लगाकर 70 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाया गया इसके साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# विद्युत विभाग के संविदा कर्मी का कारनामा

## एक मुश्त बिल जमा करवाने के लिए उपभोक्ता से ले लिया दो हजार रुपये

लोकमित्र ब्यूरो

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मी उपभोक्ताओ को भ्रमित कर अवैध वसूली कर रहे है अधिकारी शिकायत होने पर भी कार्यवाही करने से कतरा रहे है। जिससे संविदा कर्मी की अवैध वसूली करवाने में अधिकारी की सलिंप्तता संदेह के घेरे में है।

मामला तहसील मुख्यालय बल्दीराय का है कनेक्शन धारक बंकिम चन्द्र ने विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि उस के विद्युत कनेक्शन पर लगभग सतरह हजार रुपये विद्युत बिल बकाया था, पिछ्ली बार विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक मुश्त जमा योजना के अन्तर्गत वह संपूर्ण विल जमा करना चाहा लेकिन हलियापुर विदुत उपकेन्द्र पर कार्यरत संविदा कर्मी अमरजीत ने उपभोक्ता से एक मुश्त धनराशि जमा करने के लिए उससे दो हजार रुपये ले लिए और कहा कि इसकी रसीद लाकर दूंगा और छूट का लाभ मिल जाएगा उपभोक्ता को जब छ माह बाद भी दो हजार की रसीद नही मिली तो वह संविदा कर्मी से रसीद की मांग की आनाकानी करने पर उसने पहले विभाग के शीर्ष अभियन्ता से शिकायत की।

कार्यवाही के आश्वासन के बाद भी संविदा कर्मी के प्रति न तो कोई कार्यवाही हुई न उसका पैसा ही वापस हुआ कनेक्शन धारक ने इसकी शिकायत पुनः मुख्यमंत्री पोर्टल पर की विभागीय अधिकारी ने विना जांच पड़ताल किए ही मामले का बिना निस्तारण किए ही पोर्टल पर निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लगा दी कनेक्शन धारक को इसका पता तक नही लगा। कनेक्शन धारक बंकिम चन्द्र ने बताया कि इसकी शिकायत केन्द्र के एसडीओ से की थी उन्होंने संविदा कर्मी का मोबाईल नंबर देकर बात करने की सलाह देकर अपनी कार्यवाही से कतरा गए फ्लिहाल एक मुश्त बिल जमा करवाने में संविदा कर्मी लूट खसोट कर रहे है किन्तु आला अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी मौन है सूत्र बताते है कि यह संविदा कर्मी कई उपभोक्ताओ के साथ बिल जमा करवाने मे फ्राड किया है।

# इन्टर कालेज में केयरिंग हैन्ड कार्यक्रम का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**सुलतानपुर।** महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में आईसीआईसीआई लोंबार्ड के द्वारा चलाए जा रहे केयरिंग हैंड सामाजिक कार्यक्रम के तत्वाधान में बच्चों की आंख का हुआ परीक्षण।

आईसीआईसीआई लोंबार्ड की सुल्तानपुर शाखा के प्रबंधक श्रवण पांडेय अपनी टीम राम मिश्रा, शोभित श्रीवास्तव, शुभम पांडेय, नीरज सिंह के नेतृत्व में केयरिंग हैंड कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से लेकर 10 तक के 246 बच्चों की आंख का निशुल्क परीक्षण कराया गया। नेत्र परीक्षण के पश्चात आईसीआईसीआई लोंबार्ड की तरफ से सभी बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र दिया गया। परीक्षण में नेत्र विकार से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क चश्मा भी आईसीआईसीआई लोंबार्ड की तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा। नेत्र का परीक्षण मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ संजय तिवारी और मुस्कान विजन सेंटर प्रयागराज की डॉ शशि चोपड़ा के द्वारा किया गया। एमजीएस विद्यालय के प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह और प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने बच्चों के नेत्र का परीक्षण करने के लिए आई टीम और आईसीआईसीआई लोंबार्ड के अधिकारियों स्वागत किया। प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आंख शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है। आंख के बिना हमारा जीवन बहुत ही कष्टदायक होता है। हमारे समाज में नेत्रहीन व्यक्ति को हेय दृष्टि से देखा जाता है।

नेत्रहीन दिव्यांग लोगों के प्रति हमें अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। उन्हें बराबरी का दर्जा देकर प्रोत्साहित करना चाहिए। नेत्र चिकित्सा कार्यक्रम राजेश कुमार कनौजिया, डॉ अजय कुमार सिंह, देवेश मिश्रा,वैभव रघुवंशी, अरविंद कुमार सिंह आदि के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# जहां नारियों का सम्मान होता है वहां करते हैं देवता वास-न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता

**सुल्तानपुर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन विषय पर रामकली बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं। इसलिए हम सभी को चाहिए कि नारियों व बेटियों का सम्मान करें। उन्होंने महिलाओं व बेटियों के लिए संविधान में दी गई कानूनी जानकारी के बारे में बताया और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना व सुरक्षा के लिए उठाए गए उपाय के बारे में बताया। असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल अंजली कुमारी ने अपने संबोधन में बालिकाओं को बताया कि वह सदैव अपने अधिकार के प्रति सजग रहे। यदि उन्हें स्कूल से आते-जाते या परिवार में कोई समस्या आती है तो उसका मुकाबला करें न्याय अवश्य मिलेगा। मध्यस्थ हरीराम सरोज ने अपने संबोधन में बताया कि मिशन शक्ति की जरूरत आज समाज में सभी को दिखाई दे रही है हम सभी



को चाहिए कि समाज में बढ़ रहे बेटियों के प्रति अत्याचार व अपराध को रोकने में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व उनकी सुरक्षा के लिए किए गए उपाय का सहयोग कर ले। पैनल लायर अमित पांडेय ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं से संबंधित होने वाले अपराध के बारे में उनकी सुरक्षा कैसे हो सकती है और दोषियों को कैसे दंड दिलाया जा सकता है विस्तार से बताया। उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में कहा गया कि यदि उन्हें कहीं कोई दिक्कत आती है तो वह प्राधिकरण का सहयोग ले और शिक्षा में कोई दिक्कत आए तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संपर्क करें। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाचार्य रीना सिंह ने भी संबोधित किया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वह सृष्टि को संचालित करने वाली महिला व बेटियां हैं उनके बगैर सृष्टि की संरचना संभव ही नहीं है । हमको डरने की जरूरत नहीं है न्यायपालिका व सरकार हमारे साथ है हम इसका भरपूर लाभ लें। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने कई नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और समाज में बेटियों के प्रति हो रहे अत्याचार के बारे में आईना दिखाया। कार्यक्रम को विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीलम, दीपिका शुक्ला व डॉक्टर अंजली सिंह ने संबोधित कर अपने-अपने तरीके से जानकारी दी। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के मध्य सतीश पांडेय, पैनल लायर वरुण रतन, पीएलवी सर्वेश सिंह सुनील राठौर पूनम गौतम कृष्ण कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

## बहन बेटियों के खिलाफअभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज मे आक्रोश

**सुल्तानपुर।** जिले मे सोशल मिडिया के माध्यम से एक बार पुनः माहौल गर्म हो गया है, फेसबुक पर द्वारिका अम्बेडकर के नाम से चल रही एक आईडी पर एक आपत्तिजानक पोस्ट को लेकर माहौल गरम हो गया जिसको लेकर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. संगठन ने मामले को तत्काल प्रभाव से संज्ञान मे लेते राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट पं नीरज दुबे ने पुलिस अधीक्षक से मिल कर मामले की जानकारी दी और थाने पर जाकर मुकदमा भी दर्ज करवाया। श्री दुबे ने बताया कि अगर दोषी पर कठोर कार्यवाही नहीं हुयी तों हम शांत नहीं बैठेंगे। फ्रि आगे धरना प्रदर्शन और कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे इस अवसर पर एडवोकेट हैपी दुबे मुख्य सहयोगी, एडवोकेट संदीप मिश्रा जिला संगठन मन्त्री, एडवोकेट शिवा पाण्डेय नगर अध्यक्ष, एडवोकेट अनुप मिश्रा, एडवोकेट विवेक दुबे, एडवोकेट आत्ममानी मिश्रा वा अन्य दर्जन भर अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पड़ोस में रहने वाली किशोरी से छेड़खानी पर 18 माह की सजा

**बांदा।** किशोरी के साथ छेडखानी करने के मामले मे दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सों हेमन्त कुमार कुशवाहा की अदालत ने 18 माह की सजा सुनाई ,साथ ही 3000 रूपयें का अर्थदंड भी लगाया है।अर्थदंड की अदायगी न करने पर 1 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।अर्थदंड की 2500 रूपये की धनराशि पीडिता को प्रतिकर के रूप मे दी जायेगी।

विशेष लोक अभियोजक राम सुफल सिंह व वीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीडिता के भाई ने 8 जनवरी 2018 को पैलानी थाने मे प्राथमिकी दर्ज करायी कि उसकी बहन कक्षा 9 में खप्टिहा गांव पढती थी।गांव का चंदू उर्फ चंद्र प्रकाश करीब एक सप्ताह से अपनी बाईक से उसकी बहन का पीछा करता था।बाईक को आगे पीछे करके उसकी साईकिल को रोकता था और अपने प्यार का इजहार करता था।तब उसकी बहन ने उसें डाटा तब भी उसने अपना रवैया नही बदला।चंदू उसके माकान के बगल मे रहता था और लेटर लिखकर घर मे फेकता था।इस बात की शिकायत उकी बहन,अपनी मां व भाई से बतायी।जब वह उलहना देने उसके घर गए तो चंदू के पिता कल्लू बर्मा उल्टा गाली गलौच करने लगा और कहने लगा कि चाहे जो करना हो कर लो।विवेचक ने मामले का आरोप पत्र न्यायालय मे पेश किया।चंदू के विरूद्ध अदालत मे 28 जून 2019 को आरोप बनाया।मामले की सुनवाई के दौरान 6 गवाह पेश किए गए।साक्ष्यों के आधार पर चंदू को दोषी पाते हुए न्यायाधीश ने सजा सुनाई।

## पचास साल पूरे होने पर सीमेंट कंपनी ने मनाया उत्सव



**बांदा।** शहर के एक मैरिज लान में आयोजित एक सीमेंट कंपनी के पचास वर्ष पूरे होने के उत्सव में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम देखने को मिली, वहीं कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी के शूरवीरों को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया।

शुक्रवार को जेके सीमेंट कंपनी के तत्वावधान में सीमेंट कंपनी के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर विजय उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कंपनी के जोनल हेड सचिन वर्मा, स्टेट हेड सुदीप ओमर और रंजय कुमार ने कंपनी से जुड़े डीलरों और ठेकेदारों को सीमेंट की खूबियों से रूबरू कराया और कंपनी के पचास साल के लंबे सफर की पूरी जानकारी दी। विजय उत्सव के दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए समां बांध दी। वहीं बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट जनपदों के करीब चार सैकड़ा ठेकेदारों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर एरिया सेल्स मैनेजर सुमित सोलंकी, आकाश गुप्ता, मार्केटिंग आफीसर सुशील कुमार द्विवेदी, मंजीत मिश्रा आदि शामिल रहे।

## हाई टेंशन करंट से युवक की मौत

**बांदा।** खेत जा रहा युवक हाई टेंशन लाइन के टूटे पड़े तार की चपेट में आकर चिपक गया। करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के छिलोलर गांव निवासी 20 वर्षीय बिहारी लाल पुत्र विजय बहादुर शुक्रवार की सुबह खेतों की तरफ जा रहा था। तभी घर के समीप टूटे पड़े हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आकर चिपक गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो किसी तरह लाठी डंडों की सहायता से उसे करंट से मुक्त कराया। तब तक वह झुलस गया था। परिजनों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने बताया कि बिहारी लाल सूरत में रहता था। वह 15 दिन पहले गांव आया था। तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था । उसकी शादी की बातचीत भी चल रही थी। अचानक हुई इस घटना से मां मंतुरिया देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## बाइक की टक्कर से घायल मजदूर ने दम तोड़ा

**बांदा।** एक माह पहले बाइक की टक्कर से घायल मजदूर ने दम तोड दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अतर्रा कस्बे के कैलाश नगर निवासी 57 वषीरय राजेद्र पुत्र भइया लाल अपने 15वर्षीय पुत्र सुमित कुमार के साथ 15 नवबंर की शाम सब्जी लेने बाजार गए थे। स्कूल के पास दो बाइको में आमने सामने भिडंत हो गई। जिसमें एक बाइक उछल कर राजेद्र के ऊपर जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कानपुर ले जाया गया। इलाज के बाद डॉक्टरो ने घर पर ही इलाज करने की सलाह देकर उसकी छुट्टी कर दी। परिजन उसे घर ले गए। गुरूवार की रात अचानक उसकी हालत बिगड गई। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक राजेद्र ने दम तोड़ दिया। मृतक राजेंद्र मजदूरी करता था। वह अपने पीछे पत्नी राजरानी के अलावा दो पुत्र चार पुत्रियां छोड़ गया है। मृतक के पुत्र ने बाइक चालको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## छह वर्ष के लिए निष्कासित किए गए पदाधिकारी

**बांदा।** नगर निकायों के उपचुनाव में बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद सहित नगर पालिका बांदा व अतर्रा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्तुति मिलने के बाद जिलाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी विवेकानंद गुप्ता के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री रामनरेश मिश्रा सहित बांदा नगर पालिका वार्ड नंबर 14 से पार्टी प्रत्याशी सुनीता सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही भावना सिंह व अंशु वर्मा तथा अतर्रा नगर पालिका वार्ड नंबर 4 से पार्टी प्रत्याशी अमित तिवारी के खिलाफ रामसिया वर्मा तथा सुमन चौरसिया चुनाव मैदान में हैं। इन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्तुति पर पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

## तीन मामलों में सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना

**बांदा।** तीन मामलों में तीन अभियुक्तों को सजा और 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। बिसंडा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त मुन्ना पुत्र मातादीन प्रजापति निवासी बड़ागांव को सात वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार का जुर्माना, पैलानी थाने में दर्ज रिपोर्ट में अभियुक्त चंदू उर्फ चद्रप्रकाश पुत्र कल्लू निवासी निवाइच को 18 माह की सजा और तीन हजार रुपये जुर्माना और बिसंडा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त बूंदा उर्फ गुलाब पुत्र गोधन कोरी निवासी गड़ाव थाना बिसंडा को जेल में बिताई गई अवधि का कारावास और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित कराया गया।

# सिमौनीधाम में तीन दिवसीय भंडारा कल से, तैयारियां अंतिम दौर पर

## सफाई व्यवस्था के साथ ही रंगाई पुताई का काम भी अंतिम दौर पर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बबेरू।** अवधूत नगरी सिमौनीधाम में 15, 16, 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले भंडारा और मेला की तैयारियां अंतिम दौर पर चल रही हैं। कर्मचारी सफाई व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जुटे हुए हैं। मौनी धाम समेत परिसर को सजाने-संवारने समेत रंगाई-पुताई का काम अंतिम दौर में चल रहा है। मालुम हो कि भंडारे में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

मौनी धाम में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष 15 दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक विशाल भंडारे का आयोजन अवधूत महाराज की कृपा से संपन्न कराया जाएगा। भंडारा एवं मेले की तैयारियों के लिए श्रमदानी व प्रशासनिक अमला लगा हुआ है। पर्यटन स्थल रामलीला व नाटक मंचन प्रांगण व मधुबन की साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। पर्यटक स्थल में 15 दिसंबर से खेलकूद की प्रतियोगिता होगी रामलीला व नाटक प्रांगण में देश प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दिन में नाटक एवंरात में रामलीला का मंचन करेंगे भंडारा प्रांगण की साफ-सफाई और रंगाई पुताई का कार्य अन्तिम चरण पर तेजी से चल रहा है, वहां एक साथ 11 हजार श्रद्धालुओं को पंगत में बैठाकर खिलाने का इंतजाम रहता है। मधुबन में देश देशांतर के आश्रम से आने वाले साधु सन्यासियों केठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही है। स्टाल लगने शुरू हो गये हैं। क्षेत्र व अन्य जनपदों की दुकानें लगाना शुरू हो गया है। भारत सरकार के कार्यालय विकास आयुक्त हस्त शिल्प द्वारा प्रायोजित और नेहरु युवा मंडल बेवर द्वारा आयोजित हस्त शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन विशाल वर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया।

श्रमदानी सेवकों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, सामग्री आना शुरू है। दूर-दूर से श्रमदानियों ने डेरा डाला दिया। मौनी धाम में 108 वर्ष सीताराम संकीर्तन दिन रात रामधुन अनवरत जारी रहती है जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु भक्त आते है जिन्हे स्वामी अवधूत महाराज जी का सानिध्य रहता है। स्वामी जी के बैराग्य उत्पन्न होने पर से ही संकीर्तन का शुभारंभ किया गया, तब से अनवरत रामधुन संकीर्तन जारी है।

## दहेज प्रताड़ना और पत्नी की हत्या में दोषी पति को सात वर्ष कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

- 12 वर्ष पूर्व का मामला, पीड़ित पक्ष को अदालत से मिला न्याय
- अदालत ने पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**बांदा।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतार देने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने पति को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी।दोषी का सजायावी वारंट वनाकर जेल भेज दिया गया।अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के सिकलोढी गांव निवासी राम सजीवन प्रजापति ने सीजेएम के यहा 156-3 सीआरपीसी के अन्तर्गत वाद प्रस्तुत किया कि उसने अपनी लडकी शिवदेवी का शादी 22 जून 1999 में मुन्ना प्रजापति पुत्र मातादीन निवासी बडागांव बिसंडा में की थी।और अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर अपनी पुत्री को बिदा किया था।कुछ दिनों के बाद लडके के पिता,जेठ,जेठानी 60 हजार रूपयें व एक भैस की मांग कर उसें प्रताडित करते रहे।किन्तु पति मुन्ना के नाजायज संबंध दूसरी लडकी से थें ,इस कारण उसकी पुत्री को मारता,पीटता था।21 जून 2012 को समय 11 बजे दिन मे पति मुन्ना,ससुर मातादीन,चचेरी जेठानी मीरा,चचेरा ससुर लालबुआ व चचेरा देवर बदन ने मिलकर उसकी लडकी को मारा व जबरन सल्फास की गोली खिला दी जिससे वह तडप तडप कर मर गयी।पति मुन्ना ने फोन कर कहा कि तुम्हारी लडकी मर गयी है।मौके पर वह व उसके परिवार के लोग गए तो वह मरी पडी थी।शरीर पर लाठी,डंडों के चोटें थी।उसने थाने मे रिर्पोट करने गया लेकिन दरोगा ने भगा दिया।अदालत के आदेश से 19 जुलाई 2012 को रिर्पोट दर्ज की गयी।विवेचक ने मामले का आरोप पत्र केवल पति मुन्ना के नाम प्रेषित किया।मामले की सुनवाई के दौरान 7 गवाह पेश किए गए।पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीले सुननें के बाद न्यायाधीश ने अपनें 22 प्रष्ठीय फैसले मे पति मुन्ना को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनकर श्रोता भावविभोर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पैलानी।** श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को तहसील के खप्टिहाकलां कस्बे में रामलीला मैदान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम दिवस की कथा में कथा व्यास रामजी भाई चित्रकूट ने भागवत महात्म के साथ-साथ गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई। कहा कि आत्मदेव नाम के ब्राह्मण के कोई पुत्र न होने की वजह से वह बहुत दुखी था और अपना जीवन त्यागने के लिए जंगल की ओर निकल गए। इस दोरान उनकी एक साधु से मुलाकात हुई। वहां उन्होंने उनको समझा कर एक फल दिया। कहा कि इसे अपनी पत्नी को खिला देना, इससे आपको पुत्र की प्राप्ति होगी। उनकी पत्नी ने उस फल को गाय को खिला दिया, इससे गोकर्ण नाम का पुत्र पैदा हुआ। इसकी विस्तृत व्याख्या करते हुए कथा श्रवण कराई। कथा सुनकर दर्शक भाव विभोर हो गए। श्रीमद्भागवत कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# सीसीटीवी लगाने का बनाया जा रहा दबाव, व्यापारी परेशान

## जिला उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संयुक्त आयुक्त को सौंपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संयुक्त आयुक्त कार्यपालक को सौंपते हुए बताया कि जीएसटी विभाग की ओर से विगत दिनों में पान मसाला व इस्पात की औद्योगिक इकाई में विभाग के कर्मचारियों की ओर से निगरानी करने का आदेश जारी हुआ है। विभाग द्वारा इकाइयों के गेट पर जबरन सीसीटीवी लगाने का मौखिक दबाव बनाया जा रहा है। इसके चलते सभी उद्योग संचालकों में भय का वातावरण है।

ज्ञापन में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को बताया है कि यह व्यवस्था सिर्फ उत्तर प्रदेश में लागू की गई है। अन्रू किसी प्रदेश में ऐसी व्यवस्थाएं नहीं हैं। यह सीधे तौर पर अराजकता का एक उदाहरण है। इससे कुछ समय के लिए प्रदेश के राजस्व में कुछ वृद्धि हो सकती है लेकिन लंबे समय के लिए प्रदेश हित के लिए नहीं है। कहा कि इसका विपरीत प्रभाव होगा। बड़े



उद्योग उत्तर प्रदेश से अन्य प्रदेशों को पलायन करने को मजबूर होंगे। इसके साथ ही कर अराजकता के इस माहौल के कारण जीएसटी में नए रजिस्ट्रेशन कराने वाले भी हतोत्साहित होंगे। इकाइयां बंद होने के कारण यहां पर रोजगार की समस्या भी उत्पन्न होगी। व्यापारियों ने कहा कि पान मसाला, लोहे के साथ अन्य ट्रेड की बड़ी इकाई भी इसको लेकर गंभीर है। अन्य किसी दूसेर प्रदेश में भविष्य की योजनाओं को लेकर कार्य करने लगे हैं। व्यापारियों इस अव्यवहारिक आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

इस मौके पर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता के अलावा प्रदेश मंत्री, लवलेश सिंह, जगदीसा प्रसाद पांडेय, शिवपूजन गुप्त, ज्वाला प्रसाद, अशोक, संजय आदि मौजूद रहे।

# कानपुर में बल्ले से हाथ दिखाएंगे अंडर-14 चयनित खिलाड़ी

## अंडर-14 टीम में जिले से तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन







**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** अंडर-14 टीम में जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह खिलाड़ी जल्द ही कानपुर रिपोर्ट करेंगे। वहां आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच में यह बल्लेबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बीसीए पदाधिकारियों समेत लोगों ने तीनो खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 14 चयन प्रक्रिया में जाने के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें बांदा जिले के तीन खिलाड़ियों को स्थान मिला है।जिनके नाम शिवांश सिंह, कृष्णा सिंह और लकी सिंह हैं। यह जानकारी बीसीए के अध्यक्ष चंद्रमौली भारद्वाज ने दी। उक्त खिलाड़ियों को 15 दिसम्बर को कमला क्लब कानपुर में सुबह आठ बजे रिपोर्ट करना है।

बीसीए के सचिव वासिफ जमा खां सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मालूम हो कि बीसीए के प्रयासों से तीनो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयन किया है।

## सात वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**बांदा।** विभिन्न मामलों में वांछित सात अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। बबेरू कोतवाली पुलिस ने रामाधार पुत्र गया प्रसाद निवासी जलालपुर, सूरजभान पुत्र बद्री यादव निवासी दांदो रोड कस्बा व थाना कमासिन, बद्री पुत्र रामेश्वर यादव निवासी दांदो रोड कस्बा व थाना कमासिन, थाना कमासिन पुलिस ने रामराज यादव पुत्र मनबोधन पुत्र बोधी निवासी ग्राम बीरा थाना कमासिन, देहात कोतवाली पुलिस ने कामता प्रसाद पुत्र माता प्रसाद निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात, तिंदवारी थाना पुलिस ने रामनरायन पुत्र बिन्दा प्रजापति निवासी मुहल्ला रामनगर कस्बा व थाना तिन्दवारी और बिसंडा थाना पुलिस ने छोटा पुत्र केशव निवासी लौली टीकामऊ थाना बिसण्डा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को 50 मीटर घसीटा, मौत

### तिंदवारी क्षेत्र के छापर मोड़ के पास पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बेकाबू डंपर ने बाइक सवार दो युवको कुचलते हुए पचांस मीटर घसीट ले गया। जिससे दोनो की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय अंकित पुत्र झगड़ू उर्फ सुरेश अपने पड़ोसी 20 वर्षीय विवेक पुत्र विनोद कुशवाहा के साथ फतेहपुर के बेनू गांव गए थे। दोनों लोग गुरुवार की रात चावल लेकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बाइक अंकित चला रहा था। तभी तिंदवारी थाना क्षेत्र के छापर मोड़ के पास पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही विवेक बाइक से उछल कर खंती में जा गिरा। अंकित बाइक समेत डंपर में फस गया। डंपर चालक उसे 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। कुछ दूर पर डंपर खड़ा करने के बाद उसे बाइक समेत बाहर निकाल कर फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनो को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक के पिता बिनोद ने बताया कि विवेक हाई स्कूल में पढ़ता था। वह दो भाइयों में बड़ा था । पिता हलवाई गिरी का काम करता है। अचानक हुई घटना से मां सिद्ध कुमारी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं अंकित दो भाइयों में बड़ा था । पिता खुद का होटल किए है। वह पिता के साथ होटल में हाथ बटाता था। वह बीए की शिक्षा ग्रहण किया था।

## दबंगों ने अधिवक्ता को पीट कार तोड़ी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** दबंगो ने कार सवार अधिवक्ता को डंडो को पीट कर घायल कर दिया। इतना ही नही उसकी कार भी तोड़ फोड़ कर तहस नहस कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। शहर के इंद्रानगर निवासी 39 वर्षीय सुनील सिंह पुत्र विशंम्भर सिंह अधिवक्ता है। गुरूवार की रात वह बाजार से सब्जी लेने के बाद कार से घर जा रहा था। तभी इद्रानगर गेट पर पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन से अधिक दबंगो ने उसे रोक लिया। गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अधिवक्ता को डंडो बेल्टो से मारपीट कर जख्मी कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग दौड़ पडे। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने उसका शुक्रवार को मेडिकल परीक्षण कराया है। घायल अधिवक्ता ने बताया कि हमलावर ओवर लोड़ बालू भरे ट्रको की लोकेशन देने का काम करते है। जो भी ट्रक पकड़े जाते है। उनको छुड़ाने का काम अधिवक्ता करता है। इसी खुन्नस के चलते उसके साथ मारपीट की गई है।

# आज सख्ती के साथ हटाया जाएगा अतिक्रमण, दी गई चेतावनी

## खुद अतिक्रमण न हटाने वाले अपने नुकसान के होंगे जिम्मेदार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नरैनी।** मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। कुछ ऐसा ही हाल है अतिक्रमण का। प्रशासन एक तरफ अतिक्रमण हटाता है और दूसरी तरफ अतिक्रमण की बेल फिर से फूट जाती है। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पंचायत व राजस्व विभाग की टीम ने आज कालिंजर रोड पर पहुंचकर चौराहे से चिन्हिकरण किया गया। चेतावनी दी कि स्वतः अतिक्रमण हटा ले अन्यथा जेसीबी मशीन से शनिवार को बल पूर्वक हटवाया जायेगा। ज्ञात हो कि अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर विगत दिनों पूर्व तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने व्यापारियों के साथ बैठक ली थी जिसमें शुक्रवार को अतिक्रमण वाले स्थानों का चिन्हीकरण किए जाने के आदेश दिया था उसी क्रम में आज नगर



पंचायत अधिशासी अधिकारी ब्रजकिशोर सिंह व नायब तहसीलदार यशपाल यादव, सदर लेखपाल लालमन सिंह सहित नगर पंचायत की टीम ने मुख्य चौराहे से कालिंजर मार्ग तक कलई डालकर चिन्हीकरण किया है अधिशासी अधिकारी ने दुकानदारों को हिदायत दी गई कि नाले के अंदर ही अपनी-अपनी दुकान लगाये आज नाले के बाहर किए गए अतिक्रमण को स्वतः हटा ले अन्यथा शनिवार को जेसीबी के द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। यह भी कहा गया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान होने वाले नुकसान का अतिक्रमणकारी खुद ही जिम्मेदार होंगे। कहा कि अतिक्रमण किसी दशा में नहीं होने दिया जाएगा।

# 11 भाषाओं में श्रद्धालुओं के लिए मददगार होगा एआई चैटबॉट

## सीएम योगी के विरासत और विकास के विजन को साकार करेगा कुम्भ सहायक

### नेवीगेशन, पार्किंग व रुकने के स्थान समेत हर जानकारी देगा एआई जेनरेटिव चैटबॉट






लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल महाकुम्भ की संकल्पना को साकार करते हुए शुक्रवार को चैट बॉट कुम्भ सहायक लॉन्च कर दिया है। इस चैट बॉट का उद्देश्य महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुविधाजनक बनाना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुम्भ को पहले की तुलना में अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। इसी के साथ उन्होंने अफसरों को डिजिटल महाकुम्भ को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को महाकुम्भ से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैट बॉट कुम्भ सहायक का शुभारंभ किया।चैट बॉट कुम्भ सहायक देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुम्भ से जुड़ी सभी जानकारियां पलक झपकते उपलब्ध करा देगा। यह कुम्भ सहायक 11 भाषाओं में श्रद्धालुओं का मददगार साबित होगा। यह श्रद्धालुओं को नेवीगेशन, पार्किंग व रुकने के स्थान समेत हर जानकारी सेकेंडों में उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसे आसानी से अपने मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है। इससे बोलकर या लिखकर अपने सवाल पूछ सकते हैं। साथ ही जवाबों को अपनी भाषा में सुन भी सकते हैं।

## बड़े हनुमान जी के श्रीचरणों में नतमस्तक पीएम मोदी ने 'भक्ति की शक्ति' का किया आह्वान



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए बतौर प्रमुख यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान मंदिर में जाकर प्रभु हनुमान के श्रीविग्रह के आगे शीश झुकाकर विधिवत पूजन-अर्चन किया। ज्ञान-भक्ति, शक्ति व सर्व सिद्धि प्रदाता चिरंजीवी प्रभु हनुमान के समक्ष महाकुम्भ-2025 को सफल बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जलाचमन, सिंदूर-लाल चंदन, नैवेद्य व माला अर्पण कर सनातन शक्ति के जागरण का आह्वान किया। उन्होंने धूप-दीप अर्पण के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी प्रभु बड़े हनुमान के श्रीचरणों में अर्पित की। यह सर्व विदित है कि प्रत्येक वर्ष प्रभु हनुमान के इस चमत्कारी विग्रह का स्वयं मां गंगा स्नान करती हैं। ऐसे में, महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भक्ति की शक्ति को जागृत करने का कार्य तीर्थराज प्रयागराज में पूजन- अर्चन के जरिए किया।

## पीएम ने कॉरीडोर का किया निरीक्षण विभिन्न पहलुओं की ली जानकारी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री मोदी ने बड़े हनुमान मंदिर के नवनिर्मित कॉरीडोर का भी निरीक्षण किया। इस कॉरीडोर में 38.19 करोड़ की लागत से पहले फेज का कार्य पूरा हो गया है। ऐसे में, उन्होंने 3डी मॉडल देखकर कॉरीडोर के लेआउट संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने विशेषतौर पर महाकुम्भ के अवसर पर यहां दर्शन करने आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने को लेकर हुए प्रयासों की जानकारी ली और समस्त प्रक्रियाओं की विवेचना की। इस दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी अमित पाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को ब्रीफ किया। बड़े हनुमान मंदिर पर पीएम मोदी के साथ ही पूजन-अर्चन प्रक्रिया में सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा डिप्टी सीएम केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।

### प्रमुख विशेषताएं

1. व्यक्तिगत कुम्भ तस्वीर को बना सकते हैं यादगारः श्रद्धालु अपनी तस्वीर अपलोड करके महाकुम्भ की पृष्ठभूमि के साथ एक व्यक्तिगत तस्वीर प्राप्त कर सकते हैं। जिसे वे कुम्भ मेले के यादगार के रूप में सहेज एवं शेयर सकते हैं।
2. आध्यात्मिक गुरुओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी ले सकते हैंः श्रद्धालु महाकुम्भ का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व, प्रमुख तिथियां भी इसकी मदद से जान सकते हैं। साथ ही आध्यात्मिक गुरुओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### इन भाषाओं में चैट बॉट देगा जवाब

हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, मराठी, पंजाबी, बंगाली, उर्दू

## संत-महात्माओं से मिले पीएम, लिया आशीर्वाद



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाकुम्भ नगर (प्रयागराज) में संगम पर पूजन के बाद संतों और महात्माओं से मिले और आशीर्वाद लिया। उन्होंने संत, महात्माओं से हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए भव्य, दिव्य महाकुंभ में आप सभी का सहयोग कर रहेगा तो महाकुंभ का आयोजन और भव्य, दिव्य होगा। सभी संतों ने एक स्वर में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज, अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी प्रबंधन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी विमलदेव आश्रम, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र पुरी, अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं जूना अखाड़ा के संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज, निर्मोही अखाड़ा के महंत राजेंद्र दास, आचार्य बाड़ा से स्वामी अच्युतप्रपन्नाचार्य महराज, स्वामी रामेश्वराचार्य महराज, महामंडलेश्वर स्वामी हिटलर महराज, महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास महराज सहित अन्य संत थे।

अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सनातन धर्म और संत, महात्माओं के प्रति उनकी आस्था और श्रद्धा अटूट रहती है इसलिए महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन होने से पूर्व तीर्थराज प्रयाग का पूजन के लिए एवं संतों से आशीर्वाद लेकर के विश्व में इस आयोजन की एक अलग पहचान बनाने के लिए आश्वस्त किया। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रृंगवेरपुर धाम में भगवान श्रीराम और निषादराज की प्रतिमा का लोकार्पण समारोह आनलाइन किया।

श्रृंगवेरपुर धाम के जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि प्रधानमंत्री की सनातन धर्म, संतों के प्रति अटूट स्नेह और श्रद्धा है इससे महाकुंभ को और ऊंचाई मिल रही है।

## महर्षि स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू



लोकमित्र ब्यूरो

**पश्चिम शरीरा,कौशांबी।** पश्चिम शरीरा स्थित महर्षि पब्लिक कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार की दोपहर तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुरू हो गया है इस खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राए प्रतिभाग करेंगे खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया प्रबंधक द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाएगी इस मौके पर विद्यालय के स्टाफगणो में भास्कर सिंह अंशु सिंह सुरेखा सिंह सकेंद्र कुमार बसंत लाल उमेश यादव पीयूष पांडे कुलदीप तिवारी शिवप्रसाद परवीन बानो रेनू चौरसिया आंचल श्रीवास्तव रेशमा बानो आदि लोग उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज ने ठाना है, कुरीति मिटाना है

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर लच्छीपुर के निकट स्थित संडौरा गांव में गत दिनों ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसमें उपस्थित समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि वे सभी संस्कारों में वही कार्य करेंगे जो शास्त्र में कही गई है। कुछ वर्षों से जो कुरीतियां समाज में आ गई हैं उसे दूर करेंगे।

उक्त गांव निवासी पण्डित कृष्ण कुमार तिवारी की माताजी का कुछ दिन पहले निधन हो गया था। दशगात्र के दिन जुटे ब्राह्मणों ने कहाकि डेढ़ -दो दशक से ब्राह्मण समाज में कई कुरीतियों ने स्थान बना लिया है। परिणामस्वरूप शास्त्र में जो कार्य वर्जित हैं समाज उसी रास्ते पर चलकर हंसी का पात्र बन रहा है। यह बहुत ही चिन्ता का विषय है। एकादशाह में मृतक के परिवार का अनाज खाना वर्जित है। हमारे पूर्वज इसका पालन भी करते थे। मगर इधर कुछ वर्षों से इस संस्कार में रसगुल्ला, समोसा, पकौड़ा, टिकिया जैसे अनाज से बनी चीजें खिलाई जा रही हैं। यह सभी चीजें संबंधित परिवार के घर में सूतक के दौरान ही हलवाई तैयार करता है।

## कौशांबी की बालिकाओं ने एथलेटिक्स में लहराया परचम

### फतेहपुर में आयोजित हुई मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशांबी ।** फतेहपुर जनपद में जिला स्टेडियम में आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कौशांबी की बालिकाओं ने एथलेटिक्स में परचम लहराते हुए जनपद का नाम रोशन किया है।

शुक्रवार को फतेहपुर में आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ फतेहपुर मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती सिंह ने किया। दौड़ बालिका वर्ग में 100 मीटर में प्राथमिक विद्यालय कटैया की रंजीता, 200 मीटर में माया प्राथमिक गौसपुर टिकरी प्रथम व 600 मीटर की दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय गौसपुर टिकरी की बालिका अनुष्का ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए जिले का नाम बढ़ाया है। चक्का फेंक व रिले दौड़ में भी कौशांबी के बच्चों ने दबदबा कायम रखते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया की समला देवी ने 600 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान, गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद बालिका वर्ग में भी कौशांबी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग के 600 मीटर रिले दौड़ में कौशांबी को प्रथम स्थान व 200 मीटर में तृतीय और लंबी कूद में तृतीय स्थान हासिल हुआ है। उच्च प्राथमिक विद्यालय गौसपुर टिकरी की अनुष्का को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का चैंपियन घोषित किया गया। मंडल में सभी में कौशांबी को चारों जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बच्चों के एथलेटिक्स प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन पर शिक्षकों ने संतोष जाहिर किया है। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस अवसर पर बच्चों के साथ गए जिला व्यायाम शिक्षक राजीव सिंह को अगले वर्ष होने वाले मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के लिए झंडा प्रदान किया गया। इस पर अवसर जिला व्यायाम शिक्षक सहित मानस मिश्रा, मनमोहन सिंह, मारुति नंदन त्रिपाठी, रामशंकर प्रजापति, शकील उद्दीन, नृपजीत सचान, सत्य प्रकाश आदि जिले के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई प्रेषित किया।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**महेवाघाट,कौशांबी।** महेवा घाट कोतवाली के टिकरा गांव निवासी लल्लन उर्फ लालवा उम्र 35 पुत्र सुंदरलाल लोधी शुक्रवार भोर 5ः00 बजे गांव के बाहर सोच क्रिया करने गया था वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया जैसे ही यह जानकारी परिवार जनों को पता चली तो कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची महेवा घाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पेंशनर्स दिवस का आयोजन 17 दिसम्बर को

**प्रयागराज।** मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज प्रत्यूष कुमार ने अवगत कराया है कि 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस का आयोजन संगम सभागार में अपरान्ह 02:30 बजे से किया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से स्वयं प्रतिभाग कर पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली हावडा रेल मार्ग पर धुमाई गांव के सामने संकरा बाबा मंदिर से पश्चिम द्यडीएफसी लाइन के पोल संख्या 349/30 डाउन लाइन पर शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे एक युवती का छिन्न भिन्न अवस्था में शव मिला, सूचना पर पहुंची अजुहा चौकी पुलिस शव शिनाख्त में जुट गई , पुलिस की मशक्कत के बाद सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई निवासी राम सिंह ने युवती की शिनाख्त अपनी पुत्री खुशबू 25 वर्ष के रूप में की।रामसिंह ने बताया कि वह अजुहा नवीन मंडी में मजदूरी करता है। आज शाम घर पहुंचा तो उसके बच्चे विवाद कर रहे थे। पुत्री खुशबू को जोर से डांट फटकार दिया। और सब लोग अपने कार्य में व्यस्त हो गए थोड़ी देर बाद देखा तो उसकी पुत्री खुशबू घर में नहीं दिखाई दी सब घर के लोग ढूंढने लगे। ढूंढते ढूंढते पुलिस द्वारा जानकारी मिली कि एक युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। घटनास्थल पर जाकर देखा तो उसकी पुत्री खुशबू ही थी ।वहीं शिनाख्त होने पर चौकी पुलिस ने राहत की सांस ली है और युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कागजी कार्रवाई में जुट गई है। वहीं युवती की मौत से घर में कोहराम मच गया ।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड का कटा पैर

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू कौशांबी।** दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के सिराथू कस्बे में बीती शाम रेलवे ट्रैक पार कर रहा अधेड ट्रेन की चपेट में आ गया हादसे में अधेड़ का पैर कट गया आसपास मौजूद रहे लोगों ने अधेड को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया ।

बताया जाता है कि प्रयागराज जनपद के बैरहना निवासी अजीत सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह 45 वर्ष प्राइवेट कंपनी में फाइनेस का काम करता है , अजीत सिंह शुक्रवार को सिराथू आया था , शाम को वापस लौटते समय सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू में रेलवे ट्रैक पार कर रहा था इस दौरान अधेड अचानक चौरीचौरा ट्रेन की चपेट में आ गया और बायां पैर कट गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने अजीत सिंह को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।

## ग्राम प्रधान द्वारा गरीबों को वितरित किया गया कम्बल



लोकमित्र ब्यूरो

**नारीबारी (प्रयागराज)।** बारा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरो गन्ने में ग्राम प्रधान बैजनाथ आदिवासी द्वारा असहाय गरीब लोगों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल का वितरण प्रत्येक परिवार में किया गया। कम्बल पाते ही गरीबों के चेहरे पर रौनक आ गई । उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान बैजनाथ, अमरजीत, भूपेंद्र,पुष्पेंद्र, राज जायसवाल, आदित्य, बबलू, सोनाकली,किशोरीलाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।